CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, गुरुवार, 31 जुलाई 2025 । वर्ष – 35 । अंक – 92 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 4.00 रु



केंद्र सरकार मनोवैज्ञानिक रूप से झूठी पृष्ठ 3

■ राहुल : आज के साथ भविष्य के नागरिकों की चिंता
■ प्राकृतिक व जैविक खेती ही समाधान पृष्ठ 4

■ फिलिस्तीन को देश की मान्यता दे सकता है ब्रिटेन
■ रूस में शक्तिशाली भूकंप के बाद कई देशों ने सुनामी की चेतावनी जारी की पृष्ठ 9

आईसीसी रैंकिंग : अभिषेक शर्मा बने टी-20 फॉर्मेट के नंबर-1 बल्लेबाज पृष्ठ 10

# प्रदेश में कृषि भूमि बाजार मूल्य निर्धारण के नियमों में बदलाव



कैबिनेट की बैठक

■ भूमि अधिग्रहण संबंधी विवादों की संख्या में आएगी कमी

■ किसानों को मिल सकेगा न्यायसंगत मुआवजा

■ अधिग्रहण से प्रभावित हितग्राहियों के हित में ऐतिहासिक कदम : साय

**रायपुर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

मंत्रीपरिषद की बैठक में वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग के एक महत्त्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। यह प्रस्ताव राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों की कृषि भूमि के बाजार मूल्य निर्धारण से संबंधित है, जिसमें किसानों, भू-अर्जन से प्रभावित हितग्राहियों और राजस्व से जुड़े मामलों में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने का प्रयास किया गया है। अनुमोदित प्रस्ताव के तहत ग्रामीण कृषि भूमि के बाजार मूल्य की गणना के लिए 500 वर्गमीटर तक के भू-खण्ड की दर को समाप्त करते हुए सम्पूर्ण रकबा की गणना हेक्टेयर दर से की जाएगी। भारतमाला परियोजना और बिलासपुर के अरपा भैंसाझार में जिस तरह की अनियमितताएँ सामने आई थीं, उनसे बचने के लिए यह व्यवस्था मददगार होगी। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र की परिवर्तित भूमि का मूल्यांकन सिंचित भूमि के ढाई गुना करने के प्रावधान को विलोपित करने के साथ ही शहरी सीमा से लगे ग्रामों की भूमियों और निवेश क्षेत्र की भूमियों के लिए वर्गमीटर में दरों का निर्धारण किया जाएगा। इस प्रस्ताव के लागू होने से भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलों में विवादों की संख्या घटेगी और किसानों को पारदर्शी और न्यायसंगत मुआवजा मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि यह निर्णय नीति निर्माण की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है। उन्होंने इस निर्णय को किसानों और भूमि अधिग्रहण से प्रभावित हितग्राहियों के हित में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। उनका मानना है कि गाइडलाइन दरों की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाकर हम न सिर्फ किसानों को न्याय दिलाएंगे बल्कि राज्य की विकास परियोजनाओं की रफ्तार को भी गति देंगे। यह बदलाव राज्य में भूमि मूल्य निर्धारण की प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सरल और विवाद-मुक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास होगा।

मंत्रिपरिषद द्वारा भारत सरकार के खान मंत्रालय के नवीन दिशा-निर्देश और प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना पीएमकेकेकेवाय-2024 के संशोधित गाईडलाईन्स के अनुसार छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015 में आवश्यक संशोधन किये जाने का निर्णय लिया गया है। इससे न्यास के पास उपलब्ध राशि का न्यूनतम 70 प्रतिशत राशि का व्यय उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्र जैसे पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल कल्याण, वृद्ध एवं नि:शक्तजन के कल्याण के साथ ही कौशल विकास एवं रोजगार, स्वच्छता, आवास, पशुपालन के समग्र विकास पर किया जाएगा।

मंत्रिपरिषद द्वारा साधारण रेत के उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण तथा रेत के उत्खनन एवं नियमन में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम 2019 एवं छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत उत्खनन एवं व्यवसाय (अनुसूचित क्षेत्र हेतु) नियम 2023 को निरसित करते हुए नवीन नियम ''छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम-2025'' का अनुमोदन किया गया। इससे रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन ➪ शेष पृष्ठ 2 पर ➪

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया ऐलान

# भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएगा अमेरिका

■ रूस से संबंधों को लेकर नाराजगी

■ यह फैसला 1 अगस्त से लागू होगा

**वॉशिंगटन**, 30 जुलाई (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को भारत से होने वाले आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ और अतिरिक्त दंडात्मक शुल्क लगाने का ऐलान किया है। यह फैसला 1 अगस्त से लागू होगा। यह घोषणा ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रूथ सोशल' पर की। ट्रंप ने कहा कि यह निर्णय भारत द्वारा रूस से सैन्य उपकरण और ऊर्जा खरीदने को लेकर भी लिया गया है। ट्रंप ने कहा, याद रखिए, भले ही भारत हमारा मित्र है, लेकिन वर्षों से हमने भारत के साथ अपेक्षाकृत बहुत कम व्यापार किया है, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत अधिक हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमेरिका को भारत के साथ व्यापार घाटे का सामना करना पड़ रहा है। यह घोषणा ऐसे समय में आई है, जब भारत और अमेरिका के बीच पिछले कुछ महीनों से व्यापार समझौते को लेकर बातचीत चल रही थी, लेकिन अब तक कोई अंतरिम या सीमित समझौता (मिनी ट्रेड डील) नहीं हो सका है।

**रूस से हथियार खरीदने पर नाराज**–ट्रंप ने यूक्रेन युद्ध के बीच भारत द्वारा रूस से हथियार और ऊर्जा खरीद जारी रखने की आलोचना की। उन्होंने कहा, भारत हमेशा से रूस से अधिकांश सैन्य आपूर्ति खरीदता आया है और चीन के साथ मिलकर रूस से ऊर्जा खरीदने वाला सबसे बड़ा खरीदार है। ऐसे समय में जब पूरी दुनिया चाहती है कि रूस यूक्रेन में हत्याएं बंद करे, ये चीजें बिल्कुल भी अच्छी नहीं हैं।

**भारत को जुर्माना भी देना होगा**

ट्रंप ने अपने पोस्ट में लिखा, ये सब अच्छी चीजें नहीं हैं! इसलिए भारत को 25 प्रतिशत टैरिफ देना होगा, साथ ही उपरोक्त कारणों को लेकर जुर्माना भी देना होगा, जो 1 अगस्त से लागू होगा। इस विषय पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद। इससे पहले भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले सप्ताह कहा था कि अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है।

## सार संक्षेप

### पुंछ में सेना ने दो आतंकियों को किया ढेर

**जम्मू।** भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर एक सफल आतंकवाद-रोधी अभियान चलाया। इस अभियान को 'ऑपरेशन शिवशक्ति' नाम दिया गया है। इस ऑपरेशन में सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया है, जो सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। इस ऑपरेशन में तीन हथियार भी बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की सटीक और समन्वित खुफिया जानकारी के आधार पर की गई। व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है। एक्स पोस्ट में लिखा है, 'हमारी सतर्क सेना ने सटीक टारगेट के साथ त्वरित कार्रवाई से आतंकियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया।'

### सरकार में ट्रंप को झूठा कहने की हिम्मत नहीं : खरगे

**नई दिल्ली।** लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जवाब में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम का जिक्र न होने पर कांग्रेस पार्टी फिर हमलावर है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि उनमें इतनी हिम्मत नहीं है कि वे ट्रंप को झूठा कह सकें।

### लालू यादव को झटका, याचिका पर जल्द सुनवाई से इंकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है, जिसमें उन्होंने जमीन के बदले नौकरी घोटाले में दर्ज सीबीआई की एफआईआर को खारिज करने की मांग की थी। लालू यादव ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें हाई कोर्ट ने उनकी याचिका पर जल्द सुनवाई करने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने अब हाई कोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कहा कि वह इस मामले में फिलहाल दखल नहीं देगा।

### गोवा में 212.85 करोड़ से अधिक की संपत्तियां कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पणजी स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने गोवा में 212.85 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। ईडी ने पीएमएलए, 22 के प्रावधानों के तहत गोवा राज्य के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर स्थित अचल संपत्तियों पर ये कार्रवाई की है।

# प्रदेश के आठ आईपीएस अधिकारियों का तबादला

**रायपुर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने 8 आईपीएस अफसरों का तबादला किया है। गृह विभाग से जारी आदेश के मुताबिक, आईपीएस ईशु अग्रवाल रायपुर आजाद चौक सीएसपी होंगे। धर्मेंद्र सुमंत कुमार को राजनांदगांव से सरगुजा भेजा गया है। आईपीएस मयंक मिश्रा को सरगुजा से रायगढ़, आईपीएस हर्षित मेहर को रायगढ़ से दुर्ग भेजा गया। राहुल बंसल को दुर्ग से सरगुजा, वांसल जैन को पुलिस मुख्यालय से राजनांदगांव, अभिषेक चंद्रवेद्ती को रायपुर से धमतरी, गगन कुमार को बस्तर से बिलासपुर भेजा गया है।

# दो दिन दिल्ली दौरे पर रहेंगे मुख्यमंत्री साय



**रायपुर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज से 2 दिवसीय दिल्ली दौरे पर रहेंगे। इस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री के दिल्ली दौरे से एक बार फिर कैबिनेट विस्तार की अटकलें तेज हो गई है। दिल्ली रवाना होने से पहले सीएम साय ने कहा, दिल्ली में आज छत्तीसगढ़ के सांसदों से मुलाकात होगी। कल केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की जाएगी। संसद सत्र के चलते जो मंत्री मिलेंगे उनसे मुलाकात करेंगे। दुर्ग जिले में दो नन की गिरफ्तारी पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, पुलिस अपना काम कर रही है। केरल से आए डेलिगेशन ने मुलाकात की संगठन के लोगों ने भी मुलाकात की है। इस मामले पर विस्तार से चर्चा की गई है।

# सुरेंद्र कोली व पंढेर को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के नोएडा में 2006 में हुए निठारी सिलसिलेवार हत्या मामलों के आरोपी सुरेंद्र कोली को बरी करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की 14 अपीलें बुधवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा तथा न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने सीबीआई की याचिकाएं खारिज कर दीं। पीठ ने कहा, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कोली को बरी करने के आदेश के निष्कर्षों में कोई कमी नहीं है।

राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा

# विपक्ष ने पहलगाम हमले में सुरक्षा चूक पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली**, 30 जुलाई (एजेंसियां) विपक्षी दलों के सदस्यों ने राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा के दूसरे दिन भी पहलगाम आतंकवादी हमले में सुरक्षा चूक के मुद्दे तथा भारत-पाकिस्तान सैन्य कार्रवाई को रूकवाने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर सरकार को घेरा। तृणमूल कांग्रेस की डोला सेन ने 'पहलगाम में आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के मजबूत, सफल एवं निर्णायक आपरेशन सिंदूर' पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि पहलगाम हमला सुरक्षा चूक के कारण हुआ जिससे लोगों की नृशंस हत्या हुई। उन्होंने कहा कि इसकी जवाबदेही किसकी है। क्या गृहमंत्री इसका जवाब देंगे उन्होंने पूछा कि क्या पहलगाम की घटना की सच्चाई का कभी पता चल सकेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी नीतियों से आतंकवाद को बढावा दे रही है। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि इससे पहले जनमत संग्रह कराया जाना चाहिए था। तृणमूल सदस्य ने कहा कि इस हमले के बाद से कश्मीर में पर्यटन ठप हो गया है। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के सैन्य कार्रवाई रूकवाने के दावे पर प्रधानमंत्री की चुप्पी पर भी सवाल उठाया।

ट्रंप के दावों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर भी सवाल उठाए

**आतंकवादी हमला देश की सामूहिक पीड़ा: मनोज झा**

राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा ने पहलगाम आतंकवादी हमले को देश की सामूहिक पीड़ा बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल हमले में मारे गए 26 व्यक्तियों के परिवारों की पीड़ा नहीं, बल्कि पूरे देश की पीड़ा है। झा ने कहा कि हमने प्रश्न सरकार से किए हैं; हमारा प्रश्न भारत माता से नहीं है, न ही सेना से।

**इस्तीफा कौन देगा–क्या नेहरू इस्तीफा देंगे: राउत**

शिवसेना (उबाठा) के संजय राउत ने पहलगाम हमले के लिए गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि कश्मीर की सुरक्षा केंद्र के पास है फिर भी पहलगाम हमला हो गया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल ने खुफिया तंत्र की विफलता की बात की है तो इस्तीफा कौन देगा–क्या नेहरू इस्तीफा देंगे?

**आतंकवादी घटनाओं में कमी आई : नड्डा**

राज्य सभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में पिछले 11 वर्षों में जम्मू कश्मीर को छोड़कर शेष देश में आतंकवादी हमले बंद हो गए हैं।

# गांजा परिवहन मामले में तस्कर को 12 साल की सजा



**महासमुंद**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। मादक पदार्थ गांजा परिवहन के मामले में अपराध दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश सुश्री संघपुष्पा भतपहरी ने म.प्र के सिहोर के वार्ड नंबर 8 निवासी मुकेश बंजारा पिता उमराव बंजारा 39 साल को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) (।।) (सी) के तहत 12 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर एक वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार 12 जुलाई 24 को कोमाखान थाना क्षेत्र के पुलिस पार्टी रात्रि पेट्रोलिंग एवं जुर्म पतासाजी के लिए घोयनाबाहरा, सुअरमाल, चंदरपुर की ओर रवाना हुए थे। उसी समय मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नीले रंग के एसपी साइन मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 41 जेडई 8624 में ओडिशा की ओर से अवैध रूप से गांजा रखकर विक्रय के लिए आ रहा है। सूचना पर टेमरी नाका पहुंचकर घेराबंदी किया गया। कुछ देर बाद मुखबिर के बताए मोटरसाइकिल पहुंचा जिसमें एक व्यक्ति बैठा हुआ था और अपने साथ दो नग प्लास्टिक नीले रंग के बड़े ड्रंम को मोटरसाइकिल में बांधा हुआ था। उसे रोका गया ➪ शेष पृष्ठ 2 पर ➪

# ईडी की मोक्षित कॉर्पोरेशन के ठिकानों पर छापेमारी



650 करोड़ के घोटाले से जुड़ा मामला

**रायपुर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। दुर्ग जिले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय ईडी टीम ने मोक्षित कॉर्पोरेशन के कई ठिकानों पर व्यापक छापेमारी की यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड सीजीएमएससी में हुए 650 करोड़ रुपये से अधिक के कथित घोटाले से जुड़ी बताई जा रही है जिसने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है सूत्रों के मुताबिक ईडी की टीम ने दुर्ग में मोक्षित कॉर्पोरेशन के तीन आवासीय परिसरों और कार्यालयों पर एक साथ छापा मारा इस कार्रवाई में दो दर्जन से अधिक अधिकारियों के साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ;सीआरपीएफ के जवान भी भारी संख्या में मौजूद थे सुरक्षा के लिहाज से परिसर को चारों ओर से घेर लिया गया और किसी भी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी गई आज की कार्रवाई में ईडी की टीम एक दर्जन गाड़ियों में सवार होकर पहुंची और तुरंत कार्यालय व आवासीय परिसरों में दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी छापेमारी की खबर फैलते ही इलाके में लोगों की भीड़ जमा हो गई अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कार्रवाई में क्या बरामद हुआ है लेकिन माना जा रहा है कि जांच पूरी होने के बाद एजेंसियां आधिकारिक बयान जारी करेंगी ➪ शेष पृष्ठ 2 पर ➪

पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड मामले में बड़ी कार्रवाई

# पुलिस ने पीडब्लूडी विभाग के 5 अफसरों को किया गिरफ्तार

**बीजापुर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में गंगालूर से मिरतुर तक बन रही सड़क में भारी भ्रष्टाचार की परतें अब खुलने लगी हैं। इस निर्माण कार्य में अनियमितताओं के चलते पुलिस ने लोक निर्माण विभाग के दो सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता एक वर्तमान ईई एक एसडीओ और एक सब.इंजीनियर को गिरफ्तार कर लिया है। जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र यादव ने इस कार्रवाई की पुष्टि की है। यह कार्रवाई पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या की चल रही विशेष जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर की गई है। सभी आरोपियों को दो दिन की न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है और उनसे लगातार पूछताछ जारी है।

**मुकेश की हत्या ने खोला भ्रष्टाचार का मामला**–गौरतलब है कि मुकेश चंद्राकर ने गंगालूर.मिरतुर सड़क निर्माण में हो रही गड़बड़ियों को उजागर किया था। इसी वजह से उनकी हत्या की गई थी। 1 जनवरी की रात से लापता रहे मुकेश चंद्राकर का शव 3 जनवरी को चट्टनपारा बस्ती में रिश्तेदार ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के मजदुरों के लिए बनाए गए बाड़े के सेप्टिक टैंक से बरामद हुआ था। इस मामले में उनके सुरेश चंद्राकर और उनके दो भाई रितेश और दिनेश चंद्राकर सहित ➪ शेष पृष्ठ 2 पर ➪

अंतरिक्ष में भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धि

# उपग्रह 'निसार' सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित

**श्रीहरिकोटा**, 30 जुलाई (एजेंसियां)। भारत-अमेरिका अंतरिक्ष कूटनीति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए भारत के जीएसएलवी-एफ-16 राकेट ने नासा और इसरो द्वारा संयुक्त रूप से विकसित पहले पृथ्वी अवलोकन उपग्रह निसार को सफलतापूर्वक उसकी कक्षा में स्थापित कर दिया। भू-समकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी)-एफ16 राकेट ने इस 2,392 किलोग्राम वजनी निसार उपग्रह को लेकर आंध्र प्रदेश स्थित रॉकेट पोर्ट के दूसरे लॉन्च पैड से शाम 5.40 बजे उड़ान भरी और19 मिनट की उड़ान के बाद, रॉकेट ने उपग्रह को भूमध्य रेखा से 98.405 डिग्री के झुकाव के साथ 743 किलोमीटर की सूर्य-तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा में स्थापित कर दिया। इसरो ने प्रक्षेपण के बाद कहा, निसार उपग्रह अलग हो गया। जीएसएलवी-एफ16 निसार मिशन सफलतापूर्वक पूरा हुआ। इसरो ने एक्स पर एक पोस्ट में, ➪ शेष पृष्ठ 2 पर ➪

# एसआईआर विवाद : संसद के बाहर विपक्ष ने किया जोरदार विरोध

■ भाजपा ने एसआईआर का किया स्वागत

**नई दिल्ली**, 30 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर संसद में लगातार गतिरोध बना हुआ है। बुधवार को कांग्रेस समेत विपक्ष के लगभग सभी दलों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। सोनिया गांधी ने एसआईआर के खिलाफ इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया। समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद धर्मेंद्र यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष उसके मंसूबों को सफल नहीं होने देगा। वहीं, सपा सांसद आनंद भदौरिया ने मांग की कि सरकार चुनाव आयोग से कहे कि एसआईआर प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए और इस पर संसद में चर्चा कराई जाए। सीपीआई (एमएल) के सांसद राजा राम सिंह ने आरोप लगाया कि एसआईआर भाजपा की साजिश है, जिसके जरिए गरीबों, प्रवासी मजदूरों और महिलाओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि इस प्रक्रिया को रद्द किया जाए और संसद में इस पर विस्तृत चर्चा हो। विपक्ष के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने जवाब देते हुए कहा कि एसआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है। 2003 और 2006 में भी यह प्रक्रिया अपनाई गई थी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है और वही इस प्रक्रिया का निर्णय करता है।

आतंकवाद — संयुक्त राष्ट्र रिपोर्ट में आया टीआरएफ का नाम

# पहलगाम हमले के लिए टीआरएफ जिम्मेदार

**न्यूयॉर्क, 30 जुलाई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की एक रिपोर्ट में पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान में सक्रिय द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) की भूमिका का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है।**

*परिषद की 1267 प्रतिबंध समिति निगरानी दल (एमटी) रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र की ऐसी पहली रिपोर्ट है जिसमें टीआरएफ को आतंकवादी संगठन बताते हुए इसे सीधे पाकिस्तान के आतंकवादी नेटवर्क से जोड़ा गया है। यह घटनाक्रम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस समिति के सभी फैसलों पर परिषद के सदस्यों की सर्वसम्मति होती है। इस साल 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पर्यटक मारे गए थे। पाकिस्तान ने रिपोर्ट में आए टीआरएफ के जिक्र को पहले दबाने की कोशिश की थी और उसके विदेश मंत्री इशहाक डार ने पाकिस्तान की संसद में गलत दावा किया कि पहलगाम हमले की निंदा वाले परिषद के बयान में टीआरएफ का उल्लेख उनकी कोशिशों के बाद हटा दिया गया है।*

***एक आतंकवादी समूह के रूप में होगी***

*पाकिस्तान के लिए यह काफी अपमानजनक है कि एमटी रिपोर्ट में टीआरएफ को शामिल किया गया है और साथ ही क्षेत्रीय आतंकवाद मामले में पाकिस्तान की संलिप्तता को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देखा गया है। यह रिपोर्ट 2019 के बाद संरा का ऐसा पहला दस्तावेज है जिसमें लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तान में सक्रिय आतंकी समूहों के साथ टीआरएफ के संबंधों की पुष्टि की गई है। इसका रिपोर्ट का असर यह होगा कि संरा के ढाँचे के तहत टीआरएफ की पहचान एक आतंकवादी समूह के रूप में होगी। इससे संरा के सभी सदस्य देशों पर 1267 व्यवस्था के तहत टीआरएफ और उससे संबंध रखने वाले लोगों या संस्थाओं के खिलाफ संपत्ति की जब्ती, यात्रा, वित्तीय और हथियार बेचने पर रोक सहित दूसरे तरह के प्रतिबंधों को लागू करने की जिम्मेदारी आ जाएगी।*

***लश्कर-ए-तैयबा से संबंधों का भी जिक्र***

*रिपोर्ट का दक्षिण एशिया खंड पहलगाम हमले से शुरू होता है। इसमें टीआरएफ के हमले की जिम्मेदारी लेने और बाद में उससे मुकरने का जिक्र है। इसमें उसके लश्कर-ए-तैयबा से संबंधों का भी बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया* ➪ शेष पृष्ठ 2 पर ➪

# मुंगेली-लोरमी बायपास की बदहाल सड़क पर फूटा जनआक्रोश

## युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन, 15 दिन में कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो होगा आंदोलन



**मुंगेली**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। शहर की प्रमुख और व्यस्ततम सड़क पड़ाव चौक से लोरमी बायपास की जर्जर स्थिति को लेकर अब जनता का आक्रोश तेज़ हो रहा है। इसी कड़ी में युवा कांग्रेस के नेतृत्व में आज एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश छैदईया ने कहा कि यह मार्ग आम नागरिकों, स्कूली बच्चों, व्यापारी वर्ग और ग्रामीण अंचल के यात्रियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, किंतु वर्तमान में इसकी हालत बेहद चिंताजनक है।उन्होंने बताया कि विगत वर्षों में इस मार्ग की 15 से अधिक बार नापजोख की गई, कई बार अधिकारियों की बैठकें भी हुईं, लेकिन आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला। सड़क पर बार-बार मरम्मत कार्य हुए, जिनमें लाखों-करोड़ों रुपए खर्च हुए, परंतु वे सभी केवल अस्थायी समाधान बनकर रह गए।

**प्रमुख मांगे**- सड़क के चौड़ीकरण एवं पूर्ण पुनर्निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ कर कार्य प्रारंभ की स्पष्ट समय-सीमा तय कर उसे सार्वजनिक किया जाए।

यदि किसी प्रकार की प्रशासनिक या तकनीकी बाधा है, तो वह जानकारी जनहित में साझा की जाए। युवा कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यदि अगले 15 दिनों में कार्य प्रारंभ नहीं होता, तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत करेगा और कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

ज्ञापन सौंपते समय जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मीकांत भास्कर ने भी जनदर्शन में टेढ़ाधौरा से केस्तरा मार्ग और करही से खेड़ा जाने वाले मार्ग की बदहाल स्थिति का मुद्दा उठाया और इनके शीघ्र मरम्मत की मांग की।

इस अवसर पर राजेश छैदईया, लक्ष्मीकांत भास्कर, अभिलाष सिंह, अलीम मिर्जा, हरीश साहू, योगेश्वर सिंह, नानू ठाकुर, अनीता विश्वकर्मा, अजय यादव, मंतराम यादव, सागर सोनी, आयुष ठाकुर, अजय गर्ग, मनीष साहू, सोनू मनहर, वीरेंद्र यादव, देव साहू सहित युवा कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**न्यायालय -मो. जहाँगीर तिगाला, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला बेमेतरा, ( छ.ग. )**
**संख्यांक वाद के निपटारे के लिए समन**
**( आदेश 5 नियम 1 और 5 व्य.प्र.सं. )**
**व्य.वा.क. 10अ/2023 प्रो.कृ-261/25**

पात्रे कुमार वगै - वादीगण
ओमप्रकाश वगैरह- प्रतिवादीगण

**बनामः-**

01. ममता पिता गिरवरदास सतनामी, पति भानु सतनामी, निवासी-बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**पात्रे कुमार व 01 अन्य** ने आपके विरूद्ध दावा वास्ते घोषणा बंटवारा, पृथक, कब्जा एवं स्थाई निषेधाज्ञा बाबत् का मुकदमा दायर किया है। आपको इस न्यायालय में पेशी तारीख 17.08.2025 को दिन में 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान् प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यदि पेशी तारीख को किसी कारणवश अवकाश रहता है तो आगामी कार्य दिवस पर सुनवाई की जायेगी।

यह आज तारीख 07.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**( मो. जहाँगीर तिगाला )**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
मुहर **बेमेतरा, जिला-बेमेतरा ( छ.ग. )**

**न्यायालय -मो. जहाँगीर तिगाला, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जिला बेमेतरा, ( छ.ग. )**
**संख्यांक वाद के निपटारे के लिए समन**
**( आदेश 5 नियम 1 और 5 व्य.प्र.सं. )**
**व्य.वा.क. 10अ/2023 प्रो.कृ-260/25**

पात्रे कुमार वगै - वादीगण
ओमप्रकाश वगैरह- प्रतिवादीगण

**बनामः-**

01. विमल बाई पिता गिरवरदास सतनामी, पति संतोष सतनामी, निवासी-दाउपारा / सतनामीपारा मुंगेली, तह. व जिला मुंगेली (छ.ग.)

**पात्रे कुमार व 01 अन्य** ने आपके विरूद्ध दावा वास्ते घोषणा बंटवारा, पृथक, कब्जा एवं स्थाई निषेधाज्ञा बाबत् का मुकदमा दायर किया है। आपको इस न्यायालय में पेशी तारीख 17.08.2025 को दिन में 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान् प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यदि पेशी तारीख को किसी कारणवश अवकाश रहता है तो आगामी कार्य दिवस पर सुनवाई की जायेगी।

यह आज तारीख 07.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**( मो. जहाँगीर तिगाला )**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
मुहर **बेमेतरा, जिला-बेमेतरा ( छ.ग. )**

**न्यायालय- ( द्विजेन्द्र नाथ ठाकुर ) पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग, जिला- दुर्ग ( छ.ग. )**
**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स**
**( व्यवहार प्रक्रिया संहित, आदेश 5 नियम 1 और 5 )**

वाद क्रमांक- क्र.- 57/2025 प्रो.क्र.- 42/2025
पेशी दिनांक- 22.08.2025
आवेदक- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा सेक्टर - 01, भिलाई, दुर्ग ( छ.ग. )
अनावेदक- मुकेश मिश्रा आ. श्री बसंत मिश्रा
बनाम- मुकेश मिश्रा आ. श्री बसंत मिश्रा निवासी- दाऊपारा चौक, हीरालाल, वार्ड नं.-18, मुंगेली, बिलासपुर- 495334 ( छ.ग. )

क्योंकि वादी/आवेदक ने आपके विरूद्ध दावा वास्ते रकम वसूली कीमती 643856/- का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 22 माह 08 सन् 2025 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अधिपत्य या शक्ति में है जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं, तो ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 29.07.2025 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**( द्विजेन्द्र नाथ ठाकुर )**
**पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
मुहर **दुर्ग, जिला- दुर्ग ( छ.ग. )**

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
## वि./यां.लाईट मशीनरी नलकूप एवं गेट संभाग
## बिलासपुर (छ.ग.)
## निविदा निरस्तीकरण आदेश

पत्र क्र. 8 / व.ले.लि./ 2025-26 बिलासपुर, दिनांक ......

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर के पत्र क्र. 3314/एफ-7-104/31/एस-2/2025 (निविदा) दिनांक 29.07.2025 के परिपालन में इस कार्यालय के निविदा सूचना क्र. 16/व.ले.लि./2024-25 दिनांक 24.03.2025 रायगढ़ जिले (सारंगढ-बिलाईगढ़)के विकासखण्ड बरमकेला अन्तर्गत सांकरा मेगा उद्वहन सिंचाई परियोजना का निर्माण कार्य (द्वितीय आमंत्रण)निविदा सिस्टम क्रं. 166246 को निविदा में प्रतिस्पर्धा का अभाव एवं निविदा-दर वर्तमान में प्राप्त हो रहे निविदा दर रूझानों के अनुरूप न होने के कारण निविदा निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्रं. जी 242506130/6 दिनांक 25.03.2025

**कार्यपालन अभियंता**
**वि./यां.लाईट मशीनरी**
**नलकूप एवं गेट संभाग**
**सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)**

जी- 252602481/4

## वन विभाग छत्तीसगढ़ बस्तर (सामान्य) वनमंडल, जगदलपुर
## ई-ऑक्शन विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, बस्तर सामान्य वनमंडल जगदलपुर के सरगीपाल काष्ठागार में दिनांक 01.08.2025 को इमारती काष्ठ का ई-ऑक्शन द्वारा निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि, ई-ऑक्शन में भाग लेकर डिपो में रखी वनोपज की भली-भांति अवलोकन कर ई-ऑक्शन से संबंधित जानकारी वनमंडल कार्यालय जगदलपुर अथव काष्ठागार सरगीपाल से कार्यालयीन दिवसों में प्राप्त किया जा सकता है। प्रस्तावित मात्रा में कमी या अधिकता हो सकती है, कृपया ई-ऑक्शन में बीड लगाने के पूर्व वनोपज का निरीक्षण करने के बाद बीड लगायें।

1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम.एस.टी.सी.ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूचि एवं फोटो एम.एस.टी.सी.ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते हैं।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा।

**काष्ठागार सरगीपाल ई-ऑक्शन समय 9.00 बजे प्रातः दिनांक 01.08.2025**
**काष्ठागार सरगीपाल नीलाम में रखे गये वनोपज की मात्रा**

| प्रजाति | वनोपज की मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | नया काष्ठ | | | पुराना काष्ठ | | |
| | घनमीटर (अनुमानित) | बल्ली | डेंगरी | घनमीटर | बल्ली | डेंगरी |
| सागौन | 189.000 | 5400 | 400 | 794.791 | 4461 | 2429 |
| साल | 585.000 | 50 | 30 | 2332.556 | 5 | 104 |
| बीजा | 17.000 | 0 | 0 | 82.355 | 7 | 0 |
| साजा | 12.000 | 0 | 0 | 36.999 | 0 | 4 |
| हल्दु | 3.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| शीशम | 0.000 | 0 | 0 | 1.663 | 0 | 0 |
| सिवना | 0.000 | 0 | 0 | 1.649 | 0 | 0 |
| तिंसा | 1.000 | 0 | 0 | 3.663 | 0 | 0 |
| नीलगिरी | 0.000 | 0 | 0 | 4.265 | 2 | 0 |
| धावड़ा | 14.000 | 0 | 0 | 41.550 | 0 | 0 |
| अन्य | 29.00 | 50 | 0 | 24.598 | 0 | 8 |
| पाईन | 0.000 | 0 | 0. | 0.000 | 0 | 0 |
| अकेशिया | 0.000 | 0 | 0 | 116.677 | 3547 | 1030 |
| मुलायम काष्ठ | 0.000 | 0 | 0 | 0.000 | 0 | 0 |
| योगः- | 850.000 | 5500 | 430 | 3524.525 | 8022 | 3575 |

नया मिश्रित जलाऊ चट्टा - 500 चट्टा
अविक्रित सागौन चट्टा - 315 चट्टा
अविक्रित अकेशिया चट्टा - 125 चट्टा
अविक्रित मिश्रित चट्टा - 03 चट्टा
अविक्रित औधोगिक बांस - 91.749 नो.टन

जी- 252602428/2

**वन मण्डलाधिकारी**
**बस्तर वन मंडल, जगदलपुर**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SABBIR BANDUKWALA S/O SHAIKH JUZER SHAKIR resident of HOUSE NO 31/248 WARD NO 31 SADAR BAZAR ABOVE BANDUKWALA SALES PRIVATE LIMITED BILASPUR (C.G.) 495001 have changed my old name SABBIR BANDUKWALA S/O SHAIKH JUZER SHAKIR so in future I should be recognized by my new name that is SHABBIR SHAKIR S/O SHAIKH JUZER SHAKIR in all Government and other documents.

**SHABBIR SHAKIR**
HOUSE NO 31/248 WARD NO 31 SADAR BAZAR ABOVE BANDUKWALA SALES PRIVATE LIMITED BILASPUR (C.G.) 495001

**NAME CHANGE**

I, DAYARAM S/o BAIGA, Resident of Manjhavarpara, Sarvamangal Nagar, Ward 45, Korba M.Corp, P.O-Gevra Basti, District-Korba, Chhattisgarh-495454, have changed my name to DESHI.

**NAME CHANGE**

I, MANOJ KUMAR SAHU S/o HIRA LAL SAHU, Resident of 034 Heira Tailors, Mohan Talkies Road, Near Church, Ward 48, P.O-Jamnipali, Katghora, District-Korba, Chhattisgarh-495450, have changed the name of my minor daughter PARIDHI SAHU aged about 13 years, and she shall hereafter be known as PARIDHEE SAHU.

**NAME CHANGE**

I, CHANDRAPAL SIH KAVAR alias CHAMRA SINGH KANWAR S/o GENDRAM KANWAR, Resident of 20, Barbhatha, P.O_Bhilabazar, District-Korba, Chhattisgarh-495454, have changed my name to CHAMRA SINGH KANWAR.

**प्रथम पृष्ठका शेष**

**प्रदेश में कृषि भूमि बाजार मूल्य ...**

को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे, जिससे आम जनता को उचित दरों पर रेत उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही रेत उत्खनन में पर्यावरण और सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रस्तावित नियमों में रेत खदान आवंटन की कार्यवाही इलेक्ट्रॉनिक नीलामी के माध्यम से की जाएगी। इससे राजस्व में भी वृद्धि होगी।

मंत्रिपरिषद् की बैठक में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (ष्व्राष्व्रा) को नवा रायपुर (अटल नगर) के सेक्टर-3, ग्राम परसदा में क्रिकेट अकादमी की स्थापना के लिए 7.96 एकड़ भूमि आबंटित किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। नवा रायपुर में अत्याधुनिक क्रिकेट अकादमी की स्थापना से राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उनके कौशल और प्रतिभा को निखारने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिलेगी।

छत्तीसगढ़ राज्य में क्रिकेट के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। राज्य के कई युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता अर्जित की है। क्रिकेट अकादमी की स्थापना से राज्य के खिलाड़ियों को क्रिकेट के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा वहीं छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान मिलेगी।

**गांजा परिवहन मामले में ...**

तो उक्त व्यक्ति घबरा गया और अपना नाम मुकेश बंजारा बताया। पूछताछ करने पर बालूगुड़ा ओडिशा से मादक पदार्थ गांजा खरीदकर म.प्र में बिक्री के लिए ले जाना बताया। तौल करने पर गांजा 30 कि.ग्रा निकला जिसे जब्त की गई। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। अभियोजन की ओर से विशेष लोकअभियोजक नूतन साहू ने पैरवी की।

**ईडी की मोक्षित कॉर्पोरेशन के...**

जानकारी के अनुसार मोक्षित कॉर्पोरेशन का नाम इस घोटाले से जुड़ने के बाद जांच एजेंसियों ने गहन पड़ताल शुरू की है यह घोटाला सीजीएमएससी से संबंधित है जिसमें पहले भी कई बार कार्रवाई हो चुकी है करीब छह महीने पहले ईओडब्ल्यू और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ;एसीबी ने इस मामले में संयुक्त छापेमारी की थी इसके अलावा 27 जनवरी 2025 को भी मोक्षित कॉर्पोरेशन और शांतिलाल व शशांक चोपड़ा के गंजपारा स्थित घर और कार्यालय पर ईओडब्ल्यू.एसीबी की टीम ने दस्तावेजों की जांच की थी।

**पुलिस ने पीडब्लूडी विभाग के**

सुपरवाइज़र महेंद्र रामटेके को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। सुरेश को पुलिस ने हैदराबाद से पकड़ा था। इसके बाद जब एसआईटी ने हत्याकांड से जुड़े मामलों की पड़ताल शुरू की तो सड़क निर्माण से जुड़े बड़े भ्रष्टाचार के सुराग मिले। जांच में साफहुआ कि विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया निर्माण किया गया था।

**73 करोड़ की लागत से बनी सड़कए गंभीर सवालों के घेरे में**

बता दें कि नेलसनार.कोड़ोली.मिरतुर.गंगालूर सड़क परियोजना को साल 2010 में 73.08 करोड़ रुपए की लागत से मंजूरी मिली थी। लेकिन पत्रकार मुकेश चंद्राकर ने इस परियोजना में घटिया काम और भारी भ्रष्टाचार को उजागर किया था जो उनकी हत्या की वजह बन गई। मुकेश चंद्राकर बीजापुर जैसे नक्सल प्रभावित और संवेदनशील इलाके में बेखौफ पत्रकारिता करने वाले उन चुनिंदा पत्रकारों में शामिल थे जो हर हाल में सच को सामने लाने का साहस रखते थे। उन्होंने न सिर्फ सड़क निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण कार्यों को उजागर किया बल्कि सोशल मीडिया और वीडियो पोर्टल के ज़रिए लगातार जनहित से जुड़ी खबरें निर्भीकता से सामने रखीं।

**नक्सल क्षेत्र में निर्भीक पत्रकारिता की मिसाल थे मुकेश चंद्राकर**

गौरतलब है कि पत्रकार मुकेश चंद्राकर की भूमिका सिर्फ भ्रष्टाचार उजागर करने तक सीमित नहीं थी। अप्रैल 2021 में बीजापुर के टकलगुड़ा में हुए माओवादी हमले के बाद जब 22 सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए थे और कोबरा कमांडो राकेश्वर सिंह मन्हास माओवादियों की कैद में थे उस समय मुकेश ने उनकी रिहाई सुनिश्चित कराने में भी अहम भूमिका निभाई थी। यह घटना उनकी सामाजिक सक्रियता और साहसिक पत्रकारिता का स्पष्ट प्रमाण है। उनकी निर्भीक रिपोर्टिंग से ठेकेदारों और कुछ भ्रष्ट अधिकारियों की नींद हराम हो गई थी। इन्हीं शक्तियों के खिलाफ लगातार आवाज़ उठाने की कीमत उन्हें अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। मुकेश चंद्राकर की निर्मम हत्या न सिर्फ पत्रकारिता जगत के लिए बल्कि लोकतंत्र के लिए भी एक गहरी क्षति है।

**उपग्रह 'निसार' सफलतापूर्वक...**

लिखा, उपग्रह के राकेट से अलग की पुष्टि हो गयी है। प्रत्येक चरण सटीक है। क्रायो इग्निशन और क्रायो चरण में कोई कमी नहीं देखी गयी है। जीएसएलवी-एफ16 ने निसार को उसकी निर्धारित कक्षा में स्थापित कर दिया। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने निसार के सफल प्रक्षेपण पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए इसे आपदाओं के सटीक प्रबंधन में एक क्रांतिकारी बदलाव बताया। उन्होंने इस मिशन से जुड़े वैज्ञानिकों की सराहना करते हुए कहा कि निसार से प्राप्त जानकारी 'विश्वबंधु' की सच्ची भावना के अनुरूप पूरे विश्व समुदाय को लाभान्वित करेगी।जीएसएलवी-एफ16 द्वारा उपग्रह को उसकी कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किए जाने के तुरंत बाद एक पोस्ट में, उन्होंने कहा, भारत को बधाई!

**पहलगाम हमले के लिए ...**

है, 22 अप्रैल को, पांच आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में एक पर्यटन स्थल पर हमला किया। इसमें छब्बीस नागरिक मारे गए। उसी दिन हमले की ज़िम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली। भारत ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को राजकीय नीति के रूप में इस्तेमाल करने पर लगातार चिंता जताई है।

**HDB FINANCIAL SERVICES**
**एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : राधिका, द्वितीय तल, लॉ गार्डन रोड, नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात-380009
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, विल्सन हाउस, ओल्ड नागरदास रोड, निकट अम्बोली सबवे, अंधेरी ईस्ट, मुंबई-400069 एवं महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ में इसकी विभिन्न शाखाएं

**कब्जा सूचना**

जबकि, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित की धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित कर्जदार/रों को मांग सूचना जारी की थी, जिसमें संबंधित कजदारों से उक्त सूचना में वर्णित राशि, उसके भुगतान की वास्तविक तिथि तक सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों के साथ, सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी। उक्त कर्जदार/सह-कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतदद्वारा कर्जदारों/सह-कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का कब्जा निम्नवर्णित तिथि को ले लिया है। उक्त कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की यहां नीचे वर्णित बकाया राशि तथा उस पर संबंधित तिथि से भावी ब्याज, लागतों तथा प्रभारों के अधीन होगा।

अनुसूचित सम्पत्ति के तहत कर्जदार तथा सह-कर्जदार का विवरण, ऋण खाता संख्या, यूआईसी नंबर बकाया राशि, मांग सूचना तथा कब्जा की तिथि सहित यहां नीचे दिया गया है

| क्र. सं. | (1) कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम और पता ; (2) ऋण खाता संख्या ; (3) स्वीकृत ऋण राशि ; (4) प्रतिभूतियों का विवरण ; (5) मांग सूचना तिथि ; (6) दावित राशि भारतीय रूपयों में ; 7) कब्जा की तिथि |
|---|---|
| 1. | कर्जदार एवं सह-कर्जदार : 1. महामाया मिनरल्स, महामाया मिनरल्स छांदापारा ग्राम-खपरगंज कोटा बिलासपुर- 495001, छत्तीसगढ़, अन्य पता : सर्वे नंबर 696/1, 697/27, 297/28, 696/6, 696/7, 696/8, 697/23, 697/6, 688/14, 697/5, 697/4, 697/24, 688/4 एवं 688/13 कृष्णा विहार अपार्टमेंट बिलासपुर-495001, अन्य पता : सर्वे नंबर 130/31 प्रथम तल, वार्ड नंबर 33, महाराष्ट्र मंडल स्ट्रीट (गली) रामदास नगर के भीतर, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001, 2. सुजाता मित्रा, महामाया मिनरल्स छांदापारा ग्राम-खपरगंज कोटा बिलासपुर- 495001, छत्तीसगढ़, 3. ऋषभ मित्रा, ऋषभ बिल्डकॉन केएच सनंबर 967, कर्मा सीपट रोड बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, 4. सुबीर बरन मित्रा, कृष्णा विहार अपार्टमेंट फ्लैट नंबर ए-403, तृतीय तल, ब्लॉक-ए, संजय गांधी नगर वार्ड बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, (2) ऋण खाता संख्या : 5037060, 5180323 ; (3) ऋण राशि आईएनआर में : ऋण खाता संख्या : 5037060 के तहत रू. 26,75,000/- (रुपये छब्बीस लाख पचहत्तर हजार मात्र) एवं ऋण खाता संख्या : 5180323 के तहत रू. 22,50,000/- (रुपये बाईस लाख पचास हजार मात्र) ; (4) प्रतिभूतियों की अनुसूची । - सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : फ्लैट नंबर ए-403, ब्लॉक-ए, तृतीय तल, क्षेत्रफल परिमाप 78.43 वर्ग मीटर यानी 844 वर्ग फीट, आवासीय अपार्टमेंट "कृष्णा विहार अपार्टमेंट", स्थित : मौजा जूना बिलासपुर, पीसी नंबर 22, पीएलएल नंबर 202, ब्लॉक-बिल्हा, वार्ड नंबर 15, संजय गांधी नगर वार्ड, नगर निगम बिलासपुर की सीमांतर्गत, आरआई सर्किल तहसील और जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी - उत्तर : कॉरीडोर तथा लिफ्ट, दक्षिण : खुला आकाश, पूरब : खुला आकाश, पश्चिम : खुला आकाश, प्रतिभूतियों की अनुसूची ।। - सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 185 पर निर्मित मकान, कार्पेट क्षेत्रफल परिमाप 80.669 वर्ग मीटर यानी 868 वर्ग फीट, बिल्टअप एरिया 700 वर्ग फीट, स्थित : वार्ड नंबर 33, महाराष्ट्र मंडल स्ट्रीट (गली) रामदास नगर के भीतर, जूना बिलासपुर, पी.एच. नंबर 22, शीट नंबर 17, ब्लॉक नंबर 9, सर्वे नंबर 130/31, ब्लॉक-बिल्हा, नगर निगम बिलासपुर सीमा के भीतर, आरआई सर्किल तहसील और जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी - उत्तर : खुला आकाश, दक्षिण : खुला आकाश, पूरब : खुला आकाश, पश्चिम : खुला आकाश, (5) मांग सूचना तिथि : 13-05-2025 ; (6) बकाया राशि आईएनआर में : रू. 35,08,999.67/- (रूपये पैंतीस लाख आठ हजार नौ सौ निन्यानवे तथा पैसे सड़सठ मात्र) दिनांक 09-05-2025 तक + वास्तविक प्राप्ति तक भावी संविदात्मक ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत और प्रभारों इत्यादि सहित। 7) कब्जा की तिथि : 18-07-2025 |

1. कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्ति को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।
2. कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्ति को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। 2.किसी आपत्ति तथा समाधान के लिए कृपया सम्पर्क करें : सय्यद हामिद अली (लीगल एसोसिएट) सम्पर्क नंबर 9770990614, श्री गुरविंदर सिंह टिमाना, सम्पर्क नंबर 8805986282 (एरिया कलेक्शन मैनेजर) एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, द्वितीय तल, फोरम बिजनेस सेंटर, भाटागांव, रायपुर (छत्तीसगढ़) -492001

स्थान : बिलासपुर, तिथि : 31-07-2025
हस्ता./-, वास्ते एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड - अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, रतनपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रतनपुर, दिनांक 21/07/2025
रा.प्र.क्र. ............
(ब-121/2024-25)
मौजा ग्राम - रतनपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजू लास्कर पिता सावतराम जाति सूर्यवंशी निवासी ग्राम रतनपुर जिला बिलासपुर द्वारा अपने स्वयं का जन्म दिनांक 04-09-1983 को ग्राम रतनपुर में हो जाने के उपरांत कानूनी अज्ञानतावश नगर पालिका परिषद रतनपुर में पंजीयन नहीं करा पाने के कारण वर्तमान में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13 (3) एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के कंडिका 9 (3) अन्तर्गत जन्म प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद रतनपुर को अनुज्ञा पत्र जारी किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 05/08/2025 को दावा/ आपत्ति न्यायालयीन समयावधि में इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**रतनपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)
## ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र./ निर्माण/ 2025 दिनांक 22.07.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 33 अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला पी.डब्ल्यू.बी. रामपुर में नवीन शाला भवन का निर्माण कार्य (जि.ख.न्या.मद) (प्रथम निविदा) | 15.53 | 18.08.2025 (T.No.172472) |
| 2 | वार्ड क्र. 19 अंतर्गत प्रा.शाला मानस नगर में अहाता सहित निर्माण कार्य (जि.ख.न्या.मद) (प्रथम निविदा) | 10.00 | 18.08.2025 (T.No.172473) |
| 3 | वार्ड क्र. 36 डिंगापुर में (राजेश जनरल स्टोर से दीपक यादव) घर तक सी.सी.रोड एवं नाली निर्माण कार्य (जि.ख.न्या.मद) (प्रथम निविदा) | 10.00 | 18.08.2025 (T.No.172475) |
| 4 | वार्ड क्र. 36 अन्तर्गत प्रा.शाला सतनाम नगर रिस्दी में अहाता निर्माण कार्य (जि.ख.न्या.मद) (प्रथम निविदा) | 13.00 | 18.08.2025 (T.No.172476) |
| 5 | वार्ड क्र. 33 अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला पी.डब्ल्यू.डी. रामपुर में नवीन शाला भवन का निर्माण कार्य (जि.ख.न्या.मद) (प्रथम निविदा) | 16.59 | 18.08.2025 (T.No.172477) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

**// स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें //**

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम**
**कोरबा (छत्तीसगढ़)**

## आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड
Aadhar Housing Finance Ltd

**कार्पोरेट कार्यालय:** युनिट नं. 802, नटराज रुस्तमजी, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे एवं एम.वी. रोड़, अंधेरी (पूर्व), मुम्बई-400069.
**बिलासपुर शाखा :** प्रथम मंजिल कृष्णा सोनछत्र कम्पाउंड आरएनटी स्क्वॉयर के पास, शिव टाकिज, तारबाहर रोड बिलासपुर-495004 (छ.ग.)

**ई-नीलामी - बिक्री सूचना**

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्ति के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

इसके द्वारा सामान्य रुप से सर्वसाधाण को और विशेष रुप से ऋणी(यों) एवं जमानतदार(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जिसका कब्जा आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है'** बिना किसी ज्ञात बाधा के आधार पर विक्रय किया जाएगा जिनका विवरण नीचे दिया गया है:-

| क्रं. | ऋणी(यो)/सह ऋणी(यो) /जमानतदार | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य (RP) | बयाना जमा राशि (ईएमडी) (RP का 10%) | कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (लोन कोड नं. 01010000152 / बिलासपुर शाखा) निलेश गुप्ता (ऋणी), रश्मी गुप्ता एवं भारत लाल गुप्ता (सह-ऋणी) | 09-01-2025 & ₹ 5,94,371/- | संपत्ति का समस्त शेष एवं सम्पूर्ण भाग, मौजा पिपरतराई प.ह.नं. 32, आरएनएम कोटा खसरा नं. 1313, तहसील कोटा जिला बिलासपुर छत्तीसगढ 495112, **चर्तुसीमाऐं:-** पूर्व-गली राम की भूमि, पश्चिम- रोशन की भूमि, उत्तर- गली, दक्षिण- पुनाबाई की भूमि | Rs. 5,31,120/- | Rs. 53,112/- | भौतिक |

1. केवाईसी, निविदा प्रपत्र एवं स्वीकृत नियम एवं शर्तों (निविदा दस्तावेज) के साथ बयाना राशि का डीडी जमा करने की अंतिम तिथि **03-09-2025 शाम 5:00 बजे** तक ऊपर उल्लिखित शाखा कार्यालय के पते पर या **https://bankeauctions.com** पर अपलोड की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा दस्तावेजों को अमान्य निविदा माना जाएगा और तदनुसार अस्वीकार कर दिया जाएगा। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
2. संपत्ति के लिए बोली/प्रस्ताव (नीलामी तिथि) खोलने की तिथि **04-09-2025 दोपहर 3:00 बजे से 3:00 बजे तक https://bankeauctions.com** पर है।
3. जैसा कि ऊपर बताया गया है, एएचएफएल संपत्ति पर लंबित किसी भी देनदारी के लिए जिम्मेदार नहीं है। संपत्ति की नीलामी **'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो है वह है' के आधार पर** की जाएगी।
4. डिमांड ड्राफ्ट केवल 'आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में बनाया जाना चाहिए।
5. नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से 'ऑनलाईन इलेक्ट्रॉनिक बोली' के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखें।
6. इच्छुक बोलीदाताओं को **https://bankeauctions.com/registration/signup**, लिंक के माध्यम से पोर्टल मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए, और अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए। संभावित बोलीदाता वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-नीलामी पर ऑनलाईन प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं।
7. अधिक जानकारी के लिए आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी, **अश्विन शर्मा, (संपर्क नंबर 7697112220)** या सेवा प्रदाता मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, **श्री प्रभाकरन, मोबाईल नं. +91-74182-81709, ई-मेल: tn@c1india.com & support@bankeauctions.com**, फोन नं. **+917291981124 /25 /26** से संपर्क करें। आज तक, एएचएफएल/ एएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को बेचने, हस्तांतरित करने और/या निपटान करने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है।
8. बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एएचएफएल), सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी www.aadharhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।
9. नीलामी के लिए बोली वृद्धिशील राशि रु. 10,000/- है।
10. यह समाचार पत्र प्रकाशन एवं इसमें निहित डेटा आम जनता के प्रसार के लिए है। इस सामग्री का किसी भी रुप में या किसी भी माध्यम से, चाहे प्रिंट, डिजिटल, किसी भी रुप में इलेक्ट्रानिक प्रकाशन, ईमेल या वेब प्रकाशन, या किसी भी अन्य माध्यम से, संपूर्ण या आंशिक रुप से किसी भी तरह से पुनरुत्पादन, वितरण, प्रसारण या पुनर्प्रकाशन सख्त वर्जित है। किसी भी माध्यम से उपरोक्त सामग्री के किसी भी अनधिकृत उपयोग के परिणामस्वरुप AHFL द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

**स्थान : छत्तीसगढ़**
**दिनांक : 31-07-2025**

**सही/- प्राधिकृत अधिकारी**
**आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

# देश

**उवाच**

"बिहार में एनडीए सरकार अपनी सत्ता खोने के डर से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को चुनाव आयोग के हवाले से करवा रही है, ताकि मतदाता सूची में बदलाव कर चुनावी लाभ लिया जा सके। राज्य में एसआईआर प्रक्रिया ठीक ढंग से नहीं हो रही है।"

–राजेश ठाकुर, झारखंड कांग्रेस के नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 31° | 28° |
| मुंबई | 28° | 27° |
| कोलकाता | 28° | 27° |
| चेन्नई | 37° | 29° |

# केंद्र सरकार मनोवैज्ञानिक रूप से झूठी

■ कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर, पीओके व विदेश नीति को लेकर केंद्र की नीतियों पर उठाए सवाल



**भारतीय सेना में ताकत है, लेकिन केंद्र सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण आतंकवाद पर काबू नहीं हो रहा : उदित राज**

**नई दिल्ली,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता उदित राज ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने केंद्र सरकार को मनोवैज्ञानिक रूप से झूठा करार देते हुए कहा कि यह सरकार बार-बार झूठ बोलती है। उदित राज ने ऑपरेशन सिंदूर, पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) और विदेश नीति को लेकर केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए और कहा कि केंद्र सरकार ने देश को बहुत कुछ देने के बजाय केवल झूठ दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकवादी भारत में घुसकर हमले करते हैं और फिर भी उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंचों पर समर्थन मिलता है।

संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को एंटी-टेरर कमेटी का उपाध्यक्ष और सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बनाया गया। जब तक पाकिस्तान को सबक नहीं सिखाया जाता, तब तक दोस्ती की बात बेइमानी है। भारतीय सेना में ताकत है, लेकिन केंद्र सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण आतंकवाद पर काबू नहीं हो रहा। उदित राज ने पीओके को लेकर भी केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि भाजपा दशकों से पीओके को वापस लेने की बात करती रही है। हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दावा किया था कि छह महीने में पीओके भारत का हिस्सा होगा। अब छह महीने बीत गए, पीओके कहां है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पीओके वापस लेने की बात कही थी। लेकिन, अब वे घबराने लगे हैं। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सही कहा कि अगर आप घबराने लगे, तो इसका मतलब है कि आपमें हिम्मत नहीं है।

### इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करती है भाजपा

उदित राज ने भाजपा के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह दुष्प्रचार है कि 15 अगस्त 1947 को कश्मीर भारत का हिस्सा था और कहा, यह पूरी तरह गलत है। उस समय कश्मीर राजा हरि सिंह की रियासत थी, जो न तो भारत और न ही पाकिस्तान के साथ मिलना चाहते थे। जब पाकिस्तान की सेना और कबीलों ने हमला किया, तब हरि सिंह भागकर भारत आए और अक्टूबर 1947 में संधि हुई। बीजेपी इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करती है। उदित राज ने बिहार के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा और कहा कि बिहार के लिए सरकार ने कुछ नहीं किया और वहां से पलायन रुकने का नाम नहीं ले रहा। चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए गए, लेकिन बिहार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यह सरकार केवल झूठे दावों पर चल रही है। उदित राज ने ऑपरेशन सिंदूर पर उठे सवालों का समर्थन करते हुए कहा कि सरकार को इसकी सफलता के दावों पर स्पष्ट जवाब देना चाहिए। 26 लोगों की जान गई, लेकिन सरकार इसे तमाशा बनाकर पेश कर रही है। अगर ऑपरेशन इतना सफल था, तो आतंकियों को पहले क्यों नहीं रोका गया। यह सरकार की नाकामी है।

## सरकार ने पीओके को भारत में मिलाने का एक अच्छा अवसर गंवाया : नीरज मौर्य



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में दिए भाषण पर समाजवादी पार्टी के सांसद नीरज मौर्य ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को युद्धविराम पर स्थिति को स्पष्ट करना चाहिए था। समाजवादी पार्टी के सांसद नीरज मौर्य ने कहा कि जिस तरह से अमेरिका की ओर से यह कहा गया कि हमने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराया, मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री को इस मुद्दे पर स्थिति को स्पष्ट करना चाहिए और बताना चाहिए कि भारत किसी भी मध्यस्थता को बर्दाश्त नहीं करेगा और न पहले कभी किया है। इस समय सरकार इस मुद्दे पर क्यों हिचकिचा रही है, यह तो वही बता सकते हैं। भाजपा जब भी चुनाव लड़ती है तो कहती है कि हमें जनादेश दीजिए। हम पीओके को भारत में मिलाएंगे। मेरा मानना है कि इस बार एक अच्छा अवसर था। पाक अधिकृत कश्मीर हमारे देश का अभिन्न हिस्सा है और उसको भारत में मिलाने के अवसर को भाजपा ने खोया है। सपा सांसद ने आगे कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में चर्चा होकर अब समाप्त भी हो गई, लेकिन सरकार की ओर से कोई स्पष्टीकरण नहीं आया। मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री किसी के दबाव में है। मैं इतना ही कहूंगा कि पाकिस्तान के साथ न मैच खेलना चाहिए और न ही कोई रिश्ता रखना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर जारी रहे, लेकिन सीमा पर ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए ताकि पहलगाम जैसी घटना भविष्य में न हो पाए।

## लद्दाख के गलवान में सेना के वाहन पर गिरा पत्थर



■ ले.कर्नल व जवान शहीद

**जम्मू,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। लद्दाख के गलवान के चारबाग इलाके में बड़ा हादसा हुआ है। सेना के एक वाहन पर बोल्डर गिर गया। इससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन में सवार दो अधिकारी शहीद हो गए और तीन अधिकारी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को एयरलिफ्ट किया गया. घायलों में 2 मेजर और 1 कैप्टन हैं। उनकी दशा नाजुक बताई जा रही है। जवानों का काफिला दुरबुक से चोंगटास ट्रेनिंग यात्रा पर था। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि ये हादसा बुधवार सुबह करीब 11.30 बजे उस वक्त हुआ जब दुरबुक से चोंगताश जा रहा सैन्य वाहन भूस्खलन की चपेट में आ गया। इसमें14 सिंध हॉर्स के लेफ्टिनेंट कर्नल मनकोटिया और जवान दलजीत सिंह शहीद हो गए। जबकि मेजर मयंक शुभम (14 सिंध हॉर्स), मेजर अमित दीक्षित और कैप्टन गौरव (60 आर्म्ड) घायल हुए हैं। घायल जवानों को 153 एमएच, लेह ले जाया गया है। इस हादसे को लेकर भारतीय सेना की फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स ने जानकारी दी है कि 30 जुलाई को करीब 11.30 बजे लद्दाख में एक सैन्य काफिले के वाहन पर चट्टान से एक पत्थर गिर गया. बचाव कार्य जारी है।

## संसद से

### अतिक्रमण हटाने के नाम पर मुसलमानों को बनाया जा रहा निशाना : मोहिबुल्लाह

समाजवादी पार्टी के सांसद मोहिबुल्ला ने कहा कि उत्तर प्रदेश के रामपुर की तरह पूरे देश में अतिक्रमण हटाने का नाम पर मुसलमानों की दुकानों और उनकी इबादगाहों को निशाना बनाया जा रहा है जो कि बहुत शर्मनाक है। मोहिबुल्ला ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान रामपुर में स्थानीय निकाय के द्वारा अतिक्रमण के हटाने के नाम पर मुसलमानों की संपत्तियों को हटाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह पूरे देश में हो रहा है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर मुसलमानों की दुकानों उनकी इबादतगाहों और मस्जिदों को तोड़ा जा रहा है जो कि शर्मनाक है।

### लोकसभा में स्कूलों में नियुक्त रसोइयों का वेतन बढ़ाने की उठी मांग

कांग्रेस के मनोज कुमार ने स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत भोजन उपलब्ध कराने के लिए नियुक्त रसोइयों के वेतन और सेवा शर्तों का मामला लोकसभा में उठाया और उनका वेतन बढ़ाने की मांग की। कुमार ने कहा कि रसोइयों से प्रतिदिन काम लिया जाता है और उन्हें रविवार अवकाश के दिन भी काम पर बुला लिया जाता है। बिहार में रसोइयों को मात्र 165 रुपए मिलते हैं, इनमें से एक हजार रुपए केंद्र सरकार की ओर से उपलब्ध कराए जाते हैं। यह राशि बहुत कम है और उनका वेतन बढ़ाया जाए, उन्हें कम से कम 1 हजार रुपए प्रति माह दिया जाना चाहिए। उनकी सेवानिवृत्ति 65 साल पर की जाए।

### लोस में आशा कर्मियों के वेतन का मुद्दा उठा

लोस में आशा कर्मियों की हालत पर चिंता जताते हुए उनको निश्चित मासिक वेतन देने की मांग की गई। शिवसेना ने के रविन्द्र दत्ताराम वायकर ने शून्यकाल के दौरान देशभर के आशा कर्मियों को मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस देश में करीब 1 लाख आशा वर्कर है जिनकी स्थित अच्छी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस साल राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत शुरू हुए आशा कार्यक्रम के बीस साल हो गए। आशा कर्मियों का कोई निर्धारित वेतन नहीं है व कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं है। भविष्य के लिए कोई आर्थिक गारंटी भी नहीं है। उन्होंने पूरे देश में आशा वर्करों को निर्धारित वेतन तय करने और देशभर एक समान लागू करने की मांग की।

### आयुष्मान योजना की राशि 25 लाख करने की लोकसभा में उठी मांग

लोकसभा में कैंसर तथा इससे पीड़ित रोगियों का मामला उठा और सरकार से कैंसर को लेकर जन जागरूकता बढ़ाने के लिए कदम उठाने और आयुष्मान चिकित्सा योजना की राशि पांच लाख से बढ़ाकर कम से कम 25 लाख किए जाने की मांग की गई। कांग्रेस के उज्ज्वल रमण सिंह ने शून्यकाल में यह मामला उठाया और कहा कि कैंसर की बीमारी तेजी से फैल रही है और इसके पीड़ितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

### अमृत भारत ट्रेन में विश्व स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं हैं : वैष्णव

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोस में बताया कि अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन में वैश्विक स्तर की सुविधायें उपलब्ध कराई गई हैं और विभिन्न क्षेत्रों से इस ट्रेन और वंदे भारत ट्रेन को चलाने की मांग बढ़ रही है। वैष्णव ने प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में बताया कि मध्यम और निम्न आय वर्ग के लिए चलाई जाने वाली अमृत भारत ट्रेन में सीसीटीवी कैमरे, नए डिजाइन के शौचालय, मोबाइल फोन चार्जिंग आदि सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस ट्रेन व वंदे भारत ट्रेन चलाने की मांग देश के विभिन्न क्षेत्रों से निरंतर आ रही हैं।

### साइबर अपराधों से निपटने के लिए सरकार कर रही है पुख्ता इंतजाम : सिंधिया

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लोकसभा में बताया कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए बनाये गये डिजिटल सूचना प्रौद्योगिकी प्लेटफॉर्म से बड़ी मदद मिल रही है। सिंधिया ने एक सवाल का जवाब देते हुए बताया कि इस प्लेटफार्म से 62 संस्थाओं को जोड़ा गया है, जिनमें 57 बैंक और 3 से अधिक पुलिस से जुड़े संस्थान शामिल हैं। विदेशों से धोखाधड़ी से संबंधित आने वाली फोन कॉल पर लगाम लगाने में भी इस प्लेटफॉर्म के जरिए बड़ी मदद मिल रही है। साइबर अपराधियों की धोखाधड़ी से बैंक भी सतर्क हो जाए, ऐसी भी व्यवस्था की गई है।

### उप्र में कम छात्रों के कारण बंद हो रहे विद्यालयों का मामला लोकसभा में उठा

लोकसभा में उत्तर प्रदेश में कम छात्र संख्या के कारण परिषदीय विद्यालयों को बंद करने का मामला उठा और शिक्षा के अधिकार के तहत गरीबों के हित में किसी भी विद्यालय को किसी भी बहाने बंद नहीं करने का सरकार से आग्रह किया गया। समाजवादी पार्टी के नरेश चंद्र देव ने उत्तर प्रदेश परिषदीय विद्यालयों को कम छात्र संख्या के आधार पर बंद किए जाने का मुद्दा उठाया और कहा कि राज्य सरकार ने 16 जून को एक आदेश जारी कर इन विद्यालयों को बंद करने का आदेश दिया है।

## सार संक्षेप

### ऑपरेशन महादेव में शामिल सैनिकों को किया सम्मानित

**श्रीनगर।** सेना के उत्तरी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने बुधवार को यहां दाचीगाम का दौरा कर 'ऑपरेशन महादेव' में शामिल सैनिकों की दृढ़ इच्छा शक्ति और त्वरित कार्रवाई के लिए उनकी सराहना की। 'ऑपरेशन महादेव' के तहत सैन्य दल ने 22 अप्रैल को पहलगाम की बैसरन घाटी में 26 निर्दोष नागरिकों की नृशंस हत्या में शामिल तीन पाक आतंकवादियों को मार गिराया है।

### पटरी पर दरार के बाद मुंबई लोकल ट्रेन सेवा बाधित

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के ठाणे जिले के बदलापुर और वंगानी स्टेशनों के बीच पटरी में दरार पाए जाने के बाद बुधवार सुबह मुंबई सेंट्रल रेलवे की सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई। आधिकारिक जानकारी के अनुसार पटरी पर दरार पाए जाने पर लोकल ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से बुरी तरह प्रभावित हुई जिससे व्यस्त समय के दौरान हजारों दैनिक यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार लोकल ट्रेनों की आवाजाही पर यह व्यवधान सुबह उस से समय पड़ा जब रेलवे कर्मचारियों ने रेल लाइन में दरार देखी।

### पटेल ने अहमदाबाद में किया वृक्षारोपण

**अहमदाबाद।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने अहमदाबाद के चांदलोडिया क्षेत्र में मिशन फोर मिलियन ट्रीज 225 (एफएमटी) अंतर्गत बुधवार को वृक्षारोपण किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पटेल के नेतृत्व में अहमदाबाद क्लीन एंड ग्रीन सिटी बनने में देश का अग्रसर शहर है। उनके मार्गदर्शन में अहमदाबाद महानगर पालिका ने अहमदाबाद शहर को भारत का सबसे स्वच्छ शहर बनाने का संकल्प पूरा किया है। क्लीन सिटी अहमदाबाद को ग्रीन सिटी बनाने का संकल्प पूरा करने के लिए अहमदाबाद महानगर पालिका ने उनके दिशानिर्देश में 4 लाख पेड़-पौधे लगाने का मिशन फोर मिलियन ट्रीज 225 चलाया है।

### आंध्र में शराब घोटाला,11 करोड़ नकद बरामद

**हैदराबाद/अमरावती।** तेलंगाना में हैदराबाद की विशेष जांच दल ने शराब घोटाला मामले में हैदराबाद में छापे मारे और 11 करोड़ रूपए नकद बरामद किए। एसआईटी के अधिकारियों के मुताबिक आरोपियों में से एक वरूण की जानकारी के आधार पर पुलिस ने रंगा रेड्डी जिले के शमशाबाद मंडल के कचराम गांव में सुलोचना फार्म हाउस पर छापेमारी की, जहां 12 बक्सों में नकद रूपए मिले। अन्य आरापियों में केसरीरेड्डी राजशेखर रेड्डी और चाणक्य शामिल हैं। नकदी के साथ कार्यालय के कुछ कागज़ात भी बरामद हुए।

**बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार का बड़ा ऐलान**

# आशा व ममता कार्यकर्ताओं के मानदेय में बढ़ोतरी



**आशा कार्यकर्ताओं को तीन हजार व ममता कार्यकर्ताओं को प्रति प्रसव छह सौ रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी : नीतीश कुमार**

**पटना,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। बिहार सरकार ने आशा कार्यकर्ताओं को तीन हजार रुपए प्रोत्साहन राशि देने का एलान किया है। बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आशा और ममता कार्यकर्ताओं के मानदेय में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। कुमार ने बुधवार को एक्स पर लिखा, नवम्बर 2005 में सरकार बनने के बाद से हम लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में आशा तथा ममता कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसे ध्यान में रखते हुए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं के अहम योगदान को सम्मान देते हुए उनकी मानदेय राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने लिखा, आशा कार्यकर्ताओं को अब एक हजार रुपए की जगह तीन हजार रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि ममता कार्यकर्ताओं को प्रति प्रसव 300 रुपए की जगह 600 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी, इससे उनका मनोबल और बढ़ेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं के मानदेय में वृद्धि से एक लाख से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा। पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन द्वारा आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं के प्रोत्साहन राशि में उल्लेखनीय वृद्धि करने का निर्णय ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय इन महिला कार्यकर्ताओं के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कुमार के नेतृत्व में आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं को बड़ी सौगात दी गई है। मंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में जहां आशा कार्यकर्ताओं को 1000 रुपए प्रतिमाह की प्रोत्साहन राशि दी जाती थी। उसे अब तीन गुणा बढ़ाकर 3000 रूपये प्रतिमाह कर दिया गया है। वहीं ममता कार्यकर्ताओं को प्रति प्रसव 300 रुपए की जगह अब 600 रुपए की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह फैसला 1 जूलाई 2025 से प्रभावी होगा। यह फैसला स्वास्थ्य व्यवस्था को और सशक्त बनाएगा।

### प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की हमारी मांग पर झुकी राजग सरकार : तेजस्वी



**पटना।** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं के प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की उनकी मांग पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार को झुकना पड़ा है। यादव ने एक्स पर लिखा कि उन्होंने 17 महीने स्वास्थ्य मंत्री रहते आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू दी थी जो अंतिम चरण में थी लेकिन तब तक सरकार और मुख्यमंत्री आदतन पलटी मार गए। उन्होंने राजग सरकार को निक्कमी बताया और कहा कि यह सरकार उस पर भी दो साल से कुंडली मारकर बैठी रही। अब आखिरकार इन्हें आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि बढ़ाने की हमारी इस मांग के सामने भी झुकना ही पड़ा।

# अनवरत बारिश व बाढ़ से मप्र बेहाल

■ राज्य भर में लगभग तीन हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा

■ बाढ़ प्रभावित राज्यों में राहत बचाव कार्य के लिए सेना को बुलाया



**भोपाल,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पिछले लगभग तीन दिन से हो रही अनवरत बारिश के कारण स्थितियां बेहाल हो गई हैं, बाढ़ की स्थितियों को देखते हुए राज्य भर में लगभग तीन हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। शिवपुरी जिले से प्राप्त खबरों के अनुसार कोलारस बदरवास क्षेत्र के लगभग दो दर्जन गांव बाढ़ के पानी की चपेट में हैं। इनमें सिंधु नदी एवं आसपास की स्थानीय नदियों का पानी घुस गया है, जिसके कारण पानी में फंसे लगभग 300 लोगों को जिला प्रशासन एवं पुलिस तथा अन्य बचाव दलों द्वारा सुरक्षित स्थानों पर लाया गया है। सेना को भी बुला लिया गया है। सेना द्वारा आनंदपुर साहब की तरफ से पानी में फंसे हुए 15 व्यक्तियों को सुरक्षित निकाला गया है। जिला कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि में ग्राम भडोता के पास पानी के बीच में फंसे लोगों को निकालने के लिए हेलीकॉप्टर मंगाया गया है। क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने स्तर से बाढ़ग्रस्त गांव से लोगों को निकालने के लिए व्यवस्थाएं तत्काल उपलब्ध कराई हैं। वहीं राजस्थान और मप्र में लगातार बरसात होने के कारण मुरैना जिले की प्रमुख चम्बल नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसके साथ-साथ मुरैना जिले में क्वारी, आसन जैसी नदियां भी उफान पर चल रहीं है। मुरैना कलेक्टर अंकित अस्थाना ने बताया कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 372.2 मिलीमीटर वर्षा अधिक है।

### रक्षा मंत्रालय से मांगे हेलीकॉप्टर : मोहन यादव



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ के संकट के बीच कहा कि लगभग तीन हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए रक्षा मंत्रालय से हेलीकॉप्टर की मांग की गई है। यादव ने भोपाल स्थित होमगार्ड के बाढ़ आपदा केंद्र में प्रदेश भर में जवानों द्वारा किए जा रहे बचाव व राहत कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अतिवृष्टि वाले जिलों के कलेक्टरों से चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बचाव और राहत कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी जिलों को हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी।

## रांची में स्कूली छात्रा का अपहरण

■ पुलिस दबिश के बाद सकुशल बरामद

**रांची,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। रांची में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब स्कूल जा रही 9 वर्ष की एक छात्रा को सिरमटोली फ्लाईओवर के पास से अज्ञात अपराधियों ने अगवा कर लिया। हालांकि, पुलिस की तत्परता और ताबड़तोड़ कार्रवाई के चलते कुछ ही घंटों बाद छात्रा रामगढ़ जिले के कुज्जू में सकुशल बरामद कर ली गई। फिलहाल वह सुरक्षित है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छात्रा रोज की तरह बुधवार सुबह ई-रिक्शा से बिशप वेस्टकॉट स्कूल जा रही थी। सिरमटोली फ्लाईओवर के पास जैसे ही ई-रिक्शा पहुंचा, पीछे से आई एक हुंडई कार ने रिक्शा को टक्कर मारी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार से दो नकाबपोश अपराधी बाहर निकले और उन्होंने दो से तीन राउंड फायरिंग करते हुए छात्रा को जबरन कार में बैठा लिया। इसके बाद अपराधी सुजाता चौक की ओर फरार हो गए।

**आदेश** जम्मू-कश्मीर में स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर सरकार सख्त

# सरकारी कर्मचारी व अधिकारियों की उपस्थिति की अनिवार्य

**जम्मू, 3 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश में इस बार भी 15 अगस्त के दिन होने वाले स्वतंत्रता समारोहों में आपको बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी व अधिकारी नजर आएंगें। ऐसा उनकी उपस्थिति पक्की करने के लिए निकाले गए आदेश से साबित होता है। यही नहीं सरकारी कर्मियों को अपने सोशल मीडिया अकांउट पर भी तिरंगे के साथ डीपी लगाने का आदेश दिया गया है। पिछले कुछ सालों से हालांकि।**

स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस समारोहों पर सरकारी कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य बनाने की खातिर ऐसे आदेश निकाले जाते रहे हैं पर हमेशा ही इसे हल्के तौर पर लिया जाता रहा है। पर इस बार यह आदेश 15 दिन पहले जारी कर प्रशासन ने सख्ती दिखाने का मूड भी बनाया है। पहली बार इसकी खातिर विभागाध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि उनके अधीन आने वाले सारे कर्मियों और अधिकारियों की उपस्थिति स्वतंत्रता दिवस समारोहों के दौरान दर्ज की जाए और गैर हाजिर होने वालों का वेतन काटने के साथ साथ उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाए। जम्मू-कश्मीर सरकार ने श्रीनगर और जम्मू में तैनात सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को 15 अगस्त, 2025 को बख्शी स्टेडियम, श्रीनगर और मौलाना आजाद स्टेडियम, जम्मू में आयोजित होने वाले मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोहों में अपने आधिकारिक कर्तव्य के रूप में शामिल होने का निर्देश दिया है।



■ गैर हाजिर होने वालों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की चेतावनी

सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार, स्वतंत्रता दिवस हर साल 15 अगस्त को मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय उत्सव है। परिपत्र में कहा गया है कि हमारे राष्ट्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले इस समारोह में शामिल होना प्रत्येक सरकारी कर्मचारी का कर्तव्य है। केंद्र शासित प्रदेश के श्रीनगर/जम्मू में तैनात सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को अपने आधिकारिक कर्तव्य के रूप में क्रमशः बख्शी स्टेडियम, श्रीनगर/ मौलाना आजाद स्टेडियम, जम्मू में स्वतंत्रता दिवस समारोह, 2025 के मुख्य समारोह में शामिल होने का निर्देश दिया गया है। इसमें कहा गया है कि किसी भी प्रकार की अनुपस्थिति केवल उनके तत्काल वरिष्ठ की पूर्व अनुमति से ही स्वीकार्य होगी। सभी प्रशासनिक सचिव, विभागाध्यक्ष, प्रबंध निदेशक, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ निगमों/ बोर्डों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि श्रीनगर/जम्मू में तैनात उनके प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने-अपने स्थानों पर समारोह में उपस्थित हों। सर्कुलर में प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, प्रबंध निदेशकों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, निगमों और बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि उनके नियंत्रण में आने वाले सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने स्थानों पर समारोह में उपस्थित हों।

बिलासपुर, गुरूवार 31 जुलाई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## विपक्ष के आगे पस्त दिखे प्रधानमंत्री

सोमवार से संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरु हुई जो मंगलवार और बुधवार को भी जारी रही। लोकसभा और राज्यसभा दोनों ही सदनों में इस विषय पर निस्संदेह विपक्ष ही सरकार पर हावी दिखा। जबकि सरकार के पास पूरा मौका था कि वह तथ्यों, आंकड़ों और पूरी जवाबदेही के साथ इस चर्चा में हिस्सा लेकर अपने अंक जनता के बीच बढ़वा लेती। सरकार ऐसा नहीं कर पाई, क्योंकि 22 अप्रैल के बड़े हमले के बावजूद उसकी दिलचस्पी इस मुद्दे पर सेना के किए कार्य का श्रेय लेने, सहानुभूति बटोरने और विपक्ष को घेरने में ज्यादा नजर आई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब मंगलवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर भाषण दिया, तो उनकी तैयारी में कमी नजर आई। मंगलवार को ही प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के भी भाषण हुए। दोनों के भाषण अलहदा थे, लेकिन एक जैसे शानदार थे। जहां प्रियंका गांधी के भाषण में दुख और भावुकता नजर आई, वहीं राहुल गांधी के भाषण में नए तरह की आक्रामकता दिखी। इसके साथ ही राहुल गांधी ने जिस तरह आतंकवाद के खतरों, युद्ध के बदलते तरीकों, विदेश नीति में विचलन और इन सबकी वजह से कमजोर पड़ते भारत की चिंता पर चर्चा की, उसके जवाब में नरेन्द्र मोदी ढंग की दो बात भी नहीं बोल पाए।

राहुल गांधी पहले भी संसद में पाकिस्तान और चीन के एक साथ होने की चिंता व्यक्त कर चुके हैं, मंगलवार को फिर से उन्होंने इसे दोहराया और यह भी बता दिया कि पहले दुनिया के अन्य देश पाकिस्तान में आतंकवाद के पोषण पर चिंता व्यक्त करते थे, लेकिन पहलगाम हमले के बाद जिन देशों ने भारत के लिए दुख व्यक्त किया, उनमें से किसी ने पाकिस्तान की निंदा नहीं की। यानी अब भारत और पाकिस्तान को एक पलड़े पर तौला जाने लगा है, यह गंभीर चिंता का विषय है। युद्ध के बदलते तरीकों पर भी राहुल गांधी ने सरकार को आगाह किया कि अब केवल दो पक्षों में युद्ध नहीं होता है, कई छिपी हुई परतें होती हैं। नयी तकनीकी के साथ दुश्मन की तैयारी रहती है। इसे समझने की जरूरत है। राहुल गांधी ने सदन को यह भी याद दिलाया कि अमेरिका किस तरह हमारी उपेक्षा कर रहा है। हमले के बावजूद अमेरिका ने जनरल असीम मुनीर को लंच पर बुलाया। उन्होंने नरेन्द्र मोदी को चुनौती दी कि यदि उनमें इंदिरा गांधी जैसी हिम्मत का जरा सा भी हिस्सा है तो वे इस सदन में डोनाल्ड ट्रंप को झूठा कहें और बताएं कि युद्धविराम उनकी मध्यस्थता से नहीं हुआ।

जाहिर है नरेन्द्र मोदी ऐसा नहीं कर पाए। कई जानकारों का कहना है कि कूटनीति के अपने नियम होते हैं और किसी अन्य देश या नेता का नाम संसद में नहीं लिया जा सकता क्योंकि इससे देशहित जुड़े होते हैं। सामान्य परिस्थितियों में तो यह तर्क चल जाएगा। लेकिन जब डोनाल्ड ट्रंप ने इन पंक्तियों के लिखे जाने तक 30वीं बार वही दावा किया है कि युद्धविराम मैंने करवाया, तब क्या देशहित और सम्मान की खातिर प्रधानमंत्री को इस का खंडन नहीं करना चाहिए। अगर 10 मई को डोनाल्ड ट्रंप से पहले प्रधानमंत्री की तरफ से युद्धविराम की घोषणा हो जाती, तब शायद श्री मोदी ऐसा कर पाते। लेकिन हकीकत यही है कि देश को लड़ाई रुकने की जानकारी ट्रंप से ही मिली थी। मंगलवार को नरेन्द्र मोदी ने यह जरूर कहा कि हमें किसी भी तीसरे देश की मध्यस्थता मंजूर नहीं है और युद्धविराम के लिए किसी ने बीच-बचाव नहीं किया। लेकिन उन्हें फिर यह भी बताना चाहिए था कि डोनाल्ड ट्रंप ने जब उनसे पहले यह सूचना दुनिया को दी, क्या तब श्री मोदी ने कोई आपत्ति जताई थी कि अमेरिका ने हमारे देश के आंतरिक मामले में आधिकारिक बयान क्यों दिया। अमेरिका के अलावा चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ पर भी श्री मोदी ने कुछ नहीं कहा। क्योंकि अमित शाह की तरह उनका भी पूरा ध्यान कांग्रेस को घेरने में था।

करीब सौ मिनट के भाषण में नरेन्द्र मोदी ने 14 बार तो पं. नेहरू का नाम ले लिया। हमला होते ही तुरंत जाकर मार देने को न्यू नार्मल बताया। रावण की याद दिलाने के लिए आतंकवाद की नाभि कहां है, जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया। हमला हुआ, उसके फौरन बाद सऊदी अरब से लौटकर उन्होंने क्या किया यह बताया। लेकिन श्री मोदी यह नहीं बता पाए कि देश लौटते ही वे कश्मीर न जाकर बिहार क्यों गए। कांग्रेस ने सरकार से सवाल किए तो श्री मोदी ने आरोप लगा दिया कि कांग्रेस को सेना, एजेंसियों किसी पर भरोसा नहीं है।

पहले दो कार्यकालों में तो नरेन्द्र मोदी का यह पैंतरा चल गया कि जब जिम्मेदारी उठाने की बारी आए तो सुई कांग्रेस की तरफ मोड़ दी जाए। लेकिन तीसरे कार्यकाल में इस चाल में भाजपा कब तक सफल हो पाएगी, ये देखना होगा। पहलगाम में शहीद हुए शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशन्या द्विवेदी का प्रधानमंत्री के भाषण के बाद आया बयान बताता है कि वे जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। ऐशन्या द्विवेदी ने इस बात पर दुख जताया है कि प्रधानमंत्री के भाषण में पहलगाम पीड़ितों का जिक्र नहीं था, उनके दर्द नहीं थे। जबकि प्रियंका गांधी और राहुल गांधी का आभार उन्होंने जताया कि दोनों सांसदों ने पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की और बाकायदा नाम लिया।

दरअसल प्रियंका गांधी ने बाकायदा पहलगाम के शिकार 26 लोगों का नाम लिया, इसमें भी भाजपा की ओछी राजनीति दिखी। क्योंकि जब प्रियंका नाम ले रही थीं तो सत्ता पक्ष की तरफ से हर नाम के बाद धर्म की याद दिलाते हुए हिंदू चिल्लाया गया, लेकिन प्रियंका गांधी ने सभी के नाम के साथ भारतीय कहते हुए बताया कि ये सब देश के नागरिक थे और इन्हें इंसाफ मिलना चाहिए। आतंकवादी हमले को लेकर राहुल और प्रियंका ने जिस संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का अहसास जाहिर किया, नरेन्द्र मोदी उसमें पूरी तरह चूक गए।

# राहुल : आज के साथ भविष्य के नागरिकों की चिंता

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

राहुल गांधी पर एक बड़ी खबर मंगलवार को सामने आई। ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में पाकिस्तान की तरफ से हुई गोलीबारी से जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारी तबाही मची थी। कई निर्दोष नागरिकों ने इन हमलों में अपनी जान गंवाई थी। पाकिस्तान के हमले और मोदी सरकार की लापरवाही ने कई परिवारों को उजाड़ दिया है, कई बच्चे अनाथ हो चुके हैं। राहुल गांधी ने अब ऐसे 22 बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का पूरा जिम्मा उठाया है। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस प्रमुख तारिक हामिद कर्रा ने कहा है कि राहुल गांधी पुंछ के उन 22 बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्चा उठाएंगे जिन्होंने अपने दोनों माता-पिता पाक गोलीबारी में गंवा दिए थे। इन बच्चों की पढ़ाई का खर्च राहुल गांधी तब तक उठाएंगे, जब तक ये स्नातक नहीं हो जाते। इसके अलावा अगर कोई बच्चा इंजीनियरिंग या मेडिकल जैसे प्रोफेशनल कोर्सेस में प्रवेश लेता है, तो उसमें भी खर्च का जिम्मा राहुल गांधी ही उठाएंगे।

गौरतलब है कि दो महीने पहले मई में राहुल गांधी ने पुंछ का दौरा किया था। उन्होंने तब अपने स्थानीय नेताओं से अपील की थी कि वे प्रभावित बच्चों की एक सूची तैयार करें, जिन्हें वाकई मदद की जरूरत है। उसके बाद ही राज्य कांग्रेस इकाई ने सरकारी रिकॉर्ड्स खंगाल कर, सर्वे कर सूची तैयार की। बुधवार को इन बच्चों के लिए मदद की पहली किस्त जारी भी कर दी गई है। जब राहुल पुंछ गए थे, उस वक्त के बहुत से वीडियो सामने आए, जिनमें वे उजड़े मकानों में गए, गली-गली घूमकर उन्होंने पुंछ के स्थानीय लोगों से उनका दर्द और डर दोनों साझा किया था। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे, स्कूल सब जगह पाकिस्तान ने हमले किए थे। आम लोगों को निशाना बनाया था। अगर ऑपरेशन सिंदूर शुरु करने के साथ ही मोदी सरकार ने एहतियात बरती होती तो शायद मासूम लोगों की जान बचाई जा सकती थी। लेकिन सरकार ने सीमावर्ती इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर नहीं भेजा, जबकि संसद में प्रधानमंत्री मोदी ने ही दावा किया है कि 9 मई को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने उन्हें आगाह किया था कि पाकिस्तान बड़ा हमला करने वाला है। इसके जवाब में नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि अगर पाकिस्तान का ये इरादा है तो उसे बहुत महंगा पड़ेगा और हम उससे भी बड़ा हमला करेंगे और उसका जवाब देंगे।

किसी की धमकी में न आना अच्छी बात है, लेकिन पाकिस्तान को क्या महंगा पड़ेगा और क्या सस्ता, इस बारे में बात करने से बेहतर होता कि श्री मोदी इस बात की चिंता करते कि देश के लोगों की जान कैसे खतरे में पड़ चुकी थी। पहलगाम में असावधानी का नतीजा भुगतने के बावजूद सीमावर्ती इलाकों में फिर वही असावधानी सरकार ने दिखाई। जिसका खामियाजा आम नागरिकों ने भुगता। इसके बाद भी सरकार को अपनी जिम्मेदारी का अहसास नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने विदेशी मीडिया की आलोचना करते हुए कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा है और इसमें भारत को हुए नुकसान की खबरें गलत हैं, हमारा एक कांच भी नहीं टूटा है। ऐसा ही दावा गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को संसद में किया कि मोदी सरकार जब से आई है जम्मू-कश्मीर के किसी नागरिक की जान हमले में नहीं गई है। देश का मीडिया सरकार का भोंपू बनकर ऐसी खबरों को इतना प्रचारित करता है कि लोग उसे ही सच मानने लगते हैं। लेकिन जो सामने घटा है, क्या उससे आंख मूंदी जा सकती है। अगर एक भी कांच नहीं टूटा या एक भी नागरिक की मौत नहीं हुई तो फिर राहुल गांधी के बाद खुद अमित शाह ने पुंछ का दौरा क्यों किया था।

बहरहाल संसद में दो दिन तक जिस अंदाज में सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा चलाई उससे जाहिर हो गया कि पहलगाम घटना को भी श्री मोदी ने आपदा में अवसर की तरह ही लिया है। अपने प्रचार के लिए सेना की वर्दी पहनकर खुद के आदमकद पोस्टर नरेन्द्र मोदी ने देश भर में लगवाए, सिंदूर शब्द को लेकर बेतुकी बातें कीं, दुनिया भर में प्रतिनिधिमंडल को भेजने के लिए जनता के करोड़ों रूपए खर्च कर दिए। ऑपरेशन सिंदूर के पोस्टर समेत इस पूरे प्रचार-प्रसार के लिए जितना सरकारी धन खर्च किया, उसका थोड़ा सा हिस्सा पहलगाम पीड़ितों या अनाथ बच्चों पर खर्च किया जा सकता है, ऐसा खयाल भाजपा या प्रधानमंत्री के जेहन में नहीं आया होगा, क्योंकि उनकी निगाह लोगों के दर्द से ज्यादा दर्द का सियासी लाभ लेने पर रहती है। लॉकडाउन के समय पीएम केयर्स फंड बना लिया, लेकिन उसका भी हिसाब-किताब देने में आनाकानी होती रही।

> **अनुभवी लोग कहते हैं दर्द बांटने से कम होता है, खुशी बांटने से बढ़ती है। राहुल गांधी इस समय राजनीति के साथ-साथ मानवता की ऐसी ही मिसाल कायम करते जा रहे हैं। जब मई में राहुल गांधी पुंछ गए थे तो वे उस क्राइस्ट पब्लिक स्कूल भी गए थे, जहां पढ़ने वाले 12 साल के जुड़वां बच्चे उर्बा फातिमा और ज़ैन अल की पाक हमलों में मौत हो गई थी।**

ऐसा नहीं है कि इस देश में प्राकृतिक आपदाएं या आतंकी घटनाएं, युद्ध सब अभी हो रहे हैं, इन सबका सामना भारत ने पहले भी किया है। पहले भी सरकारों से आकलन में या हालात संभालने में गलतियां हुई हैं। लेकिन ऐसा दुस्साहस किसी ने नहीं किया कि जिन घटनाओं में मासूम नागरिक मारे जाएं, उन पर भी राजनैतिक रोटी सेंकी जाए। अभी यही सब हो रहा है और ऐसे में राहुल गांधी के परोपकार या मानवीयता दिखाने वाले फैसले नयी उम्मीद बंधाते हैं। जब निर्भया कांड हुआ था, तब पीड़िता के इलाज की पूरी व्यवस्था तत्कालीन सरकार ने की थी, लेकिन उसके बाद पीड़िता के परिवार की सुध लेने का काम निजी तौर पर राहुल गांधी ने किया, निर्भया के भाई के पायलट बनने के सपने को साकार किया। रामचेत मोची की दुकान पर राहुल रुके थे और उनके हालात को समझा था। कुछ ही दिनों में रामचेत की दुकान पर जूते सिलने की नयी मशीन आ गई, अब उनका काम इतना अच्छा चल रहा है कि उन्होंने दिल्ली आकर अपने हाथों से बनाए जूते राहुल को भेंट किए और कहा कि भईया के कारण जिंदगी बदल गई। हरियाणा में किसानों के साथ राहुल ने काम किया, उनके घर की महिलाओं के हाथ का भोजन किया, उन्होंने दिल्ली आने की इच्छा जतलाई तो बाकायदा दिल्ली बुलाया और एक महिला के मोतियाबिंद का ऑपरेशन करवाया। अमेरिका में डंकी रूट से गए प्रवासी भारतीयों की तकलीफों को समझा, देश लौटकर उनके परिजनों से मिले, एक बच्चे की उसके पिता से बात करवाई। अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली में बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले बच्चों से मिले, उन्हें लैपटॉप दिया। ये कुछ गिनती के उदाहरण हैं, जिनमें राहुल ने लोगों की मदद की है। कितने लोगों की मदद तो राहुल गांधी ने चुपचाप की होगी, इसका पता भी नहीं, क्योंकि उनकी खबरें बाहर नहीं आईं।

अनुभवी लोग कहते हैं दर्द बांटने से कम होता है, खुशी बांटने से बढ़ती है। राहुल गांधी इस समय राजनीति के साथ-साथ मानवता की ऐसी ही मिसाल कायम करते जा रहे हैं। जब मई में राहुल गांधी पुंछ गए थे तो वे उस क्राइस्ट पब्लिक स्कूल भी गए थे, जहां पढ़ने वाले 12 साल के जुड़वां बच्चे उर्बा फातिमा और ज़ैन अल की पाक हमलों में मौत हो गई थी। इन बच्चों के दोस्तो, सहपाठियों और बाकी बच्चों को अपने दो साथियों की अकाल मौत पर कैसा महसूस हो रहा होगा, इस पीड़ा को राहुल गांधी ने समझा। उन्होंने वहां बच्चों को हौसला बंधाया कि अभी सब ठीक नहीं है, लेकिन धीरे-धीरे सब ठीक हो जाएगा। राहुल गांधी ने बच्चों से कहा कि इस स्थिति से निपटने के लिए आपका एक ही तरीका होना चाहिए। खूब मन लगाकर पढ़ाई करें, जी भर कर खेलें और खूब सारे नए दोस्त बनाएं। आज के वक्त में बाल मनोविज्ञान को समझ कर युद्ध जैसे कठिन हालात में बच्चों को हौसला और उम्मीद बनाए रखने की सीख देना और इस तरह उन्हें सांत्वना देना कि मन में कड़वाहट बिल्कुल न आए, जब वे बड़े हों तो नफरत की जगह मोहब्बत से बात करना सीखें, ऐसा करने वाले लोग बिरले ही हैं। राजनीति में तो ऐसे लोग और कम हो चुके हैं। लेकिन अच्छा है कि राहुल गांधी आज के साथ-साथ भविष्य के नागरिकों की भी सुध ले रहे हैं।

# प्राकृतिक व जैविक खेती ही समाधान

■ राज कुमार सिन्हा

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सेवा-निवृत्ति के बाद प्राकृतिक खेती करने की योजना जलवायु परिवर्तन के लिहाज से खासी महत्वपूर्ण है। 'प्राकृतिक' और 'जैविक खेती' ऐसी कृषि पद्धति है जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना उत्पादन बढ़ा सकती है। 'प्राकृतिक खेती' से कार्बन उत्सर्जन में 35फीसदी से 50फीसदी तक की कमी आ सकती है। 'प्राकृतिक खेती,' जिसे 'नो-इनपुट' या 'जीरो-बजट' खेती कहा जाता है, 'बाहरी इनपुट' (जैसे उर्वरक, कीटनाशक, यहां तक कि खाद) के उपयोग को कम या खत्म करने पर जोर देती है और इसकी बजाय प्राकृतिक प्रक्रियाओं, जैसे कि मिट्टी के सूक्ष्मजीवों और केंचुओं द्वारा कार्बनिक पदार्थों के अपघटन को प्रोत्साहित करती है।

जुताई (मिट्टी को जोतना) से बचने वाली 'प्राकृतिक खेती' को आमतौर पर कम लागत वाली कृषि माना जाता है, क्योंकि इसमें 'बाहरी इनपुट' की आवश्यकता नहीं होती। 'जैविक खेती' को आमतौर पर प्रमाणीकरण की आवश्यकता होती है, जबकि 'प्राकृतिक खेती' के लिए प्रमाणीकरण आवश्यक नहीं है। 'प्राकृतिक खेती' एक ऐसा व्यापक दृष्टिकोण है जो प्राकृतिक प्रक्रियाओं पर निर्भर करता है, जबकि 'जैविक खेती' एक विशिष्ट प्रणाली है जो 'जैविक इनपुट' पर जोर देती है। 'प्राकृतिक खेती' मिट्टी में कार्बनिक पदार्थों को बढ़ाकर, मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार करती है और कार्बन डाइऑक्साइड को वातावरण से हटाकर मिट्टी में जमा करती है।

> **जुताई (मिट्टी को जोतना) से बचने वाली 'प्राकृतिक खेती' को आमतौर पर कम लागत वाली कृषि माना जाता है, क्योंकि इसमें 'बाहरी इनपुट' की आवश्यकता नहीं होती। 'जैविक खेती' को आमतौर पर प्रमाणीकरण की आवश्यकता होती है, जबकि 'प्राकृतिक खेती' के लिए प्रमाणीकरण आवश्यक नहीं है। 'प्राकृतिक खेती' एक ऐसा व्यापक दृष्टिकोण है जो प्राकृतिक प्रक्रियाओं पर निर्भर करता है, जबकि 'जैविक खेती' एक विशिष्ट प्रणाली है जो 'जैविक इनपुट' पर जोर देती है।**

रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग को बंद करने से 'ग्रीनहाउस गैसों' के उत्सर्जन को कम करने में मदद होती है। 'प्राकृतिक खेती' में मिट्टी की जल-धारण क्षमता में सुधार होता है, जिससे जल-संरक्षण होता है और सूखे और बाढ़ जैसी चरम मौसम की घटनाओं के प्रति लचीलापन बढ़ता है। 'प्राकृतिक खेती' जैव-विविधता को बढ़ावा देती है और जलवायु परिवर्तन के प्रति फसलों की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। विभिन्न प्रकार की फसलों को उगाना, मिट्टी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और कीटों और बीमारियों को नियंत्रित करने में मदद करता है।

हजारों वर्षों के अनुभव से विकसित हुई वर्षा आधारित स्थायी या टिकाऊ खेती का विज्ञान मूलत: पुनर्चक्रण से जुड़ा हुआ है। 'प्राकृतिक खेती' पर हुए शोध दर्शाते हैं कि इस विधि से विपरीत परिस्थितियों में भी बेहतर उत्पादन लिया जा सकता है। इस विधि से उगाई फसलें सूखे, अतिवर्षा में भी खड़ी रहती हैं। 'मिश्रित खेती' अपनाने से एक ही खेत में कई फसलें ली जा सकती हैं जिससे किसान को नियमित आय सुनिश्चित होती है। इस खेती में पानी की खपत बाकी विधियों के मुकाबले 40 प्रतिशत तक कम है और इसमें फसल सुरक्षा के लिए स्थानीय वनस्पतियों को ही प्रयोग किया जाता है।

कृषि 'ग्रीनहाउस गैसों' का एक प्रमुख स्रोत है जिससे भविष्य में खाद्य-सुरक्षा के लिए चुनौती उत्पन्न होने की संभावना है। जल के बढ़ते उपयोग और सूखे के कारण उत्पादन के लिए पानी की कमी हो सकती है। वैश्विक खाद्य-सुरक्षा पर्याप्त खाद्य-उत्पादन और खाद्य-पहुंच, दोनों पर निर्भर करती है। जलवायु परिवर्तन पर 'अंतर-सरकारी पैनल' (आईपीसीसी) की आम सहमति है कि 1950 से अब तक जलवायु में व्यापक परिवर्तन हो चुका है और इस सदी के उत्तरार्ध में वैश्विक औसत तापमान में 0.4 से 2.6एष्ट की वृद्धि होने की संभावना है।

तापमान और कार्बन डाइऑक्साइड में क्रमिक वृद्धि के परिणामस्वरूप कुछ फसलों की पैदावार बढ़ाने वाली अनुकूल परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं, लेकिन कुछ क्षेत्रों में फूल आने के दौरान होने वाली चरम घटनाओं, विशेष रूप से अत्यधिक गर्मी और सूखे के कारण यह संभावित वृद्धि सीमित हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के कारण 21वीं सदी में फसल उत्पादन में कमी आने का अनुमान है। जलवायु परिवर्तन वैश्विक कृषि व्यवस्था पर वृहद प्रभाव डालता है।

दूसरी ओर, कीटनाशकों के प्रयोग से भूजल और पर्यावरण में जहर घुल रहा है। पृथ्वी में पाए जाने वाले मित्र कीट खत्म हो रहे हैं। खेती में रासायनिक खाद का इस्तेमाल होने से मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा हो गया है। इस अनाज के सेवन से कैंसर, रक्तचाप और अन्य बीमारियों के खतरे बढ़ गए हैं। भारत सरकार ने वित्त-वर्ष 2025-26 में उर्वरक सब्सिडी के लिए 1.67 लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट निर्धारित किया है, जो भारत के कृषि बजट का लगभग 70 फीसदी है।

भारतीय कृषि के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना है – 1967-68 में शुरू हुई 'हरित क्रांति।' इसकी मुख्य बात थी- सिंचाई की गारंटी के साथ अधिक फसल वाले बीजों, अधिक उर्वरक और कीटनाशकों का इस्तेमाल। 'हरित क्रांति' के कारण देश खाद्यान्न में आत्मनिर्भर तो हो पाया, लेकिन 1980 के दशक से 'हरित क्रांति' भी संकट में फंस गई। खेती में बढ़ती लागत के कारण किसान कर्ज के दलदल में फंसकर आत्महत्या करने को विवश हो गए। इस दलदल से किसानों को निकालने के लिए भी गृहमंत्री का ताजा सुझाव महत्वपूर्ण है।

'डाउन टू अर्थ' पत्रिका के अनुसार जलवायु परिवर्तन के कारण भारत ने एक जनवरी से 31 दिसंबर 2024 के 366 में से 322 दिनों में चरम मौसमी घटनाओं का सामना किया है। इन घटनाओं में 3,472 लोगों की जानें गईं और 40.7 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र को नुक्सान पहुंचा। सरकार की ओर से जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिहाज से किसानों को रसायन मुक्त कृषि के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि में स्थिरता बनाए रखने के लिए किसानों को 'जैविक खेती' जैसी टिकाऊ प्रणालियों को अपनाना चाहिए। भारत में लगभग 14 करोड़ हेक्टेयर भूमि पर खेती की जाती है, जिसमें से लगभग 65 लाख हेक्टेयर में जैविक खेती होती है। मध्यप्रदेश में अब जैविक खेती का विस्तार कर इसे 17 लाख हेक्टेयर से 20 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

'किसान एवं कृषि कल्याण विभाग' के अनुसार मध्यप्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग 15 लाख टन जैविक उत्पाद तैयार हो रहा है। इसमें पांच लाख टन से अधिक जैविक उत्पाद निर्यात किया जाता है। भारत में जैविक उत्पादों की मांग और उत्पादन दोनों में वृद्धि हो रही है। भारतीय जैविक बाजार 16,800 करोड़ रुपये का है। मध्यप्रदेश के मंडला, डिण्डोरी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, बैतूल, कटनी, उमरिया, अनूपपुर जिलों में 'जैविक खेती' प्रमुखता से की जा रही है। भारत के जैविक खाद्यान्न का एक बड़ा हिस्सा छोटे और सीमांत किसानों द्वारा उत्पादित किया जाता है। इनमें से कई किसानों के लिए, 'जैविक खेती' लागत कम करते हुए अपनी आजीविका में सुधार लाने का एक ज़रिया बन गई है। हमारे नीति निर्धारकों का दायित्व है कि वे किसानों को केन्द्र में रखकर, कृषि पारिस्थितिकी वाले तरीकों पर ध्यान दें जो देश के लिए टिकाऊ खाद्य-सुरक्षा और किसानों के लिए आजीविका सुनिश्चित कर सकें।

**(लेखक 'बरगी बांध विस्थापित संघ' के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं।)**

## आपके पत्र

### देश मे महिलाओं की सुरक्षा पहली प्राथमिकता

आप अपराध पर व्यापक निगाह डालें, तो दहेज हत्याएं, घरेलू हिंसा, यौन हमले और तेजाब से हमले ज्यादा बड़ी और बढ़ती हुई चिंता का विषय है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में, जहां देश भर की महिलाओं की 35,527 मामले यानी कुल 16.8 फीसदी आबादी रहती है। महिलाओं के खिलाफ देश भर में हुए कुल 10.9 फीसदी अपराध दर्ज हुए। ऐंटी-रोमियो दस्तों का गठन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विशेष सुरक्षा है। इसका लाभ भी हर परिवार को मिला है। आज बहन-बेटियां अकेली कहीं भी आ-जा सकती है। पहले सात बजे के बाद महिला तो क्या पुरुष भी बाहर नहीं निकल सकते थे। आज हालात सामान्य है। महिलाओं को उनके साथ होने बाले अपराधों की रिपोर्ट लिखवाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, क्योंकि डर को हमेशा के लिए बनाए रखने की संस्कृति को रोका जा सकेगा।

इसके लिए एक बहुस्तरीय और बहुआयामी रणनीति की जरूरत है, जिसमें समस्या से असरदार ढंग से निपटने के लिए हितधारकों की बहुत बड़ी तादाद में शामिल करना होगा इसलिए यही सलाह दी जा सकती है कि कानून बनाने वाले और उन्हें लागू करने वाले इस बात को समझें।

दरअसल शहर की लड़कियों को इससे अक्सर जूझना पड़ता है। आप अपने आस-पास रहने या साथ काम करने वाली महिलाओं या कॉलेज जाने वाली लड़कियों से पूछें जो रोजाना सार्वजनिक परिवहन जैसे कि बस, ट्रेन या मेट्रो से आती-जाती हैं। कई बार तो मामला इतना बिगड़ जाता है कि संभालना मुश्किल हो जाता है। स्टॉकर इस हद तक पागलपन पर उतर जाते हैं कि उनकी जान तक चली जाती है। उनके मन की नहीं होने पर उसकी चाकू मारकर हत्या जैसे अपराध हो रहे है।

स्टॉकिंग करने वाले खुद को प्रेमी समझते हैं। लेकिन असल में वो अलग ही दुनिया में जी रहे होते हैं। 20 फीसदी स्टॉकर को इलाज की जरूरत होती है। ये अकेले, गुमसुम रहने वाले लोग होते हैं, जिनमें आत्मविश्वास की घोर कमी होती है। ये पर्सनाल्टी डिसआर्डर के शिकार होते हैं। इसलिए ये जल्दी सामने नहीं आते। आम तौर पर साथ पढ़ने, काम करने वाले या जान-पहचान के लोग ही स्टॉकिंग करते हैं। वे साथ उठने-बैठने या हंसी-मजाक को प्यार समझ बैठते हैं और आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं।

**-कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### राहुल गांधी नई राह पर?

*'राहुल गांधी अपने नए लोकसभा क्षेत्र वायनाड के दौरे पर पहुंचे। वे तीन दिन वहां रहे, मतदाताओं का आभार माना और कोई नई बात न कह बारंबार यही कहा कि वे घृणा नहीं, प्रेम की राजनीति करते हैं और करते रहेंगे। राहुल इतना तो समझ ही रहे होंगे कि भारत की राजनीति में खेल के नियम पूरी तरह बदल चुके हैं, मुहावरे भी बदल गए हैं। यह जानने और चुनावी मैदान में बुरी तरह घायल हो जाने के बावजूद यदि वे किन्हीं पुराने मूल्यों की पुनर्स्थापना करना चाहते हैं, तो स्वाभाविक ही सवाल उठता है कि इसके लिए उनकी कार्ययोजना क्या है? उसे अमल में आने के लिए क्या वे कोई समयबद्ध कार्यक्रम बना रहे हैं और इसमें उनका साथ कौन देगा? क्या सत्तालोलुप कांग्रेसियों में इतना धीरज और साहस है कि वे उनके साथ-साथ चल सकें? जब राजनीति करने का मूल मकसद ही स्वार्थपूर्ति हो तब सिद्धांतों पर टिके रहने वाले कार्यकर्ता कहां से जुटेंगे?'*

**(देशबन्धु में 13 जून 2019 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2019/06/blog-post_12.html

## आज जयंती

### यथार्थ को समझने के लिए प्रेमचंद जी को पढ़ना होगा

प्रेमचंद जी हिंदी साहित्य के युग प्रवर्तक माने जाते हैं। हिंदी साहित्य के महान पुरोधा ने अपनी रचनाओं में जनसाधारण की भावनाओं, परिस्थितियों और उनकी समस्याओं का मार्मिक चित्रण किया है। उन्होंने पूस की रात में किसानों की समस्या को उजागर किया है तो बूढ़ी काकी में वृद्धों की समस्या को समाज के सामने आईने की तरह परोसा है। दूध का दाम दलितों की समस्या तो कफ़न गरीबी का चित्रण करता है। इसी तरह नया विवाह में महिलाओं की समस्या को उकेरा गया है। मुंशीजी की कहानियों की यह विशेषता कही जा सकती है कि उन्होंने हिंदुस्तानी भाषा – शैली को पूर्ण सम्मान प्रदान किया। इसके अलावा प्रेमचंद जी ने अपनी कहानियों में मुहावरों व लोकोक्तियों का प्रयोग करने के साथ ही साथ व्यंग्य को भी यथोचित स्थान प्रदान किया। कहानियों में मनोविज्ञान के दर्शन करने हों तो हमें मुंशीजी की कहानियों के पन्ने पलटने होंगे। इसे परखना हो तो सभ्यता का रहस्य में किसान मनोविज्ञान, बूढ़ी काकी में वृद्ध मनोविज्ञान तथा ईदगाह में बाल मनोविज्ञान की सूक्ष्म परतें खुरेची जा सकती हैं। यह कहने में कोई किन्तु-परंतु नहीं कि प्रेमचंद जी ने कहानी की नवजात परंपरा को अपने लेखन द्वारा परिपक्व परंपरा में परिवर्तित कर दिखाया।

अपने जीवनकाल में प्रेमचंदजी ने उपन्यास को सबसे अच्छा माध्यम माना। उनका कहना था साहित्य में यथार्थ कई रंगों में व्यक्त होता है। साहित्य की सभी विधाएं जीवन के किसी न किसी अनुभव को अभिव्यक्ति प्रदान करती हैं, किंतु सामाजिक जीवन जितना और जिस रूप में उपन्यास के द्वारा अभिव्यंजित होता है उतना साहित्य की किसी अन्य विधा द्वारा नहीं। मानव जीवन की विविधता सर्वाधिक विशद रूप में उपन्यास में ही व्यक्त होती है। इस तरह वे उपन्यास को मानव जीवन की यथार्थ अभिव्यक्ति माना करते थे। वे यथार्थवाद के विषय में कहा करते थे कि- यथार्थवाद यदि हमारी आंखें खोलता है, तो आदर्शवाद हमें उठाकर किसी मनोरम स्थान पर पहुंचा देता है।

हिंदी साहित्य में प्रेमचंद जी का नाम स्मरण में आते ही हिंदी के प्रति प्रेम और स्नेह उमड़ने लगता है। वे एक ऐसे लेखक थे जिन्होंने हिंदी साहित्य को न केवल निश्चित दिशा दी बल्कि उसे सम्मानजनक स्थान पर स्थापित भी किया। मुंशी प्रेमचंद आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने अपने दौर में थे। किसान जीवन के साथ ही समाज में व्याप्त रूढ़िवादियों और गरीबी से जुड़ी कहानियों पर उनकी मजबूत पकड़ और समझ को देखते हुए उनकी प्रासंगिकता और अधिक बढ़ जाती है।

**-सूर्यकांत मिश्रा**

उल्टा पुल्टा

लड़की (अकड़ दिखाते हुए)- तुम नहीं जानते, लोग मरते हैं मुझ पर.

मंटू- क्यों, तुम क्या किसी सरकारी अस्पताल का बिस्तर हो?

# सिम्स में ऑपरेशन के दौरान सोनोग्राफी की मदद से निकाले गए लोहे के चार तार

## 10 वर्षीय बालक को पैर के दर्द से मिली राहत






**बिलासपुर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। सिम्स (छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान) में चिकित्सकीय क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई है। रेडियोलॉजी विभाग और सर्जरी विभाग के संयुक्त प्रयास से ऑपरेशन के दौरान सोनोग्राफी की मदद से एक 10 वर्षीय बालक के पैर में फंसे लोहे के चार तार को सफलतापूर्वक निकाला गया।

लमेर निवासी 10 वर्षीय आदित्य खांडे पिता दिप कुमार लगभग चार माह पूर्व साइकिल चलाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में साइकिल का टायर फटने से बाहर निकला लोहे का तार उसके दाहिने पैर में घुस गया। तार पैर में टूटकर अंदर फंस गया और चार टुकड़ों में लगभग 2 से 5 सेमी लंबाई में मांसपेशियों में धंस गया। इसके बाद बच्चे को लगातार सूजन और दर्द की शिकायत बनी रही।

तीन दिन पूर्व परिजन उसे सिम्स के सर्जरी विभाग में लेकर पहुंचे, जहां सर्जन डॉ. बी.डी. तिवारी ने जाँच करवाई। एक्सरे और सोनोग्राफी से यह पुष्टि हुई कि तार पैर की मांसपेशियों में गहराई तक धंसा हुआ है, और अंदर ही अंदर मवाद बन चुका है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉ. ओ.पी. राज एवं डॉ. बी.डी. तिवारी ने ऑपरेशन का निर्णय लिया। परंतु ऑपरेशन के दौरान चीरफाड़ को न्यूनतम रखने और तारों की सटीक लोकेशन जानने के लिए रेडियोलॉजी विभाग की मदद ली गई। विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह के निर्देशन में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमन अग्रवाल ने ऑपरेशन थिएटर में ही लाइव सोनोग्राफी के माध्यम से लोहे के तारों की सटीक स्थिति चिन्हित की। इसके आधार पर सर्जनों ने बहुत ही कम चीरफाड़ कर सफलतापूर्वक सभी चार तारों को निकाल सर्जरी विभाग मैं इलाज किया जा रहा है

### उक्त इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निशुल्क में किया गया है

इस जटिल ऑपरेशन में सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. रघुराज सिंह, एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति, रेडियोलॉजी विभाग की डॉ. भावना रायजादा, डॉ. मिल्टन, डॉ. श्वेता कुजूर, और डॉ. मयंक आगरे का सराहनीय योगदान रहा।

सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमनेश मूर्ति और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने सभी चिकित्सकों की इस सामूहिक उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए कहा,

दूर-दराज एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के लिए आपकी चिकित्सीय निष्ठा और परिश्रम अनुकरणीय हैं। आपके समर्पण और सेवा भावना को संस्थान गौरव की दृष्टि से देखता है। इसी प्रकार आगे भी संस्था का नाम रोशन करते रहें।

## संपादकीय

### स्टेशनों पर सावधानी ज़रूरी

*ज्यादातर लोग रेलवे यात्रा करते हुए अपने सामानों की सतर्कता से रक्षा करते हैं। लोग सामानों को इस तरह से रखते हैं कि उनकी नज़रें बनी रहें। लम्बी यात्राएं करने वाले उन्हें सीटों के नीचे जंजीरों से बांधकर रखते हैं। जिनके पास छोटा या एकाध सामान ही होता है वे उन्हें इस प्रकार रखकर सोते हैं कि यदि कोई चोरी करना चाहे तो उन्हें तत्काल पता चल जाये। कोई उन्हें सिरहाने रखकर सोता है तो कोई पैरों के नीचे दबाकर। यह किसी एक राज्य की बात न होकर पूरे देश का मामला है। यात्रियों की तमाम सतर्कता के बावजूद कई तरह की चोरियां होती ही रहती हैं क्योंकि इन कामों को अंजाम देने वाले लोगों की रेकी करते हैं तथा मौके की ताक में रहते हैं। कई बार जिन्हें सहयात्री समझ लिया जाता है, वे भी हाथ साफ कर निकल लेते हैं। अनजान यात्रियों से घुल-मिलकर बातें करना, उनके हाथों से किसी खान-पान की सामग्री का सेवन करना भी लोगों को महंगा पड़ जाता है। निचले दर्जों के डिब्बों में ऐसी घटनाएं ज्यादा होती हैं।*

*इसमें कोई शक नहीं कि अब लोग सावधानी व सुरक्षित तरीके से यात्राएं करने के हरसम्भव उपाय करते हैं जो कि अच्छी बात है; लेकिन उतना ही ज़रूरी है स्टेशनों पर सतर्क रहना। यात्रियों का बड़ा नुकसान स्टेशनों पर भी होता है। इसके चलते यह भी ज़रूरी हो गया है कि लोग स्टेशनों पर सावधान रहें। बहुत से यात्रियों की आदत होती है प्रत्येक स्टेशन पर उतरकर प्लेटफॉर्मों पर चहलकदमी करना। फिर जब गाड़ी छूटने लगती है तब वे सरकती हुई ट्रेन में चढ़ते हैं। ऐसे समय उनके मोबाइल या बटुवे निकाल ले जाने या गिरने का खतरा रहता है। ठहरी हुई ट्रेन में डिब्बों की खिड़कियों के पास बैठे यात्रियों के मोबाइल झटक लिये जाने या चोरों द्वारा हाथ डालकर कोई सामान उठा लिये जाने के भी वीडियो अक्सर वायरल होते हैं। एसी डिब्बों में तो यह खतरा नहीं रहता पर जो लोग खुली खिड़की के पास बैठते हैं उन्हें तब तक मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करना चाहिये जब तक कि ट्रेन स्टेशन पर रुकी हो। सामानों को भी खिड़की से दूर या सुरक्षित तरीके से रखना चाहिये। सीट के नीचे की जगह सर्वाधिक सुरक्षित होती है।*

*सबसे बड़ा खतरा होता है खाद्य सामग्री, पानी, जूस, अखबार, किताबें, दवा आदि लेने के लिये उतरना। कभी ट्रेन छूटती है तो कभी छुट्टे के अभाव में उनका आर्थिक नुकसान होता है। भाग-दौड़ में मोबाइल-बटुवा साफ होना या ट्रेन में रखा उनका सामान चोरी होता है। शुक्रवार को लिंक एक्सप्रेस से बिलासपुर से रायगढ़ (ओडिशा) जा रहा एक यात्री रायपुर स्टेशन पर खाना लेने उतरा। अपने एसी कम्पार्टमेंट में पहुंचने पर उसने अपना बैग गायब पाया। शुक्र है कि चोर पकड़ा गया व बैग मिल गया।*

## सार-संक्षेप




### सेंदरी में फलदार वृक्षों का पौधरोपण

**बिलासपुर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। लायंस क्लब बिलासपुर क्लासिक प्लस बिलासपुर द्वारा राम जानकी वाटिका सेंदरी मे 55 फल दार वृक्ष आम, कटहल, नींबू, नीम, इमली, जामुन, वट , तुलसी एवं पीपल लगाए गए, जिसमे क्लब अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, सचिव माधवी स्वर्णकार, कोषाध्यक्ष निशा गुप्ता, कमलेश गुप्ता, लक्ष्मी सराफ राधिका स्वर्णकार, राजेश मिश्रा, सुशील सराफ, विष्णु गुप्ता, महेश स्वर्णकार, कल्पना गुप्ता, किशोरी गुप्त, विशाल गुप्ता, सत्यनारायां गुप्ता, पर मेश्वर तिवारी सहित क्लब के सदस्य उपस्थिति थे।

### कर्मचारी विरोधी निर्णयों के खिलाफ आंदोलन की पुकार

**बिलासपुर,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लिए गए कुछ प्रमुख कर्मचारी विरोधी निर्णयों के खिलाफ सभी को एकजुट होने की आवश्यकता है। इन निर्णयों से न केवल नौकरी और भविष्य पर प्रभाव पड़ेगा, बल्कि हमारे अधिकारों और पहचान पर भी हमला होगा।

कर्मचारी विरोधी निर्णय में युक्तियुक्तकरण के नाम पर स्कूल बंद और पद समाप्त हो। सैकड़ों स्कूल बंद कर दिए गए और हजारों पद समाप्त कर दिए गए, जिससे कर्मचारियों का भविष्य अधर में पड़ गया। जीपीएफ और एनपीएस निवेश पर सरकार का नियंत्रण हो। अब सरकार कर्मचारियों की बचत राशि के निवेश पर स्वयं निर्णय लेगी, जिससे हमारी वित्तीय सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। पदोन्नति के लिए कंप्यूटर डिग्री अनिवार्य है। चतुर्थ श्रेणी से तृतीय श्रेणी में पदोन्नति के लिए अब बीई एमसीए या कंप्यूटर डिग्री अनिवार्य कर दी गई है, जिससे हजारों कर्मचारी वंचित हो जाएंगे। पुरानी पेंशन योजना का समाप्त होना गलत है। प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना को 1 अगस्त से पूर्णत समाप्त करने की घोषणा कर दी गई है, जिससे हमारे भविष्य पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। यह तो सिर्फ शुरुआत है। अगर अब भी हम नहीं जागे, तो आने वाले समय में हमारी पहचान और अधिकार दोनों समाप्त हो जाएंगे। इसलिए सभी संगठन के प्रांतीय नेतृत्वकर्ता अपने-अपने मतभेद भुलाकर एकजुट हों। यदि आज हम एक नहीं हुए, तो हमारी आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा 22 अगस्त को घोषित आंदोलन में पूरी ताकत से भाग लें। यह केवल आंदोलन नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। आइए, हम सभी एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा करें और अपने भविष्य को सुरक्षित बनाएं। संघ के अध्यक्ष चन्द्रशेखर पाण्डेय ने समस्त पदाधिकारी और सदस्य गण छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा बिलासपुर से अपील की है कि सभी इस आंदोलन का हिस्सा बने।

### महिलाओं के लिए तीन दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प 20 से, निजी कंपनी करेगी 500 पदों पर भर्ती

**बिलासपुर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। जिले की महिला अभ्यर्थियों को रोजगार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 20 अगस्त से 22 अगस्त 2025 तक विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। यह कैम्प 20 अगस्त को सवेरे 10 बजे से शाम 4 बजे तक शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा एवं शासकीय जे.एम.पी. महाविद्यालय तखतपुर, 21 अगस्त को शासकीय निरंजन केशरवानी महाविद्यालय कोटा एवं शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय मस्तुरी तथा 22 अगस्त को शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक बिलासपुर में आयोजित होंगे। इन कैम्पों में दहेज, जिला भरूच, गुजरात द्वारा केवल महिला अभ्यर्थियों के लिए 500 मशीन ऑपरेटर पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक महिला अभ्यर्थी जो 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा या स्नातक (किसी भी विषय में) उत्तीर्ण हैं, वे संबंधित तिथि एवं स्थल पर सवेरे 10 बजे से शाम 4 बजे तक उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकती हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए रोजगार कार्यालय बिलासपुर, वेबसाईट रोजगार एप या संबंधित महाविद्यालयों से संपर्क किया जा सकता है।

# जी श्रेणी शासकीय कर्मचारी के वेतन से नहीं कर सकते वसूली

## हाईकोर्ट डीबी का महत्वपूर्ण आदेश

**बिलासपुर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। डिल्स कुमार साहू एवं अन्य आरक्षक एस.टी.एफ., बघेरा, जिला-दुर्ग में पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त आरक्षकों के विरुद्ध पूर्व के सेवाकाल में अधिक वेतन का हवाला देकर वेतन से वसूली का आदेश जारी किया गया था ।उक्त वसूली आदेश को याचिकाकर्तागण द्वारा अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं स्वाती कुमारी के माध्यम से हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर चुनौती दिये जाने पर हाईकोर्ट के सिंगल बेंच द्वारा वसूली आदेश को निरस्त कर दिया गया था।

सिंगल बैंच द्वारा पारित निर्णय के विरुद्ध छत्तीसगढ़ शासन द्वारा हाईकोर्ट में चीफ जस्टिस के डिवीजन बेंच के समक्ष रिट अपील प्रस्तुत की गई थी। याचिकाकर्ताओ के अधिवक्ता अभिषेक माम्डेय एवं स्वाती कुमारी द्वारा हाईकोर्ट के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत किया गया कि उक्त आरक्षकों को अधिक वेतन भुगतान त्रुटिपूर्ण वेतन नियम के कारण किया गया जिसमें उक्त आरक्षकों की कोई त्रुटि नहीं है। यह अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गलती है। इसके साथ ही सुप्रीमकोर्ट द्वारा स्टेट ऑफ पंजाब विरूद्ध रफीक मसीह के न्यायदृष्टांत का हवाला दिया गया जिसमें सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्णय दिया गया कि त्रुटिपूर्ण वेतन नियतन के कारण किसी भी तृतीय श्रेणी के शासकीय कर्मचारियों को अधिक वेतन भुगतान का हवाला देकर उनके वेतन से किसी भी प्रकार की वसूली नहीं की जा सकती है।



चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस बी.डी. गुरू की डिवीजन बेंच द्वारा उक्त मामले की सुनवाई के दौरान छत्तीसगढ़ शासन, पुलिस विभाग द्वारा प्रस्तुत की गई रिट अपील को खारिज करते हुए आरक्षकों के पक्ष में निर्णय घेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को यह निर्देशित किया गया कि वे आरक्षकों के वेतन से वसूल की गई राशि छः प्रतिशत ब्याज के साथ तत्काल उन्हें वापस करें।

# नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 में फॉर्म भरने की अंतिम तिथि अब 13 अगस्त तक

**बिलासपुर,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। नवोदय विद्यालय समिति ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025 के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। पहले आखिरी तारीख 29 जुलाई थी जो अब बड़ा कर 13 अगस्त कर दी गई है। अब विद्यार्थी 13 अगस्त 2025 तक ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। यह परीक्षा भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तहत संचालित की जाती है और इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली छात्रों को गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना है। नवोदय विद्यालयों की विशेषताएं है कि यह विद्यालय सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध सह-शिक्षा आवासीय संस्थान होते हैं, जहाँ कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक छात्रों को पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। हर छात्र को विद्यालय द्वारा निःशुल्क आवास, भोजन, स्कूल यूनिफॉर्म, पाठ्य पुस्तकें और स्टेशनरी दी जाती है। देश के प्रत्येक जिले में एक नवोदय विद्यालय स्थापित किया गया है और प्रत्येक वर्ष कक्षा 6 वीं तथा 9 वीं में सीमित सीटों पर योग्य छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। परीक्षा का नाम जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025 प्रवेश कक्षा 6 वीं है। नई अंतिम तिथि 13 अगस्त 2025 है। आवेदन शुल्क निःशुल्क है। आवेदन लिंक में किए जा सकते है। जो विद्यार्थी सरकारी, सहायता प्राप्त या मान्यता प्राप्त विद्यालयों में पढ़ रहे हैं और प्रवेश की पात्रता रखते हैं, वे जल्द से जल्द आवेदन करे। नवोदय विद्यालयों में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे वे भविष्य में देश के जिम्मेदार नागरिक बन सके। किसी भी पालकों को या बच्चों को नवोदय विद्यालय के बारे में, जैसे कि फॉर्म भरने या उसके पढ़ाई लिखाई, तैयारी कैसे करें या किसी भी प्रकार की निःशुल्क जानकारी व परामर्श के लिए कमांडर संदीप मुरारका एवं उनकी टीम से 7089905625 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# भू माफियाओं के अवैध प्लाटिंग पर दूसरे दिन भी चला निगम का बुलडोज़र

## अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम की लगातार कार्रवाई जारी

## बहतराई,मोपका और खमतराई में की गई कार्रवाई

## निगम कमिश्नर के निर्देश पर कार्रवाई,आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई




**बिलासपुर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। शहर में चल रहे अवैध प्लाटिंग के खिलाफ़ नगर निगम ने दूसरे दिन फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध प्लाट में बनाए गए सड़क,नाली और बाऊण्ड्रीवाल को तोड़ दिया है।निगम कमिश्नर श्री अमित कुमार के निर्देश पर कार्रवाई की गई है।

नगर निगम सीमा क्षेत्रान्तर्गत अवैध कालोनी निर्माण और प्लाटिंग का कार्य मोपका, बहतराई, खमतराई में किया जा रहा था। जिस पर आज निगम ने अपना बुलडोजर चलाया। मोपका में खसरा नंबर 1/1 शुभम ताम्रकार, खसरा नंबर 5/4 भवानी लाल बरेठ, खसरा नंबर 33/2 सत्यनारायण जायसवाल,खसरा नंबर 465/1 दिनेश कृपाल सिंह,खसरा नंबर 472/1 शांति प्रकाश तिर्की द्वारा अवैध प्लाटिंग कर जमीन को टुकड़ों में बेची जा रही थी। इसके अलावा खमतराई में खसरा नंबर 257/1,297/1, बहतराई में खसरा नंबर 347, बहतराई के कमल विहार में खसरा नंबर 644, 645 की भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जा रही थी,जिस पर कार्रवाई करते हुए निगम ने सड़क,बाउंड्रीवाल और नाली को ध्वस्त कर दिया है। इसके अलावा बहतराई के कमल विहार में नागेंद्र पुरी गोस्वामी,अविनाश पुरी गोस्वामी के निर्माणाधीन अवैध मकान को भी तोड़ा गया है। आज की कार्रवाई में अतिक्रमण,भवन शाखा,जोन क्रमांक 7 एवं पुलिस तथा राजस्व विभाग की टीम शामिल रही।

# सीयू में स्नातक स्तर पर प्रवेश हेतु रिकॉर्ड अभ्यर्थियों ने किया पंजीयन

**बिलासपुर,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय नैक से ए डबल प्लस ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक स्तर में प्रवेश के लिए रिकॉर्ड 32292 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के सक्षम नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय नित नये प्रतिमान स्थापित कर रहा है। अध्ययन-अध्यापन के लिए समुचित सुविधाओँ के साथ हरित परिसर देश के श्रेष्ठ उच्च शिक्षण केन्द्रों में से एक है। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए 26 स्नातक कार्यक्रम तथा 01 डिप्लोमा कार्यक्रम हेतु 32292 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया है। जिसमें कला स्नातक (ऑनर्स) (मानव विज्ञान) में 349, कला स्नातक (ऑनर्स) (अर्थशास्त्र) में 679, कला स्नातक (ऑनर्स) (हिंदी) में 180, कला स्नातक (ऑनर्स) (इतिहास) में 672, कला स्नातक (ऑनर्स) (पत्रकारिता एवं जनसंचार) में 607, कला स्नातक (ऑनर्स) (राजनीति विज्ञान) में 851, कला स्नातक (ऑनर्स) (अंग्रेजी) में 831, बीबीए में 1245, वाणिज्य स्नातक (ऑनर्स) (वाणिज्य) में 1098, बीसीए में 1295, बीए एलएलबी में 2531, बीकॉम एलएलबी में 1050, फार्मेसी स्नातक में 2580, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (मानव विज्ञान) में 864, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (जैव प्रौद्योगिकी) में 4271, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (वनस्पति विज्ञान) में 1892, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (रसायन विज्ञान) में 1395, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (कंप्यूटर विज्ञान) में 259, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (इलेक्ट्रॉनिक्स) में 324, विज्ञान स्नातक विज्ञान (ऑनर्स) (भौतिकी) में 807, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (फोरेंसिक विज्ञान) में 2584, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (वानिकी) में 1225, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (गणित) में 829, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (ग्रामीण प्रौद्योगिकी) में 464, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (प्राणी विज्ञान) में 2621, समाज कार्य स्नातक (समाज कार्य) में 291, एवं डिप्लोमा फार्मेसी में 498 शामिल हैं। सत्र 2025-26 के लिए 32292 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 13709 ज्यादा पंजीयन है। सत्र 2024-25 के लिए 18583 विद्यार्थियों ने प्रवेश हेतु पंजीयन किया था। सत्र 2024-25 की तुलना में वर्ष 2025-26 हेतु प्रवेश के लिए पंजीयन कराने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत 70 से ज्यादा है।



# कुलपति पद संभालते ही एक्शन में डॉ. सारस्वत

## शिक्षकों-अधिकारियों संग की पहली मैराथन बैठक



**बिलासपुर**, 30 जुलाई 2025।पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय में शैक्षणिक और प्रशासनिक ऊर्जा का नया संचार देखने को मिला जब नव नियुक्त कुलपति प्रोफेसर डॉ. वीरेंद्र कुमार सारस्वत ने विधिवत रूप से अपना पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालते ही उन्होंने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक प्राध्यापकों, गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों, अधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों के साथ मैराथन बैठक आयोजित कर अपने विजन को साझा किया।

प्रो. सारस्वत ने विश्वविद्यालय के सर्वांगीण विकास, अकादमिक उत्कृष्टता, और डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में समर्पित कार्य योजना प्रस्तुत की।

उन्होंने कहा, मुक्त विश्वविद्यालय की भूमिका बदलते समय के साथ और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। हमें तकनीक, गुणवत्ता और पहुँच— तीनों स्तरों पर सुधार लाना होगा।

### विज़न की प्रमुख बातें

कुलपति ने कहा कि आने वाले समय में ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म, मोबाइल ऐप आधारित लर्निंग, वर्चुअल क्लासरूम और एसएलएम की डिजिटल उपलब्धता को प्राथमिकता दी जाएगी। विश्वविद्यालय में रिसर्च सेंटर की स्थापना, पीएचडी गाइडलाइंस का सुदृढ़ीकरण तथा गुणवत्तापूर्ण प्रकाशन को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जाएगा। प्रोफेसर सारस्वत ने प्रशासनिक प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए समर्थ आधारित प्रणाली लागू करने की बात कही। बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि टीमवर्क ही किसी भी संस्था की असली शक्ति होती है। विश्वविद्यालय का प्रत्येक शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारी विश्वविद्यालय के परिवर्तन का वाहक बनेगा।

### बैठक में सकारात्मक संवाद

लगभग ढाई घंटे तक चली इस मैराथन बैठक में विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने अपनी समस्याएं, सुझाव एवं अपेक्षाएं रखीं। कुलपति ने सभी को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वस्त किया कि प्रशासन अब संवेदनशील, संवादशील और जवाबदेह बनेगा।

## सार-संक्षेप

### बांकी नपा में सामान्य सभा नहीं, विपक्षी पार्षद चिंतित



**कोरबा,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। बाँकीमोंगरा नगर पालिका के विपक्षी पार्षदों ने सामान्य सभा नहीं होने पर चिंता जताते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को निराकृत किया जाए। नेता प्रतिपक्ष मधुसुदन दास व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज चौहान के साथ पार्षदों ने कलेक्टर से मुलाकात की। कहा गया कि नगर नालिका में प्रत्येक 2 माह में कम से कम एक बार सम्मेलन करवाना आवश्यक है लेकिन बांकीमोंगरा में ऐसा नहीं हो रहा है। जिसके कारण जनता से संबंधित आवश्यक मूलभूत और विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। कलेक्टर से कहा गया कि सामान्य सभा की बैठक हेतु दिशा निर्देश देवें। इस अवसर पर पार्षदों ने कहा कि बाँकी मोंगरा क्षेत्र में लगभग 80 प्रतिशत स्ट्रीट लाइट बंद हो चुके हैं,बरसात के समय लाइट व्यवस्था के कारण अत्यंत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### नागपंचमी को पोड़ीबहार में कोबरा का रेस्क्यू



**कोरबा,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। नागपंचमी पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत रूप से लोगों ने सर्पों की पूजा की। प्रतिकात्मक ढंग से इसे निपटाया। इस मौके पर रेस्क्यू टीम ने पोड़ीबहार क्षेत्र में एक कोबरा को सुरक्षित पकड़ा। बताया गया कि एक आवास के छज्जे में कोबरा सामान के बीच बैठा था। रेस्क्यू टीम प्रभारी जितेन्द्र सारथी ने बताया कि बड़ी सावधानी से सभी सामान को हटाया गया, फिर उसको सफलता पूर्वक रेस्क्यु किया गया तब जाकर सभी ने राहत की सांस ली और जितेंद्र सारथी का धन्यवाद् ज्ञापित किया। बाद में कोबरा को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।

### अवंतिका को युवक कांग्रेस में बड़ी जिम्मेदारी



**कोरबा,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के दीपका क्षेत्र की बेटी अवंतिका तिवारी को भारतीय युवा कांग्रेस की नई राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी के सी वेणुगोपाल के द्वारा यह नियुक्ति प्रदान किया गया। डीएवी गेवरा और बीएचयू वाराणसी से शिक्षा प्राप्त कर अवंतिका ने भारतीय जन संचार संस्थान से डिग्री ली। उन्होंने चुनावों में कई राज्यों में प्लेसमेंट कंपनी के लिए काम किया। बाद में महिला सशक्तिकरण की तरफ भूमिका निभाई। दीपका निवासी एसईसीएल कर्मी सृष्टिधर तिवारी की पुत्री अवंतिका तिवारी की इस नियुक्ति पर कोरबा जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में हर्ष का माहौल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने उन्हें बधाई देते हुए इसे जिले के लिए गौरव का क्षण बताया।

### पार्श्व गायक रफी की याद में कार्यक्रम आज

**कोरबा,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। जाने-माने पार्श्व गायक मो. रफी को उनकी पुण्यतिथि पर 31 जुलाई को हरिमंगलम में सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जा रही है। शाम 6 बजे से यह कार्यक्रम होगा। मेयर संजूदेवी राजपूत, संगीत गुरू मोरध्वज वैष्णव अतिथि होंगे। अशोक अग्रवाल व श्यामल मल्लिक विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। आयोजक मो. अनीस ने संगीतप्रेमियों से उपस्थिति दर्ज कराने कहा।

### गायत्री साहू को मिली पीएचडी उपाधि



**कोरबा,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। कमला नेहरु महाविद्यालय कोरबा के रसायन शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका, श्रीमती गायत्री साहू को अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई। इन्होंने अपना शोध कार्य बिलासपुर के शासकीय ई. राघवेंद्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय की रसायन शास्त्र विषय की सहायक प्राध्यापिका डॉ. श्रीमती रीता बाजपेई के कुशल मार्गदर्शन में पूर्ण किया। इनके शोध का विषय ए स्टडी आफ बीहेवियर आफ हैवी मेटल्स इन सेलेक्टेड प्लांट स्पीशीज एंड रिस्पेक्टिव साइल सैम्पल्स आफ कोरबा था। इस उपलब्धि को हासिल करने में उनके पति राजेश राजन के सहयोग एवं परिवार के प्रोत्साहन ने अहम भूमिका निभाई।

### विनोद सिन्हा का निधन



**कोरबा,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के वरिष्ठ पत्रकार और छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे हार्ट अटैक के बाद निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराए गए थे, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। विनोद सिन्हा कोरबा पत्रकारिता के एक जाने-माने नाम थे। उन्होंने अपने पत्रकारिता करियर में कई अखबारों के लिए काम किया और समाज के विभिन्न मुद्दों पर अपनी आवाज उठाई। विनोद सिन्हा के निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को संपन्न होगा।

### पुष्पलता पालीवाल का निधन



**कोरबा,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। बांकीमोंगरा के प्रतिष्ठित नागरिक व महेश मेडिकल स्टोर्स बांकी मोंगरा के संचालक राजेश पालीवाल एवं मनीष पालीवाल की माता श्रीमती पुष्पलता पालीवाल का 29-30 जुलाई की मध्य रात्रि 1.15 बजे हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया। निधन के समाचार से परिजनों व शुभचिन्तकों सहित नगरजनों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है।

### जमुना देवी द्विवेदी का निधन



**कोरबा,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। दादरखुर्द निवासी श्रीमती जमुना देवी द्विवेदी का आज नारायण हॉस्पिटल रायपुर में निधन हो गया। वे जगन्नाथ मंदिर के पुजारी रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी की धर्मपत्नी एवम कंकालिन मंदिर के पुजारी रामगोविंद द्विवेदी, कुंज बिहारी व शासकीय अभिभाषक कृष्ण द्विवेदी की माता थी। 31 जुलाई गुरुवार को सुबह 11 बजे दादरखुर्द बस्ती से उनकी अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। विभिन्न समाज के लोगों ने उनके निधन पर शोक संवेदना जताई है।

# बनवार में त्रासदी, कुएं के मलबे से निकाले गए पति-पत्नी व पुत्र के शव

### 27 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया एसडीआरएफ ने



**कोरबा,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के बनवार गांव में हुई त्रासदी में आखिरकार एक परिवार के 3 सदस्यों की मौत हो गई। कुआं धंसकने से मलबा में ये तीनों दब गए थे। 27 घंटे तक एसडीआरएफ के द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने के बाद मौके से शव निकाले जा सके। पुलिस ने इस मामले में मर्ग पंचनामा के बाद मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए है। प्रशासन ने परिवार के आश्रित को नियमानुसार आर्थिक सहायता देने की बात कही है।

सोमवार को जटगा चौकी के बनवार गांव में यह घटना हुई। जिसकी जानकारी अगले दिवस वहां के लोगों को हुई। जटगा चौकी व कटघोरा थाना को इस बारे में सूचित किया गया। उस समय तक यहीं मालूम था कि छेदूराम श्रीवास 65 वर्ष, पत्नी कंचन 53 साल और पुत्र गोविंद 30 साल के चप्पल देखे गए है और संभवत: वे लापता है। चूंकि कुआं को धंसा हुआ देखा गया इससे अनहोनी की आशंका व्यक्त की जा रही थी। अगले दिवस रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। 3 जेसीबी को इस ऑपरेशन में लगाया गया। कुएं में मौजूद पानी को मोटर पम्प से निकाला गया। लेकिन कोई नतीजे नहीं आ सके। बाद में चैन माउन्टेन का उपयोग किया गया और 27 घंटे के बाद तीनों सदस्यों के शव यहां से मिले। इस दौरान गांव का माहौल गमगीन हो उठा। रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली लेकिन घटनाक्रम को लेकर उनके पास संवेदना जताने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। जटगा चौकी ने इस मामले में बीएनएस की धारा में मर्ग कायम किया है।

### अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौके पर



बनवार गांव में हुई घटना को लेकर कलेक्टर अजीत वसंत, एसपी सिद्धार्थ तिवारी, एसडीएम टीआर भारद्वाज, कटघोरा टीआई डीएन तिवारी और जटगा चौकी प्रभारी राम पाण्डेय लगातार सक्रिय रहे। उन्होंने अपने निर्देशन में रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। एसडीआरएफ की टीम ने सतत रूप से इस मामले में योगदान दिया। विधायक तानाखार तुलेश्वर मरकाम ने इस मामले में मृतक परिवार के सदस्यों से मिलकर ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि परिवार को यथासंभव सहायता दिलाई जाएगी।

**मोटर पम्प निकालने के दौरान हुई घटना**

जानकारी मिली कि घटना दिवस को घर के तीनों सदस्य अपने कच्चे कुएं में लगी मोटर को निकालने की कोशिश में थे। भारी बारिश के कारण उसके गिरने का डर था। उन्हें नहीं मालूम था कि मोटर पम्प की चिंता उनकी मौत का कारण बन सकती है। खबरों के मुताबिक कुछ महीने पहले ही इस कुएं की खुदाई कराई गई थी और इस काम के लिए छेदूराम ने अपनी जमीन भी गिरवी रखी थी।

## दंपत्ति को खुशी मिली मातृछाया से, 46वां दत्तक शिशु सौंपा





**कोरबा,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। अलग-अलग कारण से पालना घर में छोड़े जाने वाले शिशुओं की वजह से कई दंपत्तियों को खुशी मिल रही है और उनकी जरूरत की पूर्ति हो रही है। सेवा भारती के मातृछाया प्रकल्प ने 46वां दत्तक ग्रहण कार्यक्रम आयोजित कर एक दंपत्ति को शिशु की अधिकारिता सौंपी।

एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के प्रबंधक उत्खनन केके कमल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि मातृछाया एक प्रकार से संवेदनशील और मानवता के हित में बेहतर काम कर रही है। सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश नाहक ने मातृछाया के सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह सेवा भारत की परंपरा और करुणा का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने समाज को ऐसे प्रकल्पों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। कार्यक्रम में सेवा भारती परिवार एवं समाजसेवा से जुड़े डॉ. विशाल उपाध्याय, जुड़ावन सिंह ठाकुर, किशोर बुटोलिया, उमेश सोनी, अभिषेक शर्मा, विनोद अग्रवाल, भागीरथी चंद्रा, चंद्रमा सिंह राजपूत, श्रीमती रेखा सिंह, श्रीमती शोभा सिंह, श्रीमती रीता श्रीवास्तव, श्रीमती निक्की उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सेवा भारती के कोषाध्यक्ष गोविंद माधव उपाध्याय ने किया।

## 17 करोड़ की मल्टीलेवल पार्किंग से हल होगी बड़ी समस्या

### उच्च स्तरीय क्षमता है इस प्रोजेक्ट की, कलेक्टर ने लिया जायजा

**कोरबा,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। लंबे समय से कोरबा वाहनों के बेतरतीब पार्किंग के कारण उत्पन्न होने वाली समस्या से जूझ रहा है। इसे हल करने के लिए कोशिश जारी है। जिला खनिज न्यास मद से 17 करोड़ की लागत से जी-प्लस-3 मल्टीलेवल पार्किंग का काम जोर-शोर से चल रहा है। इसके जल्द पूरा होने के साथ गाड़ियों को पार्क करने की बड़ी समस्या हल होने की उम्मीद है। कलेक्टर अजीत वसंत ने निगम आयुक्त व अन्य अधिकारियों के साथ गुरुवार को इस प्रोजेक्ट की प्रगति जानने के लिए निरीक्षण किया।



कोरबा के सुनालिया चौक से दर्री रोड की ओर जाने वाले बाईपास मार्ग पर 256 चार पहिया वाहनों की क्षमता वाले जी प्लस थ्री मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। अधिकारियों ने निरीक्षण के साथ उक्त मल्टीलेवल पार्किंग में वाहनों की पार्किंग से शेष बचे हुए फ्लोर व स्थल के अन्य उपयोग के संबंध में आवश्यक निर्णय लिए जाने हेतु समिति का गठन करने को कहा। निर्णय के अनुसार आगामी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। कहा गया कि यह प्रोजेक्ट शहर के लिए उपयोगी साबित होगा और कई समस्याओं को दूर करेगा। अधिकारियों ने सी.एस.ई.बी.चौक के समीप स्थित निगम के भण्डारगृह से अशोक वाटिका होकर स्टेडियम की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग में निर्मित डिवाईडर व अन्य कार्यो को देखा। इस काम पर 1.12 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। इससे 1140 मीटर ग्रीलयुक्त डिवाईडर व 60 नग स्ट्रीट लाइट लगाए जाने है। जिला खनिज न्यास मद के अंतर्गत ही मुड़ापार बाजार का सम्पूर्ण रेनोवेशन का कार्य भी निगम द्वारा किया जा रहा है, जिसके तहत 55 नग शेड स्थापित किए गए हैं। बरबसपुर में 03 करोड़ 60 लाख रूपये की लागत से ट्रामिल मशीन की स्थापना की जा रही है, जिसके माध्यम से शहर में प्रतिदिन उत्सर्जित होने वाले ठोस अपशिष्ट का समुचित प्रबंधन सुनिश्चित कराया जाएगा। बताया गया कि डीएमएफ के 40 लाख से केएन कॉलेज का नवीनीकरण कराया जाएगा। मूल स्वरूप में बिना किसी परिवर्तन के इस काम को किया जाना है। इस मौके पर सहायक कलेक्टर क्षितिज गुरूभेले के साथ ही अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, जोन कमिश्नर अखिलेश शुक्ला, विनोद शांडिल्य, भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, संपदा अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, सहायक अभियंता पीयूष राजपूत, राहुल मिश्रा, आकाश अग्रवाल, लीलाधर पटेल, सोमनाथ डेहरे, अश्वनी दास आदि के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## व्यापारियों के हित में किया जाएगा काम : जैन



**कोरबा,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष योगेश जैन ने कहा है कि व्यापारियों के सहयोग से उन्हें दूसरी बार संगठन की बागडोर मिली है। पूरी क्षमता से इस काम को किया जाएगा। व्यापारियों के हित में जो कुछ जरूरी होगा, इसके लिए पूरा प्रयास होगा।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय सांस्कृतिक भवन में नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण के दौरान योगेश जैन ने यह बात कही। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि, मेयर संजूदेवी राजपूत, पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, मोहनलाल जैन, मुरलीधर माखीजा, रामसिंह अग्रवाल व जिला भाजपाध्यक्ष गोपाल मोदी विशिष्ट अतिथि थे। इस दौरान शपथ अधिकारी सीए आशीष खेतान के द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष योगेश जैन, महामंत्री नरेन्द्र अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश रामानी को शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर.पी.तिवारी, राजेन्द्र अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, प्रकाश जैन एवं दिव्यानंद अग्रवाल, संयुक्त महामंत्री राकेश नागरमल अग्रवाल, सह-कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, कार्यालय मंत्री सत्येन्द्र पूरी, संगठन मंत्री करन सोनी एवं राहुल मोदी, कर सलाहकार आशीष खेतान, अखिलेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, नरेश अरोरा, त्रिलोकीनाथ बजाज एवं एडवोकेट कैलाश अग्रवाल, निर्माण समिति दीपक सोनी, आनंद रैकवार, राज अग्रवाल, अरविंद साहू एवं गौतम कोटड़िया, विधिक सलाहकार सुनील मिश्रा एवं राजकुमार मोदी, कार्यक्रम प्रभारी दिनेश सोनी, मीडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल, प्रवक्ता मुकेश गोयल को शपथ दिलाई गई। पूर्व अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल ने भी अपनी बात रखी। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि जिले में चेम्बर का अपना खास स्थान है। मेयर संजूदेवी राजपूत ने उम्मीद जताई कि नई टीम और बेहतर काम करेगी। मंत्री लखनलाल देवांगन ने चेम्बर भवन के विस्तार के लिए 25 लाख रुपए की सहायता की घोषणा की। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से चेम्बर के सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

## गुजराती समाज के सावन उत्सव में क्वीन बनी निधि

**कोरबा,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। गुजराती महिला मंडल का सावन उत्सव धूमधाम से मनाया गया। महिला मंडल की अध्यक्ष बिन्दु मकवाना ने सबका अभिवादन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सह-सचिव श्रीमति भाविका राठौर ने गणेश वंदना से किया। इसके बाद श्रीमति वंदना शाह ने एकल नृत्य की प्रस्तुति दी। आकर्षक ढंग से सजाकर झूले का आनंद लिया। सावन महोत्सव की सावन क्वीन श्रीमति निधि दक्षिणी चुनी गई। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेल एवं स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष निशा रावल, सचिव सोनल शाह, सोनिया भट्ट, प्रीति दक्षिणी, मीनल दक्षिणी, संगीता राठौर, सपना मकवाना, दीपिका टांक, हिना संघवी, शोभा पारेख, फाल्गुनी पारेख, दिप्ती शर्मा, दीपाली शर्मा, सीमा चौहान, संगीता चौहान, हंसा वाघेला, भविता वाघेला ने योगदान दिया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। अध्यक्ष बिदु मकवाना ने अंत में सबका आभार प्रकट किया।



## खेती को लाभ का सौदा बनाने में सफल रहे बृजपाल



**कोरबा,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। जटगा पंचायत के आश्रित रवागांव के युवा किसान बृजपाल पोर्ते खेती से अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनके पास ज्यादा जमीन नहीं है, लेकिन मेहनत और उम्मीद से वे हर साल खरीफ मौसम में अच्छी फसल लेने की कोशिश करते हैं। खरीफ सीजन शुरू होते ही बृजपाल अपनी पत्नी के साथ खेतों में मेहनत करने लगते हैं, जिससे फसल अच्छी हो और परिवार आर्थिक रूप से मजबूत बने। पहले की तरह इस बार भी उन्होंने खेती की तैयारी शुरू की, उन्हें सहकारी समिति जटगा से समय पर उन्नत किस्म के बीज और खाद (यूरिया, डीएपी) मिल गए। इससे खेती का काम सही समय पर शुरू हो गया और आसानी भी हुई। उन्होंने बताया कि खाद बीज लेने में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नही हुई, ना ही समितियों के अनावश्यक चक्कर लगाना पड़ा। समिति में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद बीज की उपलब्धता थी। बृजपाल अपनी पत्नी के साथ मिलकर हर दिन खेत में काम करते हैं। दोनों मिलकर फसल की देखरेख कर रहे हैं। आज बृजपाल अपने खेत मे लगाए धान की फसल में डीएपी और यूरिया का छिड़काव किए है। जिससे फसलों का उत्पादन अच्छा हो। बृजपाल कहते हैं खाद-बीज समय पर मिलने से खेती करने में आसानी हुई है। इस बार फसल अच्छी लग रही है, उम्मीद है कि अच्छा उत्पादन होगा। उन्होंने कहा कि खेती ही उनकी कमाई और जीवन का सहारा है। इसलिए वे पूरी मेहनत कर रहे है ताकि इस साल पैदावार अच्छी हो और परिवार की जरूरतें पूरी की जा सकें।

## लोनिवि की अनदेखी से जेंजरा बाइपास के गड्ढे में फंसे मालवाहक

### वाहन चालकों को होना पड़ा परेशान

**कोरबा,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। कटघोरा के जेन्जरा ढेलवादीह बायपास पर पीडब्ल्यूडी की लापरवाही के कारण सड़क पर मौजूद गड्ढों ने एक बार फिर बड़ी समस्या खड़ी कर दी। बीती रात इस मार्ग पर दो ट्रक गड्ढों में फंस गए, जिससे आवागमन बाधित हो गया और वाहन चालकों व यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।



कटघोरा नगर से बिलासपुर की दिशा में ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए बनाए गए इस बायपास पर बारिश से पहले से ही गड्ढे मौजूद थे। भारी बारिश के कारण इन गड्ढों का दायरा और बढ़ गया, जिससे सड़क पर वाहनों का चलना मुश्किल हो गया। स्थानीय नागरिकों ने कई बार पीडब्ल्यूडी उप संभाग 2 को सड़क की मरम्मत के लिए सूचित किया, लेकिन एसडीओ द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। नतीजतन, बीती रात अलग-अलग दिशाओं से आ रहे दो भारी वाहन गड्ढों में फंस गए। इससे बायपास पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। वाहनों को निकालने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन गड्ढों की गहराई और बारिश के कारण स्थिति जटिल बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने पीडब्ल्यूडी की उदासीनता पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि अगर समय रहते गड्ढों की मरम्मत और सड़क का सुधार कार्य किया गया होता, तो यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। इस घटना ने एक बार फिर सड़क रखरखाव में प्रशासनिक लापरवाही को उजागर किया है। प्रशासन से मांग की जा रही है कि बायपास की मरम्मत जल्द से जल्द की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# कचरा प्रबंधन बने परिणामकारी, इस पर निगम का जोर



**कोरबा,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। लालबहादुर शास्त्री प्रशासनिक अकादमी से प्रशिक्षण के बाद निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय पूरे उत्साह से कामकाज में लगे है। निगम क्षेत्र में कचरा प्रबंधन के साथ-साथ स्वच्छता कार्यों को परिणामकारी बनाने पर उनका फोकस है। आयुक्त पाण्डेय ने सहायक कलेक्टर गुरूभेले के साथ ऐसे कार्यों का निरीक्षण किया।

मुड़ापार, शारदा विहार सहित कई क्षेत्रों में उन्होंने स्कूटर से ऐसे कार्यों का जायजा लिया। मिनीमाता कालेज के पीछे स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर का भी औचक निरीक्षण किया। वहाँ की व्यवस्थाओं को देखा तथा सेंटर में कार्यरत स्वच्छता दीदियों व सेंटर सुपरवाईजर से सेंटर की गतिविधियों पर चर्चा की। उन्होंने सूखे व गीले कचरे का पृथक्कीकरण, कचरे का प्रबंधन आदि का जायजा लेते हुए सेंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसएलआरएम सेंटर में कार्यरत महिलाओं की आय में वृद्धि किए जाने के संबंध में चर्चा की। नवाचार के संबंध में स्वच्छता दीदियों का मार्गदर्शन किया। अधिकारियों ने आदिवासी शक्तिपीठ में चल रहे निर्माण कार्यों को भी देखा और गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुए समयसीमा में कार्य को पूरा किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा एवं भूषण उरांव, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, गोयल सिंह विमल, आकाश अग्रवाल, सहायक राजस्व अधिकारी सुमित गुप्ता, उप अभियंता अश्वनी दास, राजस्व निरीक्षक अविनाश जायसवाल आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप



### बायसी जर्जर मार्ग पर लोगों का चलना हुआ दुभर,एक किलोमीटर सड़क हुई खस्ताहाल

**रायगढ़** 30 जुलाई (देशबन्धु)। जिला के धरमजयगढ़ के बायसी कॉलोनी से प्रेमनगर के बीच लगभग 1 किलोमीटर सडक का हाल ऐसा है मानों सडक पर नहीं खेतो में चल रहें हैं वही अगर देखा जाए तो इतने गड्ढे खेतोँ में भी नहीं होते जितना इस सडक पर मौजूद है सालों पहले जब पत्थलगांव से खरसिया तक सडक निर्माण का टेंडर निकला था तब यह श्रीजी को मिला जो विनायक कंस्ट्रक्शन से कार्य करवा रही है और कार्य की गुडवत्ता आप तस्वीर देखकर ही लगा सकते हैं।

सालों पहले श्रीजी कंपनी की बनाई गई नवनिर्मित सडक धस गई जिसके बाद पीडब्लूडी के कई कर्मचारियों पर कार्यवाही हुई यह वही सड़क हैं जो तबसे बनी अबतक खस्ता हाल में पड़ी हैं जिसपर ना तो निर्माण कर रही कंपनी का ध्यान जा रहा ना ही पीडब्लूड़ी विभाग का। वही विभाग की अनदेखी का ही नतीजा हैं की यह धसी हुई सड़क कई घटनाओं का कारण बन रही है। इससे पहले भी हमारे दैनिक रायगढ़ अंचल समाचार पत्र में कई बार खराब सडक से सम्बंधित समाचार प्रकाशित हो चुका है। जिसमें पुल ऊपर सडक धसने का समाचार चलने पर खबर का असर दिखाई पड़ा था और धसी हुई सडक पर गिट्टी डाली गई। जिस जगह का समाचार चलाया गया था वहा तो गिट्टी डाल डी गई पर उसके पास महज 100 मीटर दूर बड़े-बड़े गड्ढे पीडब्लूडी विभाग को दिखाई नहीं पड़े। ऐसी लापरवाही के कारण ही पहले विभाग के कई अधिकारी कर्मचारियों पर शासन ने कार्यवाही की है पर इसके बाद भी कंपनी के कार्यप्रणाली में कोई सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। पहले निर्मित सडक तो दूर हाल ही में निर्मित सडक पर अब गड्ढे बनने लगे है जिस कारण सोमवार को प्रेमनगर में एक वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई और लोगों की जान बाल-बाल बची। इस हादसे से भी पीडब्लूडी विभाग ने सीख नहीं लिया और सडक पर कोई ध्यान नहीं दिया।

### चक्रधर नगर थाना क्षेत्र में युवक ने लगाई फांसी

**रायगढ़** 30 जुलाई (देशबन्धु)। चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नटवरपुर में एक युवक ने पेड पर फांसी लगा ली है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए शव को पीएम के लिये भिजवा दिया है। मिली सूत्रों से जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के ग्रामपचांयत झागुड़ा के आश्रित गांव नटवरपुर में एक युवक की लाश पेड़ पर लटकी हुईं मिली गांव के लोगों ने पुलिस को इसकी सुचना दे दीं पुलिस मौके पर पहुँच कर शव का पचनामा बनाकर पोस्टमाडम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है की मृतक का नाम कृश धनवार उम्र लगभग 17वर्ष पिता का नाम घासी राम धनवार खबर के अनुसार मृतक युवक अपने घर से रात करीब 9 बजे गांव में घूमने के अनुसार निकला था माता पिता मजदूरी का कार्य करते है और बाहर गए हुए थे सुबह आसपास के लोग नित्य क्रिया करने अपने घर से बाहर निकले तों कोषम के पेड़ पर लाश लटकती हुईं देखे जिसके बाद पुलिस को सुचना दिए युवक द्वारा लगाया गया फाँसी का कारण फिलहाल अज्ञात है।

### औचक निरीक्षण कर एमएमयू में कमिश्नर क्षत्रिय ने कराई डेंगू जांच

रायगढ़ 30 जुलाई (देशबन्धु)। निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने मंगलवार को मेडिकल मोबाइल यूनिट में उपलब्ध इलाज एवं ब्लड यूरीन सुविधाओं का जायजा लेने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं का डेंगू सहित बीपी शुगर अन्य जांच कराई।



सोमवार की दोपहर निगम आयुक्त श्री क्षत्रिय धोबीपारा पुलिया के पास स्थित मेडिकल मोबाइल यूनिट पहुंचे। पूर्व में कमिश्नर श्री क्षत्रिय द्वारा एमएमयू में उपलब्ध इलाज, जांच एवं अनुबंध के अनुसार सुविधा और व्यवस्थाओं से संबंधित समीक्षा की थी। इस दौरान बहुत सारे कमियां भी पाई गई थी, जिसे जल्द दूर करने के निर्देश दिए गए थे। इसी तरह कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने सभी एम एम यू में डेंगू, सिकल सेल, मलेरिया एवं टाइफाइड की जांच सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। निर्देश के तहत एम एम यू की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं में सुधार की जांच करने कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने आज औचक निरीक्षण किया। सबसे उन्होंने एम एम यू में उपलब्ध इलाज एवं विभिन्न बीमारियों से संबंधित ब्लड यूरीन जांच सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान एम एम यू के डॉक्टर एवं स्टाफ द्वारा अनुबंध के अनुसार सभी तरह के इलाज एवं जांच सहित निशुल्क दवाइयां उपलब्ध होने की बात कही गई। इसपर कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने स्वयं का रजिस्ट्रेशन करा कर डेंगू, शुगर, एलएफटी, आरएफटी, सीबीसी आदि जांच कराई स इसमें डेंगू नेगेटिव एवं सभी जांच नॉर्मल रही। कमिश्नर सी क्षत्रिय ने कहा कि वर्तमान में मौसमी बीमारियों के मरीज ज्यादा आते हैं। मौसमी बीमारियों के इलाज से संबंधित पूर्ण सुविधा दवाइयां का स्टॉक रखने के निर्देश दिए गए। इसी तरह लक्षणों को देखकर मरीजों का डेंगू, सिकल सेल, मलेरिया एवं टाइफाइड जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एम एम यू में डेंगू, मलेरिया, सिकल सेल, टाइफाइड की जांच शहरवासियों को उनके घर के पास निशुल्क एवं त्वरित इलाज के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे गरीब एवं मिडिल क्लास लोगों का निशुल्क जांच एवं इलाज उपलब्ध होगा और उन्हें जांच एवं इलाज में अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ेगा। इससे उनका समय और धन दोनों की बचत होगी। कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने शहरवासियों से शासन की इस महत्वपूर्ण योजना से अधिक से अधिक संख्या में निशुल्क जांच एवं इलाज की सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है।

### 101 मातृ शक्तियों द्वारा पार्थिव शिवलिंग पूजन 1 अगस्त से

रायगढ़ 30 जुलाई (देशबन्धु)। 1 अगस्त से 8 अगस्त तक महिला समन्वय रायगढ़ (सेवा भारतीय समिति रायगढ़ के मार्गदर्शन में) अखंड ऊं नमः शिवाय मंत्र जाप का आयोजन करने जा रही है। कार्यक्रम की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। जहां एक ओर पूरा रायगढ़ नगर शिवमय होगा वहीं दूसरी ओर भारतीय संस्कृति और संस्कारों को ही अपनी धरोहर मानने वाली महिला समन्वय रायगढ़ द्वारा इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए 4 अगस्त सावन माह के अंतिम सोमवार को एक विशेष आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 101 मातृ शक्तियों, पार्थिव शिवलिंग बनाकर विशेष पूजा अर्चना करेंगी।इस पूजन में लगने वाली सभी सामग्री समिति द्वारा प्रदान की जाएगी, जिसके लिए समिति द्वारा एक न्यूनतम शुल्क निर्धारित किया गया है। सभी मातृ शक्तियों को स्वयं शिवलिंग का निर्माण करना होगास ऊं नमः शिवाय के मंत्र उच्चारण के साथ पार्थिव शिवलिंग का निर्माण एवं पूजा अर्चना की जाएगी स पूजन पश्चात सभी मातृ शक्तियों द्वारा शिवलिंग को मां केलो में प्रवाह कर इस कार्यक्रम का समापन होगा।

# मुख्यमंत्री की घोषणा पर त्वरित अमल: ग्राम छिंदिया को मिले 1.31 करोड़ के विकास कार्य

### ग्रामीणों कि मांगो को पूरा करना सुशासन का उद्देश्य, विधायक भैयालाल

### सुशासन तिहार शिविर में विधायक व कलेक्टर ने दिए गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश

**कोरिया**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। पटना तहसील के ग्राम छिंदिया में आज एक दिवसीय सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विशेष रूप से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के 8 मई 2025 के आकस्मिक दौरे के दौरान की गई घोषणाओं पर अमल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप बैकुंठपुर विधायक भईया लाल राजवाड़े और कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के समन्वित प्रयासों से ग्राम छिंदिया में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन, 980 मीटर सीसी सड़क, आरसीसी पुलिया और सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए जिला खनिज न्यास से 1 करोड़ 31 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।






#### ग्रामीणों की मांगों को प्राथमिकता देना ही सुशासन का उद्देश्य-विधायक

विधायक श्री राजवाड़े ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि स्वीकृत सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'जनता की जरूरत और मांगों को तवज्जो देना ही असली सुशासन है।' इस दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है।

#### कलेक्टर ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया

कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कहा कि शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों का त्वरित निराकरण किया गया है। कुछ मांगें शासन स्तर से स्वीकृति मिलने के पश्चात पूरी की जाएंगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचे।

#### आम के पौधों का रोपण

सुशासन तिहार के अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत विधायक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, सीईओ, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने स्कूल परिसर में आम का पौधा रोपित किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से अपील की कि श्पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल को भी अपनी जिम्मेदारी समझें। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई और प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी साझा की गई। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से परिचय भी कराया और इससे लाभ लेने के लिए प्रेरित भी किए गए।

शिविर में उपस्थित पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, सदस्य श्रीमती संगीता सोनवानी, सरपंच श्रीमती हेमलता सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रात के अंधेरे में हाथी से दो युवकों का हुआ सामना

### गाड़ी छोड़कर जंगल में भागे

### हाथी मित्र दल की टीम ने सुरक्षित निकाला

**रायगढ़** 30 जुलाई (देशबन्धु)। बीती रात जंगल क्षेत्र में एक बेहद रोमांचक और डरावना दृश्य सामने आया, जब ग्राम बोजिया और औरानारा पक्की मार्ग में स्थित कोठीसराई के पास दो युवकों जब जंगल के रास्ते से गुजर रहे, इसी बीच एक नर हाथी से उनका आमना-सामना हो गया। हाथी को सामने देखकर युवक घबरा गए और गाड़ी वहीं छोड़कर जंगल की ओर भाग निकले।



इस घटना की जानकारी मिलते ही हाथी मित्र दल की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने पूरी सतर्कता और सूझबूझ के साथ जंगल से दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

#### हाथी मित्र दल के सदस्यों ने की अपील

हाथी मित्र दल और वन विभाग की ओर से ग्रामीणों व जंगल के रास्ते सफर करने वालों से अपील की गई है कि वे रात के समय जंगल के रास्ते आवाजाही करने से बचें। खासकर ऐसे इलाकों से जहां हाथियों की लगातार आवाजाही बरनी रहती है।

#### हाथियों की बढ़ती मौजूदगी बनी चिंता का विषय

छाल रेंज में बीते कुछ महीनों से हाथियों की सक्रियता बढ़ गई है। रात होते ही जंगलों में विचरण करने वाले हाथी गांव के करीब पहुंचने लगे हैं। हाथी मित्र दल टीम के अलावा वन विभाग लगातार हाथियों के मूवमेंट पर निगरानी कर रहा है, लेकिन लोगों की लापरवाही से अक्सर ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं।

#### युवकों और परिजनों ने जताया आभार

दोनों युवकों के सुरक्षित निकल आने पर परिजनों और स्थानीय लोगों ने हाथी मित्र दल के सदस्यों का आभार जताया और कहा कि उनकी तत्परता से जान बची। यह घटना एक बार फिर यह याद दिलाती है कि मानव और वन्यजीवों के बीच दूरी बनाना और सतर्कता बरतना कितना जरूरी है।

## धरमजयगढ़ के छाल जंगल में बाघ की दस्तक

### आसपास क्षेत्र में दहशत में ग्रामीण

### वन विभाग ने जंगल में न जाने गांव वालों से की अपील

**रायगढ़** 30 जुलाई (देशबन्धु)। धरमजयगढ़ वन मंडल के अंतर्गत छाल क्षेत्र में बाघ के पदचिन्ह पाए जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों द्वारा जानकारी दिए जाने के बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग की टीम ने पदचिन्हों की पुष्टि की है।



मामले में छाल रेंजर चंद्रविजय सिदार ने बताया कि पदचिन्ह बाघ के ही हैं और टीम द्वारा ट्रैकिंग की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने वन क्षेत्र के समीप खेतों और पगडंडियों पर बड़े-बड़े पंजों के निशान देखे, जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना वन अमले को दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पदचिन्हों का निरीक्षण किया और पुष्टि की कि ये निशान बाघ के ही हैं। रेंजर सिदार ने बताया कि क्षेत्र में ट्रैप कैमरे लगाने की तैयारी की जा रही है, ताकि बाघ की उपस्थिति की पक्की जानकारी मिल सके। साथ ही, आसपास के गांवों में अलर्ट जारी कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मवेशियों को जंगल की ओर न ले जाने की भी अपील की गई है।वन विभाग का कहना है कि यह बाघ आसपास के किसी संरक्षित जंगल से भटककर आया हो सकता है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों को भी सूचित कर दिया गया है। क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है और वन अमला लगातार निगरानी बनाए हुए है। ग्रामीणों में बाघ की मौजूदगी को लेकर भय का माहौल है, लेकिन वन विभाग का कहना है कि घबराने की जरूरत नहीं है, बस सावधानी बरतनी जरूरी है।

## धनागर के कब्रिस्तान में सरपंच गिरवा रहा जिंदल का फ्लाईएश

### पंच व ग्रामीण शिकायत लेकर पहुंचे कलेक्ट्रेट

### सरपंच के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**रायगढ़** 30 जुलाई (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत धनागर के पंचों ने अपने ही सरपंच मयाराम उरांव के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दरअसल, ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के सरकारी कब्रस्तान पर सरपंच ने ही जिंदल के फ्लाईएश गिरवा दिया है। नतीजतन, फ्लाईएश के दलदल में मवेशी फंसकर मर रहे हैं। यही वजह है कि ग्रामीणों ने कलेक्टर से सरपंच की मनमर्जी की शिकायत करते हुए इंसाफ की गुहार लगाई है।



समीपस्थ ग्राम पंचायत धनागर के पंचों ने गांव की महिला-पुरुषों के साथ बुधवार दोपहर कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर हल्ला बोला। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के नाम शिकायत पाती लेकर आए ग्रामीणों ने अपने सरपंच मयाराम उरांव के विरुद्ध आग उगलते हुए जमकर भड़ास भी निकाली। पंच और ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम प्रेषित आवेदन में कहा है कि धनागर के सरकारी कब्रिस्तान में सरपंच मयाराम उरांव द्वारा जिंदल स्टील कंपनी से निकलने वाले जहरीले फ्लाईएश डस्ट को बिना ग्रामीणों की सहमति के 40 से 50 डम्पर गिराया गया है। गांव के लोग जब इसकी शिकायत सरपंच से करते हैं तो वे जनहित में जवाब देने की बजाए अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं।

सरपंच की इस गैरजिम्मेदाराना हरकत से क्षुब्ध पंच और ग्रामीण इसकी शिकायत पर्यावरण विभाग से लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक कर चुके हैं, लेकिन बरसात के मौसम में सरपंच द्वारा फ्लाईएश को सरकारी कब्रिस्तान से नहीं हटाया गया है। ऐसे में वहां चारा खाने के चक्कर में पहुंचने वाले गाय-बैल और बछड़े सहित अन्य मवेशी दलदल में फँसकर मर रहे हैं। कइयों का तो कंकाल अभी भी फ्लाईएश के दलदल में पड़ा है। चूंकि, शासकीय कब्रस्तान में फ्लाईएश के दलदल से भविष्य में कोई आमजन भी फंसकर अपनी जान गंवा सकता है, इसलिए संभावित खतरे को देखते हुए कलेक्टर से उन्होंने आग्रह किया है कि वे सरपंच की मनमर्जी पर नकेल कसते हुए कब्रस्तान से फ्लाईएश को तत्काल हटवाने की दिशा में सकारात्मक पहल करें।

कलेक्टर के नाम हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपने वालों में धनागर के पंच सुखदेव, कीर्तन यादव, फिरोज कुमार, पुनीमति, आशीष कुमार, कांति के साथ काफी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे थे।

## भावेश जैन जिला कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त

### जिला अध्यक्ष, पूर्व विधायकों की उपस्थिति में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने दी जिम्मेदारी

**मनेंद्रगढ़**,30 जुलाई (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्टी की नीति, कार्यक्रम एवं जन सरोकार से जुड़े मुद्दों को डिजिटल माध्यम से प्रभावशाली रूप से आमजन तक पहुंचाने एवं पार्टी की ऑनलाइन उपस्थिति को और सशक्त बनाने हेतु भवेश जैन को जिला कांग्रेस कमेटी मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर का सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।



पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, मनेंद्रगढ़ विधानसभा के विधायक प्रत्याशी रमेश सिंह, पूर्व विधायक विनय जायसवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, प्रभा पटेल जिला, कांग्रेस प्रवक्ता सौरव मिश्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, मनेंद्रगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष राजेश शर्मा, सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। सभी ने भवेश जैन को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वे पार्टी की सोच एवं दिशा को सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में सोशल मीडिया एक प्रभावी माध्यम बन चुका है, ऐसे में संगठन को डिजिटल रूप से मजबूत करना समय की आवश्यकता है। भवेश जैन जैसे युवा, सक्रिय और तकनीकी रूप से दक्ष कार्यकर्ता की नियुक्ति से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए भावेश जैन ने कहा कि मैं पार्टी द्वारा दिए गए इस विश्वास और दायित्व के लिए आभारी हूं। मैं पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ कांग्रेस पार्टी की विचारधारा, नीतियों और जनहितकारी योजनाओं को डिजिटल माध्यम से जनता तक पहुंचाने का कार्य करूंगा। संगठन को सोशल मीडिया के हर मंच पर सशक्त बनाना मेरी प्राथमिकता होगी।

# 11 करोड़ 41 लाख रुपए के विकास कार्यों को दी गई स्वीकृति

### एमआईसी की बैठक में 22 एजेंडा पर की गई चर्चा

**रायगढ़**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। मंगलवार की सुबह महापौर जीवर्धन चैहान की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की बैठक हुई। बैठक में शहर के 11 करोड़ 41 लख रुपए से ज्यादा के विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई।

सबसे पहले राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत आए आवेदनों पर चर्चा करते हुए 13 पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने की स्वीकृति दी गई। इसी तरह इंदिरा गांधी वृद्धा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी दिव्यांग पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, सुखद सहारा पेंशन योजना के 19 पात्र हितग्राहियों के पेंशन की स्वीकृति दी गई। जल एवं उद्यान विभाग के अंतर्गत 102 प्लेसमेंट कर्मचारियों के लिए प्राप्त निविदा पर चर्चा की गई। इसमें न्यूनतम दर को स्वीकृत किया गया।

कार्य की लागत एक करोड़ 65 लाख 10 हजार रुपए है, जिसमें 3.75 एबो दर को स्वीकृति दी गई। इसी तरह लोक निर्माण विभाग उप संभाग रायगढ़ द्वारा ढिमरापुर चैक से कोतरा रोड थाना तक सड़क चैड़ीकरण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिली है, जिसमें जल आपूर्ति के लिए बिछाए गए पाइपलाइन का विस्थापन, फीडर एवं डिस्ट्रीब्यूशन के लिए 5 करोड़ 66 लाख रुपए के स्टीमेट को स्वीकृत किया गया। इसी तरह ढिमरापुर चैक से पतरापाली जिंदल मार्ग, उर्दना चैक से सर्किट हाउस चैक तक, रायगढ़ कोतरा नंदेली मार्ग, रायगढ़ लाइंग महापल्ली मार्ग, टीवी टावर से मेडिकल कॉलेज सड़क का लोक निर्माण विभाग रायगढ़ संभाग द्वारा चैड़ीकरण प्रस्तावित है। इसमें जल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन विस्थापन के कार्यों के स्टीमेट को स्वीकृत किया गया। इसी तरह वार्ड क्रमांक 19 में 20 लाख लीटर क्षमता के ओवरहेड टैंक एवं फीडर लाइन डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने के लिए 86 लाख 28 हजार रुपए के स्टीमेट को स्वीकृत किया गया। नगर पालिका निगम अंतर्गत स्ट्रीट लाइट मरम्मत संधारण के लिए विभिन्न वाट के एलईडी लाइट, एल्युमिनियम वायर, एक एवं तीन फेस टाइमर आदि के लिए एक करोड़ 26 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित रिक्त 2 गोदाम एवं चार दुकानों का आवंटन हेतु ऑफर दर आमंत्रण को स्वीकृत किया गया। निगम क्षेत्र के अंतर्गत आवश्यकता को देखते हुए विभिन्न मरम्मत, संधारण, सौंदर्यीकरण कार्य, उद्यान विकास कार्य, आदर्श मुक्तिधाम निर्माण कार्य, शहर के कुओं का जीणोद्धार, पाइपलाइन, सीवर लाइन शिफ्टिंग, ऑक्सीजोन निर्माण जैसे 12 कार्यों को स्वीकृति दी गई।



इसी तरह निगम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम में टेंट, कुर्सी, माइक, लाइट आदि को स्वीकृत दर पर कार्य कराए जाने की सहमति दी गई। केलो विहार कयाघाट मार्ग के केलो नदी पर पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य एक करोड़ 27 लाख से होगा। इसके रेखण में वाटर सप्लाई, सीवरेज पाइप लाइन, विद्युत पोल शिफ्टिंग एवं अन्य संरचना को विस्थापित करने संबंधित एजेंडा को स्वीकृत किया गया। इसी तरह आर्किटेक्ट, इंजीनियरिंग, स्ट्रक्चर और इससे रिलेटेड सर्विस संबंधित कार्य को स्वीकृत किया गया। 48 लाख की लागत से छाता मुड़ा में रोड से बस्ती तक सड़क निर्माण को की स्वीकृति दी गई। इसी तरह विभिन्न स्थल परिवर्तन कर 23 लाख रुपए से ज्यादा के सीसी सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई। बैठक में एजेंडा से संबंधित पूर्ण जानकारी कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने दिए। बैठक में एमआईसी सदस्य पंकज कंकरवाल, अशोक यादव, मुक्तिनाथ बबुआ, श्रीमती पूनम सोलंकी, श्रीमती त्रिवेणी डहरे, अमित शर्मा, आनंद भगत, उपायुक्त सुतीक्षण यादव, कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया सहित विभाग प्रमुख अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### ग्राम गोरपार में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया
#### छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए पुस्तक और गणवेश

**खरसिया**,30 जुलाई (देशबन्धु)। खरसिया के ग्राम गोरपार में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव प्राथमिक शाला एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल में उत्साह उमंग से मनाया गया नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग जिला महामंत्री महेश साहू जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रविंद्र प्रकाश गबेल जनपद अध्यक्ष राम कुमारी राठिया उपाध्यक्ष डॉ हितेश गबेल जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य एवं सरपंच ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एलएन पटेल बीआरसी प्रदीप साहू की उपस्थिति में छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर शाला प्रवेश करवाया गया। विद्यार्थियों को पुस्तक एवं गणवेश तथा स्थाई जाति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया उपस्थित सभी अतिथि जनों ने सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम के तहत उपस्थित सभी जन नेताओं और शिक्षक शिक्षिकाओं सहित विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया एवं पौधों के बड़े होने तक उनकी देखभाल का संकल्प लिया।



### अवैध महुआ शराब बनाने वालों पर शिवरीनारायण पुलिस का बड़ा प्रहार



**जांजगीर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। थाना शिवरीनारायण पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध कच्ची महुआ शराब के निर्माण एवं बिक्री में संलिप्त आरोपी संजय गौड़ (उम्र 22 वर्ष, निवासी सबरीया डेरा, देवरी) के ठिकाने पर छापा मारकर भारी मात्रा में सामग्री बरामद की।

इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 48 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब (अनुमानित कीमत 13,000 रू), शराब निर्माण हेतु उपयोग में लाई जा रही पैकिंग मशीन, वायर बोर्ड, टुल्लू पंप, ड्रम, बर्तन, डिब्बे और 1150 रू नकद बरामद किए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी चांपा श्री यदुमणी सिदार के नेतृत्व में की गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, एएसआई रामप्रसाद बघेल, प्रधान आरक्षक किशोर दीवान, आरक्षक प्रवीण साहू, जीवन वैष्णव, राजेश कौशिक, बलराम यादव, रामकुमार कश्यप, जय कठोतिया, महिला आरक्षक प्रेमा जांगड़े, सैनी एवं राधेश्याम कश्यप की भूमिका रही।

### समाजसेवक देवेंद्र कुमार अग्निहोत्री को मातृ शोक महेश साहू ने दी श्रद्धांजलि



**खरसिया**,30 जुलाई (देशबन्धु)। ग्राम जाजंग के प्रसिद्ध समाजसेवी राजनेता पंडित देवेंद्र कुमार अग्निहोत्री जी की माता श्रीमती केशरबाई अग्निहोत्री जी का विगत दोनों दुखद निधन हो गया श्रीमती केसरबाई एक धर्म परायण और समाजसेवी महिला थी उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है आज उनके निवास स्थल पर पहुंचकर जिला महामंत्री भाजपा महेश साहू ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों से माता जी के निधन पर शोक प्रकट किया।

### इण्डिया इंटलेक्क्यूल कांनक्लेव में सम्मानित हुए जिले के सहायक आयुक्त सुखदेवे



**सारंगढ़**,30 जुलाई (देशबन्धु)। सारंगढ के आदिवासी विकास विभाग में सहायक आयुक्त के पद पदस्थ बद्रीश सुखदेवे को नई दिल्ली में आयोजित इण्डिया इंटलेक्क्यूवल कांन्लेव समारोह में क्यूनियो अवार्ड से पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद उत्तर प्रदेश के मुख्यातिथ्य में सम्मानित किया गया जिसमे जमैका के भारत में उच्च दूतावास के कमिश्नर जैसन हाल तथा श्री लंका के नई दिल्ली में उच्च दूतावास के कमिश्नर जैसन दिशानायके चेयर पर्सन थे व अन्य अतिथियों में राजीव शर्मा शहडोल के पूर्व कमिश्नर,सी बी तिवारी डिप्टी सेक्रेटरी होम अफेर्स,प्रमोद सोनकर अतिरिक्त उप पुलिस कमिश्नर इंदौर,अलका सोनकर एसपी सेंट्रल जेल इंदौर,पीले राजपूत पूर्व सीनियर वापस प्रेसिडेंट कैडिला,,ऐलिना बर्मन फाऊडंर व प्रेसिडेंट, आईएआरसी,डॉ विक गैफने ला स्कालर,डॉ पुनीत द्विवेदी ग्रुप डायरेक्टर आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी इंदौर,डॉ नेहा शर्मा प्रिंसिपल आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी इंदौर,कि गुना फिलिप एमडी जिम्बाब्वे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# आवक कम होने से सब्जी के भावों में उछाल, बारिश बनी बड़ी वजह

### 20 में बिकने वाला टमाटर अब 50 से 60 रुपए प्रति किलो तक पहुंचा



जांजगीर, 30 जुलाई (देशबन्धु)। क्षेत्र में जारी अनियमित बारिश और लोकल उत्पादन में आई कमी के चलते सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं। सब्जी मंडियों में रोजमर्रा की जरूरत की हरी सब्जियां अब आम आदमी की जेब पर बोझ बनती जा रही हैं। 20 रू में बिकने वाला टमाटर अब 50 से 60 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया है। वहीं भिंडी, करेला, लौकी, परवल जैसी प्रमुख सब्जियां भी 50 से ऊपर बिक रही हैं। बारिश का असर खेतों में फसलों की स्थिति पर तो पड़ा ही है, साथ ही इससे मंडियों में सब्जियों की आवक पर भी सीधा असर पड़ा है।

स्थानीय सब्जी विक्रेताओं के अनुसार पिछले दो सप्ताह में सब्जियों के दामों में 40 से 70 प्रतिशत तक की वृद्धि देखी गई है। जिन टमाटरों की कीमत कुछ दिन पहले तक 20 से 25 रू प्रति किलो थी, वे अब 60 रू तक बिक रहे हैं। इसी तरह भिंडी 30 रू से बढ़कर 60 रू, करेला 25 से बढ़कर 55 रू , और परवल 35 से 70 रू तक पहुंच गया है। सब्जी व्यापारियों का कहना है कि यह स्थिति तब तक बनी रह सकती है जब तक बारिश की अनियमितता और फसलों की आपूर्ति सामान्य नहीं होती। बाजार में सब्जियों की आवक कम होने का मुख्य कारण है लोकल खेती में आई कमी। अधिकतर किसान या तो जलभराव से परेशान हैं या फिर समय पर बीज नहीं डाल सके, जिसके चलते फसलें प्रभावित हुई हैं। साथ ही, जो फसलें तैयार हुईं, उन्हें बारिश से नुकसान पहुंचा है। इस कारण मंडियों में बाहर से सब्जियां मंगाई जा रही हैं, जिससे परिवहन लागत बढ़ने के साथ-साथ खुदरा कीमतें भी ऊपर जा रही हैं। ग्राहकों की मानें तो वे पहले 100 रू में तीन से चार तरह की सब्जियां खरीद लेते थे, लेकिन अब इतने में मुश्किल से दो सब्जियां ही मिल पा रही हैं। सब्जियों की महंगाई ने आम उपभोक्ताओं की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। खासकर मध्यम वर्ग और दैनिक मजदूरी पर निर्भर परिवारों के लिए यह स्थिति चिंताजनक होती जा रही है।

### एक-दो सप्ताह राहत की उम्मीद नहीं

सब्जी व्यवसायियों का कहना है कि आने वाले एक-दो सप्ताह तक दामों में खास राहत की उम्मीद नहीं है, क्योंकि मौसम की स्थिति अब भी अस्थिर बनी हुई है। यदि अगस्त के पहले सप्ताह में मौसम सुधरता है और खेती में गति आती है, तो ही सितंबर तक कुछ राहत मिल सकती है। वहीं कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति मौसमी है और हर वर्ष कुछ हद तक यह देखने को मिलती है, लेकिन इस बार बारिश की अनियमितता ने संकट को और बढ़ा दिया है।

# पोड़ीदलहा नागपंचमी मेले में 5000 स्टील कड़े व शराब की 100 पाव जब्त



जांजगीर, 30 जुलाई (देशबन्धु)। नागपंचमी के पावन अवसर पर थाना अकलतरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम पोड़ीदलहा पहाड़ में आयोजित ऐतिहासिक मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भीड़भाड़ को देखते हुए जांजगीर-चांपा पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें मेले में संदिग्ध रूप से घूम रहे युवकों की पहचान कर उनके द्वारा पहने गए लगभग 5000 नग स्टील के कड़े उतरवाकर जब्त किए गए। तथा 100 पाव शराब जब्त की और संभावित अपराधों की रोकथाम हेतु कई महत्वपूर्ण कार्रवाईयाँ की गईं।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में मेले में संदिग्ध रूप से घूम रहे युवकों की पहचान कर उनके द्वारा पहने गए लगभग 5000 नग स्टील के कड़े उतरवाकर जब्त किए गए। पुलिस के अनुसार, इनमें से कई कड़े इतने भारी और धारदार थे कि उन्हें हथियार के रूप में प्रयोग किया जा सकता था। साथ ही कुछ युवकों के पास स्टील के पंच (मुक्के में पहनने वाले हथियार) भी पाए गए जिन्हें तुरंत हटवाया गया। मेले में कुछ लोग अपने बैग, झोले व पाकिट में देशी और अंग्रेजी शराब की बोतलें छिपाकर लाए थे। पुलिस ने सतर्कता बरतते हुए ऐसे लगभग 100 पाव शराब जब्त की। भीड़ में शराब सेवन से कोई अप्रिय घटना न हो, इसी उद्देश्य से यह कड़ी कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार के नेतृत्व में निरीक्षक भास्कर शर्मा (थाना प्रभारी अकलतरा) सहित पुलिस टीम लगातार पेट्रोलिंग करती रही। संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी गई जिससे कोई भी बड़ी घटना घटने से रोकी जा सके। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने मेले को इंसीडेंट-फ्री आयोजन बनाने में योगदान देने वाले समस्त पुलिस बल को शाबाशी दी और भविष्य में भी इसी तरह सतर्कता से ड्यूटी निभाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही आम जनता से अपील की गई कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि जिले की शांति एवं सुरक्षा बनी रहे।

# उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जांजगीर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र चांपा द्वारा राईजिंग एण्ड एक्सीलेटरिंग एमएसएमई परफार्मेस के अंतर्गत चांपा के होटल रंगमहल में उद्योग एवं बैकर्स कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उद्योग संघ के पदाधिकारी, चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी, लीड बैंक अधिकारी, जिले अंतर्गत स्थापित बैंक के अधिकारीगण, उद्योगपति, चार्टड एकाउन्टेंट, नव उद्यमी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, महाप्रबंधक जेवियर टोप्पों, प्रबंधक विजय कारे उपस्थित थे।



महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग ने बताया कि सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमियों, महिला उद्यमियों को पीएमएफएमई, पीएमईजीपी एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में बैंकों द्वारा सहयोग किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न वित्तीय योजनाओं, ऋण सुविधाओं और सीजीटीएमएसई के लाभों, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, औद्योगिक नीति 2024-30 के अंतर्गत उद्योगों को दिये जाने वाले अनुदान सहायता के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही नवउद्यमियों को योजना का लाभ लेकर स्वरोजगार स्थापना करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित उद्यमियों ने अपनी व्यापार से जुड़ी समास्याओं को साझा किया। जिन पर बैंक अधिकारियों द्वारा समाधान और मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही कार्यक्रम में पीएमएफएमई प्रकरण पर स्वीकृति प्रदान की गयी। इस दौरान प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया।

## कोटमी के एसएस फिटनेस के खिलाड़ी बिलासपुर में आयोजित राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में शामिल होंगे

**डभरा**,30 जुलाई (देशबन्धु)। ग्राम कोटमी स्थित एस एस फिटनेस जी वाई एम के होनहार खिलाड़ी राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बिलासपुर रवाना । प्रतियोगिता 1 अगस्त से 3 अगस्त तक चलेगी, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए किया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर जी वाई एम के कोच शुभम वैष्णव एवं महेश आज़ाद ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि कोटमी के ये युवा खिलाड़ी प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

प्रशिक्षुओं ने बीते समय में जिला एवं राज्य स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन कर कोच एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। अब राष्ट्रीय मंच पर इनकी प्रतिभा को पहचान मिलने की उम्मीद है।ग्रामवासियों ने भी इन खिलाड़ियों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# कचहरी चौक का राजा इस बार मयूर महल थीम में विराजेंगे बाल गणेश





### आकर्षण का केंद्र होगा 55 फीट ऊँचा, 80 फिट चौड़ा रंग-बिरंगा झांकी

**जांजगीर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। शहर के हृदय स्थल कचहरी चौक में इस वर्ष भी गणेश उत्सव की धूम देखने को मिलेगी। जाज्वल्यदेव गणेश सेवा समिति द्वारा आयोजित 'कचहरी चौक का राजा' हर वर्ष की तरह इस बार भी नए स्वरूप, नई भव्यता और नवीनता के साथ स्थापित किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस बार बाल स्वरूप में भगवान गणेश की 20 फीट ऊँची भव्य मूर्ति स्थापित की जाएगी, जिसका थीम मयूर महल रखा गया है। यह आकर्षक दरबार कोलकाता के दक्ष मूर्तिकारों और पंडाल निर्माताओं द्वारा साकार किया जा रहा है।

पूरे पंडाल की ऊँचाई 55 फीट और चौड़ाई 80 फीट होगी, जिसे रंग-बिरंगी रोशनी और विशेष डिज़ाइन से सजाया जा रहा है। पंडाल में इस बार दर्शकों को एक राजसी एहसास मिलेगा, जहां भगवान गणेश मोरों से सुसज्जित महल के सिंहासन पर विराजमान होंगे। शाम होते ही इस थीम में प्रयुक्त विशेष लाइटिंग और लेज़र इफेक्ट्स से पूरा चौक जगमगाने लगेगा। जाज्वल्यदेव समिति द्वारा लगातार 17 वर्षों से इस स्थल पर गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। हर वर्ष एक नई थीम के साथ न केवल गणेश प्रतिमा का स्वरूप बदला जाता है, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से शहर को उत्सव के रंग में रंग दिया जाता है। 'कचहरी चौक का राजा' न केवल जांजगीर में, बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी श्रद्धा और आकर्षण का बड़ा केंद्र बन चुका है।

गणेश स्थापना के दिन से लेकर विसर्जन तक विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और भक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

# स्व. राजेन्द्र कुमार सिंह की 46वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

### कुमार साहब ने अकलतरा एवं बलौदा में सिंचाई सुविधा तथा सीसीआई सीमेंट प्लांट की स्थापना करा कर क्षेत्र के विकास में अतुलनीय योगदान दिया-राघवेन्द्र





**अकलतरा**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। पूर्व विधायक व जननेता स्वर्गीय राजेन्द्र कुमार सिंह की 46वीं पुण्यतिथि के अवसर पर अकलतरा एवं बनाहिल क्षेत्र में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

राजेन्द्र कुमार सिंह स्मृति आयोजन समिति द्वारा ग्राम बनाहिल के शासकीय प्राथमिक शाला में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने स्व. सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि दादाजी ने अकलतरा एवं बलौदा में नहरों के निर्माण से सिंचाई सुविधा, इंदिरा उद्यान से पर्यावरण संरक्षण तथा सीसीआई सीमेंट प्लांट की स्थापना से क्षेत्र के विकास में अतुलनीय योगदान दिया। उन्होंने बताया कि 1954 में राजेन्द्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला की स्थापना कर शिक्षा की नींव रखी गई।

श्रद्धांजलि सभा में रवि सिंह सिसोदिया ने कहा कि उनका परिवार 1930 से जनसेवा में सक्रिय है। लव सिंह चंदेल ने बताया कि 1952 में आईएएस चयनित होने के बावजूद राजेन्द्र कुमार सिंह ने प्रशासनिक सेवा छोड़कर जनसेवा को चुना और 1972 व 1977 में विधायक निर्वाचित हुए। कार्यक्रम में प्रोजेक्टर और शिक्षण सामग्री का वितरण, साथ ही प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। विधायक ने विद्यालय को उत्कृष्ट शाला बनाने का आश्वासन भी दिया।

#### लायंस डीएवी स्कूल में पौधारोपण

पुण्यतिथि के अवसर पर लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल में पौधारोपण किया गया। इस दौरान विधायक राघवेन्द्र सिंह, लायंस क्लब अध्यक्ष गगन सिंघानिया, राजेन्द्र शर्मा, प्राचार्य एस. श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड भी लगाए गए। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

#### राजेन्द्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला में श्रद्धांजलि

नगर की प्रतिष्ठित राजेन्द्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला में भी श्रद्धांजलि सभा हुई। प्राचार्य आर.के. विश्वकर्मा ने बताया कि 1954 में स्थापित यह शाला क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर योगदान दे रही है। कार्यक्रम में शुभा सिंह, विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह, अशोक अग्रवाल, अविनाश लाटा, आरसी मिश्रा, आरके पांडेय सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

## ताइवान के पास दिखे 11 चीनी विमान और 6 युद्धपोत: रक्षा मंत्रालय

**ताइपे।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) के मुताबिक बुधवार सुबह 6 बजे तक ताइवान के पास 11 चीनी एयरक्राफ्ट और छह नौसैनिक जहाजों की गतिविधि देखी गई। ताइवान के 'एमएनडी' के अनुसार, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 11 में से 10 विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार कर ताइवान साउथ-वेस्टर्न एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन में प्रवेश किया। चीन की सैन्य कार्रवाई के जवाब में, ताइवान के सशस्त्र बलों ने स्थिति पर नजर रखी और विमान, नौसैनिक जहाज और तटीय-आधारित प्रणालियां तैनात कीं। ताइवान के एमएनडी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, बुधवार सुबह 6 बजे (यूटीसी+8) तक ताइवान के आसपास 11 पीएलए विमान और 6 पीएलएएन जहाज देखे गए।

# देश विदेश

# फिलिस्तीन को देश की मान्यता दे सकता है ब्रिटेन

**क्षेत्र के भविष्य के लिए दो राज्य समाधान से बेहतर कोई रास्ता नहीं है : डेविड लैमी**

**लंदन,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। ब्रिटेन की सरकार ने इजरायल से कहा है कि वह गाजा में लोगों की बदतर हालत को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए और लंबे समय तक चलने वाली शांति के लिए गंभीरता से काम करे। अगर ऐसा नहीं होता है, तो ब्रिटेन सितंबर में फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे सकता है, ताकि दो देशों वाले समाधान की संभावना को बचाया जा सके। एक बयान में डाउनिंग स्ट्रीट ने इजरायल से अपील की कि वह संयुक्त राष्ट्र को गाजा में लोगों तक खाने-पीने की मदद पहुंचाने की अनुमति दे, युद्धविराम के लिए सहमत हो, और यह साफ करे कि वह वेस्ट बैंक (पश्चिमी तट) पर कब्जा नहीं करेगा। बयान में हमास से अपील की गई है कि वह सभी बंधकों को तुरंत रिहा करे। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने का फैसला कुछ शर्तों पर निर्भर करेगा। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन की सरकार का



मुख्य लक्ष्य जमीनी हालात को बदलना है और यही इस फैसले का मकसद भी है। स्टारमर ने घोषणा के समय को लेकर कहा कि मैं इस बात को लेकर खास तौर पर चिंतित हूं कि दो-राज्य समाधान का विचार अब धीरे-धीरे कमजोर होता जा रहा है और आज यह पहले से कहीं ज्यादा दूर नजर आता है। ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित एक उच्च-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि क्षेत्र के भविष्य के लिए दो-राज्य समाधान से बेहतर कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि इजरायल को अपनी सुरक्षित सीमाओं के भीतर आतंकवाद के खतरे से मुक्त होकर शांतिपूर्वक रहने का अधिकार है और फिलिस्तीनियों को भी एक स्वतंत्र देश में सम्मान और सुरक्षा के साथ, बिना किसी कब्जे के जीने का हक मिलना चाहिए।

### फिलिस्तीन को मान्यता देने की योजना पर भड़के नेतन्याहू



**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की उस योजना पर कड़ी आलोचना की है, जिसमें उन्होंने फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता देने की बात कही। नेतन्याहू ने इस कदम को हमास के 'भयावह आतंकवाद' को इनाम देने के बराबर बताया। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, स्टार्मर हमास के भयावह आतंकवाद को इनाम दे रहे हैं और इससे पीड़ितों को दंडित कर रहे हैं। आज इजरायल की सीमा पर एक जिहादी जमीन कल ब्रिटेन के लिए खतरा बनेगी। जिहादी आतंकवादियों को खुश करने की नीति हमेशा विफल होती है। यह आपको भी विफल करेगी। इस बीच, इजरायली विदेश मंत्रालय ने भी इस फैसले को खारिज करते हुए कहा कि ब्रिटिश सरकार का ऐसा कदम गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के प्रयासों को कमजोर करेगा।

# संयुक्त राष्ट्र समर्थित एजेंसी गाजा में भुखमरी से हो रही मौतों पर चिंतित

**न्यूयॉर्क,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र से संबंधित एक खाद्य सुरक्षा एजेंसी ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि गाजा में इस समय 'अकाल अपनी सबसे खराब स्थिति' में है। इंटीग्रेटिड फूड सिक्योरिटी फेज क्लासिफिकेशन (आईपीसी) एजेंसी ने अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि यहां संघर्ष तीव्र होने और बड़े पैमाने पर हुए विस्थापन के कारण भोजन, दूसरी जरुरी चीजों और सेवाओं में भारी गिरावट आई है। इस वजह से यहां भुखमरी, कुपोषण और दूसरी बीमारियां फैल रही हैं। आईपीसी ने कहा कि इस चेतावनी का उद्देश्य 'तेजी से बिगड़ती मानवीय स्थिति पर तत्काल ध्यान आकर्षित करना' है। इसमें कहा गया है कि अप्रैल से मध्य जुलाई के बीच 20,000 से ज़्यादा बच्चों को अत्यधिक कुपोषण के इलाज के लिए भर्ती कराया गया। इनमें से 3,000 से ज़्यादा गंभीर रूप से कुपोषित हैं। एजेंसी ने अपने अलर्ट में कहा है कि शत्रुतापूर्ण कार्रवाई खत्म हो और लोगों के जीवन पर आसन्न खतरों को देखते हुए 'तत्काल कार्रवाई की जाए। उधर इजरायल पर नाकाबंदी तोड़ने, गाजा में सहायता पहुँचाने और युद्ध समाप्त करने का अंतर्राष्ट्रीय समुदाय दबाव बढ़ रहा है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि गाजा में 'वास्तविक भुखमरी' है। यह बयान इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के पहले के उन बयानों के विपरीत है, जिन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया था कि वहाँ कोई भुखमरी नहीं है।

**■ अप्रैल से मध्य जुलाई के बीच 20,000 से ज्यादा बच्चों को अत्यधिक कुपोषण के इलाज के लिए भर्ती कराया गया**



## सुडोकू 6990

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 1 | | 5 | | |
| 4 | | | | | 3 | | 2 | 9 |
| 5 | | 9 | | | | | | |
| 2 | | | | 7 | | | | |
| 9 | 1 | | | | | | 6 | 3 |
| | | | | 6 | | | | 8 |
| | | | | | | 6 | | 7 |
| 7 | 3 | | 6 | | | | | 2 |
| | | 8 | | 5 | | | 3 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6990

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. शोभा-सौंदर्य में वृद्धि होना
३. बाधा, विघ्न
५. सेहतमंद, सर्वोत्तम
६. सभ्यता, शिष्टता
७. परशुराम के पिता
८. नागरिक, नगरवासी
१३. वह यज्ञ जिसमें मनुष्यों की बलि दी जाती है
१५. भलमनसाहत
१६. स्वाद लेने योग्य
१७. यतीम
१८. अपरिमित, असीमित
२०. शासन (उर्दू)
२२. प्राणी, पशु (उर्दू)
२३. अधिकता, प्रचुरता

**ऊपर से नीचे:-**

१. सजस, नीचे
२. पथिकों को लूटने वाला
३. अप्रसन्न व्यक्ति
४. बारात
५. कल्याण, मुक्ति
९. भीम, बलराम
१०. खुद का, स्वयं का बनाया हुआ
११. अच्छा, मंगल
१२. दोषी, कसूरवार (उर्दू)
१४. आंख की पुतली
१६. बड़ी बहन
१९. विक्षिप्त, दीवाना (उर्दू)
२०. सरोवर
२१. ईश्वर

### वर्ग पहेली-6989

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ सि | फा | २ रि | श | ■ | ■ | ३ कि | स | ४ ल | य |
| या | ■ | या | ■ | ५ ह | म | ल | ■ | ल | ■ |
| ६ स | र | स | ■ | ल | ■ | ७ का | र्य | का | ल |
| त | ■ | ८ त | ९ र | फ | दा | री | ■ | र | ■ |
| ■ | १० वि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | ११ खु | ■ | १२ वि |
| १३ भ | ला | बु | रा | ■ | १४ आ | ■ | १५ द | रिं | दा |
| ■ | य | ■ | १६ ज | ह | म | त | ■ | ■ | र |
| १७ अं | त | र | ■ | ■ | द | ■ | १८ से | १९ व | क |
| धे | ■ | ■ | २० द | र्श | नी | २१ य | ■ | च | ■ |
| २२ रा | ह | गी | र | ■ | ■ | २३ श | ब | न | म |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 31 जुलाई , 2025 श्रावण शुक्ल पक्ष 6**

### राशिफल

मेष - आपको शारीरिक और मानसिक रूप से ताजगी का अनुभव होगा। घर का वातावरण आनंददायी रहेगा। आर्थिक लाभ के साथ-साथ व्यवसाय और नौकरी में संतोष का अनुभव करेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

वृषभ - आज आकस्मिक खर्च होने की आशंका है। विद्यार्थियों का पढ़ने-लिखने में ध्यान रहेगा। दोपहर के बाद घर-परिवार के लोगों के साथ आनंददायक समय गुजरेगा। कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

मिथुन - आज आप में ताजगी का अभाव रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होने की भी संभावना है। स्थायी संपत्ति को लेकर आज आपके प्रयास सही दिशा में आगे नहीं बढ़ेंगे। आकस्मिक धन की संभावना रहेगी।

कर्क - आज का दिन आध्यात्मिक सिद्धि प्राप्त करने के लिए अच्छा है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रखेगा। आज आप कुछ अधिक ही संवेदनशीलता का अनुभव करेंगे।

सिंह - आज बौद्धिक क्षमता से किसी खास चर्चा में आकर्षण का केंद्र रहेंगे, हालांकि वाद-विवाद टालें। पारिवारिक सदस्यों के साथ अच्छा समय गुजरेगा। आर्थिक लाभ होने की भी संभावना है।

कन्या - आज का आपका दिन शुभ फलदायी है। अपनी वाणी से आप लाभदायी और प्रेम भरे सम्बंध स्थापित कर सकेंगे। आपकी वैचारिक समृद्धि अन्य जनों को प्रभावित कर सकेगी। व्यापार के लिए आज का दिन लाभदायी होगा।

तुला - क्रोध को वश में रखकर स्वभाव को नरम बनाए रखें। वाणी पर संयम रखने से वातावरण को शांत रखने में आप सफल हो सकते हैं। नियमों से जुड़ी बातों और निर्णयों को सोच-समझकर करें।

वृश्चिक - जीवनसाथी की तलाश के लिए आज का दिन शुभ है। आय और व्यापार में वृद्धि के योग हैं। मित्रों के साथ प्रवास पर घूमने जा सकते हैं। जहां आपका समय काफी आनंदपूर्वक गुजरेगा।

धनु - आज आपकी कार्य की योजनाएं अच्छी तरह से पूरी होगी। व्यापार में भी सफलता मिलेगी। कार्यालय में वातावरण अनुकूल रहेगा। परिश्रम के अनुसार पद में भी उन्नति होगी। परिवार में भी आनंद-उल्लास बना रहेगा।

मकर - आज विदेश जाने के इच्छुक लोगों का प्रयास सफल हो सकता है। धार्मिक यात्रा पर जाना होगा। परिजनों में आनंद और उल्लास का वातावरण बना रहेगा। नौकरी में पदोन्नति हो सकती है। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे।

कुंभ - नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। बाहर खाने-पीने से आज आपको बचना चाहिए। अपनी वाणी पर संयम रखने से आप किसी के साथ उग्र चर्चा अथवा मनमुटाव को टालने में सफल हो सकेंगे।

मीन - व्यवसाय में भागीदारी से आप को लाभ होगा। किसी मनोरंजन स्थल पर स्नेहीजनों के साथ जाने का कार्यक्रम बनेगा। दोपहर के बाद परिस्थिति में परिवर्तन का अनुभव आप करेंगे। आज किसी नए काम की शुरुआत ना करें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# रूस में शक्तिशाली भूकंप के बाद कई देशों ने सुनामी की चेतावनी जारी की

**बीजिंग,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। रूस के कामचटका प्रायद्वीप में बुधवार सुबह 8.7 तीव्रता के भूकंप के बाद चीन, पेरू और इक्वाडोर सहित प्रशांत महासागर में कई देशों के तटीय इलाकों के लिए सुनामी चेतावनी जारी की गई है। इससे पूरे प्रशांत क्षेत्र में चिंता बढ़ गई है। शक्तिशाली भूकंप का केंद्र पेट्रोपाव्लोव्स्क-कामचत्स्की शहर से लगभग 119 किमी दूर था, जो रूस का एक शहर है जिसकी आबादी 1.8 लाख के करीब है। इस भूकंप के बाद रूस, जापान, अमेरिका (हवाई और अलास्का), ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और प्रशांत महासागर के कई द्वीप देशों में तुरंत सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई। अधिकारियों ने भूकंप के केंद्र



के करीब, खासकर कामचटका प्रायद्वीप में कई इलाकों से तुरंत लोगों को खाली कराने का काम शुरू कर दिया, क्योंकि वहां 3-4 मीटर (10-13 फीट) ऊंची सुनामी लहरों की चेतावनी मिली थी। एहतियात के तौर पर संवेदनशील तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को ऊंचे क्षेत्रों या सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। अधिकारियों का मानना है कि चीन के पूर्वी तटीय क्षेत्रों में सुनामी की लहरें पहुंच सकती हैं, इसलिए वे इस बारे में गंभीर रूप से चिंतित हैं। राष्ट्रीय संसाधन मंत्रालय ने एक सलाह में बताया कि नवीनतम चेतावनी और विश्लेषणों के आधार पर मंत्रालय के सुनामी सलाहकार केंद्र ने तय किया है कि भूकंप ने सुनामी उत्पन्न की है, जिससे चीन के कुछ तटीय क्षेत्रों को क्षति पहुंचने का खतरा है। लहरों की ऊंचाई 30 सेंटीमीटर से लेकर एक मीटर तक होने का अनुमान है।

पेरू की नौसेना ने राष्ट्रीय सुनामी

### 8.7 तीव्रता के भूकंप के बाद जापान के कुछ हिस्सों में सुनामी की लहरें

**मास्को।** रूस के सुदूर पूर्वी इलाके कामचटका प्रायद्वीप में बुधवार तड़के भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। यह भूकंप इतना शक्तिशाली थां कि इससे 4 मीटर (करीब 13 फीट) ऊंची सुनामी उठी, जिसमें कई इमारतों को नुकसान पहुंचा। जापान और अमेरिका के कुछ इलाकों में लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए अलर्ट जारी किया गया। कामचटका प्रायद्वीप के तट पर 8.7 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे प्रशांत क्षेत्र में काफी चिंता फैल गई। यह भूकंप रूस के पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की शहर से लगभग 119 किलोमीटर (74 मील) की दूरी पर केंद्रित था, जिसकी आबादी लगभग 1 लाख 80 हजार है, तथा इसके कारण कई देशों में तत्काल सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई। भूकंप के झटकों के कारण अधिकारियों को भूकंप के केंद्र के पास के कई क्षेत्रों को खाली कराना पड़ा, विशेष रूप से कामचटका प्रायद्वीप में जहां 3 से 4 मीटर (10 से 13 फीट) ऊंची सुनामी लहरें उठने की सूचना मिली थी। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, कुछ इलाकों में इमारतों को नुकसान जरूर पहुंचा, लेकिन शुरू में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की खबर नहीं मिली।

### इंडोनेशिया ने तटीय क्षेत्रों में सुनामी की चेतावनी जारी की

**जकार्ता।** रूस के कमचटका प्रायद्वीप के तट पर आए भीषण भूकंप के बाद कई देशों में सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी (बीएमकेजी) ने बुधवार को देश के कुछ तटीय क्षेत्रों में 0.5 मीटर से कम ऊंचाई वाली संभावित सुनामी की चेतावनी जारी की है। एजेंसी ने कहा कि यह हल्की सुनामी दोपहर से विभिन्न समयों पर इंडोनेशिया के कई तटीय इलाकों में पहुंच सकती है। बीएमकेजी के भूकंप और सुनामी शमन प्रभाग के प्रमुख दर्योनों ने कहा, 'संभावित रूप से प्रभावित तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से अनुरोध है कि वे शांत रहें और समुद्र तट से दूर रहें। प्रभावित क्षेत्रों में गोरोंटालो, नॉर्थ मालुकु, नॉर्थ सुलावेसी, वेस्ट पापुआ, पापुआ और साउथवेस्ट पापुआ प्रांतों के कुछ हिस्से शामिल हो सकते हैं। इनमें गोरोंटालो सिटी, नॉर्थ हलमहेरा, तालाउद द्वीपसमूह, सोरॉन्ग, सुपियोरी, मानोस्वारी, जयापुर, बिआक नुम्फोर, सार्मी और राजा अम्पाट जैसे इलाके शामिल हैं। इससे पहले मंगलवार रात रूस के कमचटका प्रायद्वीप के तट से 125 किमी दक्षिण-पूर्व में 8.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। शुरुआत में इसकी तीव्रता 8.0 बताई गई थी, लेकिन यूएस जियोलॉजिकल सर्वे ने बाद में इसे संशोधित कर 8.7 बताया।

## ईरान से 18 लाख अफगान शरणार्थी घर लौटे

**काबुल,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। अफगानिस्तान के करीब 18 लाख शरणार्थी पिछले तीन महीनों में ईरान से स्वदेश वापस लौट आये हैं। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय के उप मंत्री मावलवी अब्दुल रहमान रशीद ने कहा कि इसके अलावा पिछले चार महीनों में पाकिस्तान से 1,84,459 शरणार्थी और तुर्की से 5,134 शरणार्थी वापस लौट चुके हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लगभग 60 लाख अफगान शरणार्थी विदेशों में रहते हैं तथा 25 लाख आंतरिक रूप से विस्थापित लोग देश में हैं। वापस लौटने वालों और विस्थापित परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए मंत्रालय ने पिछले वर्ष घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय दोनों संगठनों के साथ 125 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किया है जिनका कुल मूल्य 7.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

## थाईलैंड में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से नौ लोगों की मौत, दो घायल

**बैंकॉक,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य थाईलैंड के सुफन बुरी प्रांत में बुधवार को एक पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। आपदा निवारण विभाग के अनुसार विस्फोट स्थानीय समयानुसार सुबह 11:10 बजे हुआ। घटना के बाद आपातकालीन सेवाओं को तुरंत अलर्ट किया गया और घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। विस्फोट के कारणों की

## द. म्यांमार में बाढ़ के कारण 2,800 से अधिक लोगों को निकाला

**यांगून,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। म्यांमार के कायिन प्रांत के म्यावड्डी कस्बे में बाढ़ में फंसे 771 घरों के कुल 2,851 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। म्यांमार अग्निशमन सेवा विभाग (एमएफएसडी) ने बुधवार को यह जानकारी दी।एमएफएसडी ने कहा कि भारी बारिश के कारण थाउंग्यिन नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया जिसके कारण लोगों को सुरक्षित निकाला गया।मौसम एवं जल विज्ञान विभाग के अनुसार आज म्यावड्डी में नदी खतरे के निशान से लगभग 12 फीट ऊपर बह रही है और अगले दिन तक खतरा बना रहने की आशंका है।



**पाबंदी** *शुरुआत में इस प्लेटफॉर्म को छूट दी गई थी*

# ऑस्ट्रेलिया 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए यूट्यूब बैन करेगा

**कैनबरा,** 3 जुलाई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने घोषणा की है कि ऑस्ट्रेलिया 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए दुनिया के पहले सोशल मीडिया प्रतिबंध में यूट्यूब को भी शामिल करेगा। शुरुआत में इस प्लेटफ़ॉर्म को छूट दी गई थी। श्री अल्बानीज और संचार मंत्री अनिका वेल्स ने बुधवार को कैनबरा में एक प्रेस वार्ता में कहा कि संघीय सरकार ने अपने ऑनलाइन सुरक्षा नियामक, ई-सेफ्टी कमिश्नर की उस सिफ़ारिश को स्वीकार कर लिया है जिसमें यूट्यूब को सोशल मीडिया प्रतिबंध में शामिल करने की बात कही गई है।

आगामी दस 10 दिसंबर से लागू होने वाले प्रतिबंधों में यूट्यूब को शुरुआत में उसकी शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी सामग्री के कारण छूट दी गई थी। लेकिन ई-सेफ्टी कमिश्नर जूली इनमैन ग्रांट ने जून में सरकार को औपचारिक सलाह देते हुए कहा था कि यह प्लेटफ़ॉर्म बच्चों को हानिकारक सामग्री के संपर्क में लाता है। श्री अल्बानीज़ ने बुधवार को कहा कि सरकार सामाजिक नुकसान पहुँचाने वाले सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म के खिलाफ 'कार्रवाई' करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि यह एकमात्र समाधान नहीं है और अभी और भी बहुत कुछ करना बाकी है। लेकिन इससे फ़र्क़ ज़रूर पड़ेगा। सुश्री वेल्स ने कहा कि प्रतिबंध में यूट्यूब को शामिल करने का फ़ैसला प्लेटफ़ॉर्म से पहले माता-पिता को प्राथमिकता देने के बारे में था।




**सरकार सामाजिक नुकसान पहुँचाने वाले सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म के खिलाफ 'कार्रवाई' करने के लिए तैयार है : श्री अल्बानीज़**

गौरतलब है कि जुलाई की शुरुआत में यूट्यूब और उसकी मूल कंपनी गूगल ने इस प्लेटफ़ॉर्म पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के किसी भी कदम के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की धमकी दी थी और इसी के बाद सरकार ने यह यह साहसिक कदम उठाने की घोषणा की है। सुश्री वेल्स ने कहा कि सरकार प्रौद्योगिकी कंपनियों से नहीं डरेगी। उन्होंने कहा कि हम समुद्र को नियंत्रित नहीं कर सकते, लेकिन हम शार्क पर नियंत्रण रख सकते हैं और इसीलिए जब यह ऑस्ट्रेलियाई बच्चों की भलाई के लिए एक सच्ची लड़ाई है, तो हम कानूनी धमकियों से नहीं डरेंगे।

## आज का इतिहास

1658-औरंगजेब ने स्वयं को मुगल सम्राट घोषित किया।
1880-प्रसिद्ध हिन्दी कहानीकार और उपन्यासकार प्रेमचंद का जन्म।
1916-प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ तथा राजस्थान के मुख्यमंत्री मोहन लाल सुखाड़िया का जन्म।
1924-मद्रास प्रेसिडेंसी क्लब ने रेडियो प्रसारण संचालित करने का बीड़ा उठाया।
1933-राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम छोड़ा।
1940-भारतीय स्वतंत्रता सेनानी ऊधम सिंह का निधन।
1947-प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेत्री मुमताज़ का जन्म।
1948-भारत में कलकत्ता में पहली राज्य परिवहन सेवा की स्थापना।
1980-भारतीय पार्श्वगायक मोहम्मद रफ़ी का निधन।
1982-सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
1992-नेपाल की राजधानी काठमांडू में थाइलैंड का विमान दुर्घटनाग्रस्त, 113 लोगों की मौत।
1993-भारत के पहले तैरते हुए समुद्री संग्रहालय का कलकत्ता (अब कोलकाता) में उद्घाटन।
1998-सार्क का दसवां शिखर सम्मेलन श्रीलंका की राजधानी कोलम्बो में सम्पन्न।
1998-भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला का जन्म।
2003-इस्रायल और फ़िलिस्तीन के सुरक्षा मंत्रियों की बैठक येरूशलम में समाप्त।
2004-आर्थिक सहयोग मंच बिम्सटेक का नाम बदलकर 'बंगतक्षेस' किया गया।
2005-उज़्बेकिस्तान ने अमेरिका को अपने सैनिक अड्डे हटा लेने का आदेश दिया।

### सुडोकू 6990 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 |
| 2 | 8 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 1 | 5 |
| 9 | 1 | 7 | 8 | 2 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 7 | 8 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 | 3 | 4 |

## दुनिया को जानें

### चीनी पासपोर्ट धारक दुनियाभर के 90 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में यात्रा कर सकते हैं

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रीय आव्रजन प्रशासन ने चीनी राज्य परिषद सूचना कार्यालय द्वारा 14वीं पंचवर्षीय योजना का उच्च-गुणवत्तापूर्ण समापन विषय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि चीनी पासपोर्ट धारक अब बिना वीजा या आगमन पर वीजा के साथ 90 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों की यात्रा कर सकते हैं। 14वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान, चीनी पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा-मुक्त प्रवेश का दायरा लगातार बढ़ रहा है। चीनी राष्ट्रीय आव्रजन प्रशासन ने विदेश मंत्रालय के साथ सक्रिय रूप से सहयोग किया है, ताकि अधिक से अधिक देशों को चीनी पासपोर्ट धारकों को वीजा-मुक्त प्रवेश प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। 2021 से, सिंगापुर, थाईलैंड और मलेशिया सहित 10 नए देश इसमें शामिल किए गए हैं। वर्तमान में, चीनी पासपोर्ट धारक बिना वीजा या आगमन पर वीजा के साथ 90 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों की यात्रा कर सकते हैं। उधर, अंतरर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, चीन ने विभिन्न वीजा-मुक्त नीतियों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया और 75 देशों के लिए एकतरफा या पारस्परिक वीजा छूट लागू की है। पारगमन वीजा-मुक्त का विस्तार 55 देशों तक किया गया और 24 प्रांतों में प्रवेश बंदरगाहों की संख्या बढ़कर 60 हो गई है।

# खेल जगत

## कर्नाटक : 'महारानी ट्रॉफी केएससीए टी-20' के लिए हुई नीलामी

**बेंगलुरु।** भारत में महिला क्रिकेट का लगातार विकास हो रहा है। विमेंस प्रीमियर लीग के बाद अब महिलाओं के लिए 'कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन' भी लीग शुरू करने जा रहा है। 'महारानी ट्रॉफी केएससीए टी-20' के नाम से शुरू हो रही लीग के लिए बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में नीलामी आयोजित की गई। लीग में शामिल हो रही पांच फ्रेंचाइजी बेंगलुरु ब्लास्टर्स, हुबली टाइगर्स, मंगलुरु ड्रैगन्स, मैसूर वॉरियर्स और शिवमोग्गा लायन्स हैं। 4 से 10 अगस्त तक होने वाले टूर्नामेंट के पहले संस्करण के लिए सभी टीमों के बीच नीलामी के दौरान कड़ी प्रतिस्पर्धा दिखी। प्रत्येक फ्रेंचाइजी ने 10 लाख रुपए की बोली के साथ, 16 सदस्यों की एक मजबूत टीम तैयार की। बेंगलुरु ब्लास्टर्स की निकी प्रसाद दिन की सबसे महंगी खिलाड़ी रही, जिन्हें 3.70 लाख रुपए मिले।



# भारत की निगाहे इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी जीत दर्ज करने पर

## अर्शदीप कर सकते हैं टेस्ट कॅरियर का आगाज, कुलदीप को नहीं मिलती दिख रही जगह

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 30 जुलाई (देशबन्धु)। कप्तान शुभमन गिल, वाशिंगटन सुंदर और रवींद्र जडेजा के मैनचेस्टर में दूसरी पारी में जड़े शतकों की बदौलत इंग्लैंड

■ इंग्लैंड के खिलाफ भारत के हौसले बुलंद

■ बुमराह को 'आराम देने पर आकाशदीप होंगे भारत की एकादश में



की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर उसके खिलाफ चौथा टेस्ट ड्रॉ कराने से भारत के हौसले बुलंद हैं। भारत अब इंग्लैंड से एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का ओवल में बृहस्पतिवार से शुरू होने वाला पांचवें व आखिरी क्रिकेट टेस्ट जीत सीरीज दो-दो की बराबरी पर समाप्त करने के इरादे से उतरेगा। फिलहाल भारत सीरीज में 1-2 से पीछे चल रहा है उसके लिए आखिरी टेस्ट में जीत जरूरी है।दोनों देश के बीच अब तक ओवल में खेले गए 14 टेस्ट में खेले गए हैं और इनमें इंग्लैंड ने पांच और भारत मात्र दो बार जीता है जबकि सात मैच ड्रॉ रहे हैं। रोहित शर्मा के दूसरी पारी में शतक की बदौलत भारत ने इंग्लैंड से 2021 में ओवल में पिछला टेस्ट 157 रन से जीता था। भारत की कोशिश इंग्लैंड के खिलाफ लगातार दूसरी जीत दर्ज करने की होगी। इंग्लैंड ओवल में अपने पिछले पांच में तीन टेस्ट हारा है, जिसमें 2021 में भारत के हाथों मिली हार भी शामिल है।

भारत के हेड कोच गौतम गंभीर की ओवल के चीफ क्यूरेटर ली फोर्टिस को उनके दोहरे मानदंड को लेकर लगाई फटकार से भी आखिरी टेस्ट से पहले माहौल खासा गर्म है। फोर्टिस ने गंभीर और भारतीय टीम के सपोर्ट स्टाफ को तो पिच से ढाई मीटर दूर रहने को कहा जबकि इन दोनों ने कपड़े के जूते पहने थे। गंभीर ने इस पर फोर्टिस से कहा कि हमें न बताएं हमें क्या करना है। वहीं इंग्लैंड के हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम और मैनेजिंग डायरेक्टर, जो कि सामान्य जूते पहने थे पिच के ठीक पास तक जाने दिया गया। चौथे टेस्ट की दूसरी पारी में जब रवींद्र जडेजा 89 और वाशिंगटन सुंदर 80 पर थे तब इन दोनों की टेस्ट को वहीं ड्रॉ करने की जब इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की पेशकश को ठुकरा दिया तो उन्होंने उपदेश देते हुए इन दोनों भारतीय बल्लेबाजों की नैतिकता पर इसलिए सवाल उठाए थे क्योंकि वे उन्हें शतक नहीं पूरा करना चाहते थे। अब तो तय है कि ऐसे में सीरीज का पांचवां व आखिरी टेस्ट तो खासा रोचक रहने के साथ मैदान पर भी माहौल गर्म रहने की पूरी आशंका है। इंग्लैंड की कोशिश भारत को पांचवां टेस्ट जीतने व सीरीज दो दो से बराबरी पर समाप्त करने

## पांचवें टेस्ट में कुलदीप को शामिल करने का कोई रास्ता निकाले टीम इंडिया: पटेल

**नई दिल्ली।** पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल के मुताबिक भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए अपनी गेंदबाजी लाइनअप में कुलदीप यादव को चुनने पर विचार करना चाहिए। यह मैच गुरुवार से केनिंग्टन ओवल में खेला जाना है। भारत अपनी गेंदबाजी ऑलराउंडर रणनीति पर कायम है। ऐसे में इंग्लैंड के इस लंबे दौरे में कुलदीप को अभी तक प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली। भारत अभी भी पांच मैचों की सीरीज में 2-1 से पीछे है। सीरीज को 2-2 से बराबर करने के लिए उसे अंतिम मुकाबले में जीत दर्ज करनी होगी।पार्थिव पटेल ने 'जियो हॉटस्टार' पर कहा कि भारत को टीम चयन उसी आत्मविश्वास के साथ करना चाहिए, जैसा उन्होंने हाल के समय में अपनी बल्लेबाजी में दिखाया। अगर बुमराह उपलब्ध नहीं हैं, तो भारत को एक और अटैकिंग गेंदबाज की जरूरत होगी। मौजूदा बॉलिंग अटैक में कुलदीप यादव एक ऐसे गेंदबाज हैं, जो विकेट लेने की क्षमता रखते हैं। इस नजरिए से देखा जाए, तो मुझे लगता है कि भारत को उन्हें प्लेइंग इलेवन में शामिल करने का रास्ता जरूर तलाशना चाहिए। ऐसा होगा या नहीं, यह कहना मुश्किल है, लेकिन मेरी राय में कुलदीप यादव को जरूर खिलाना चाहिए। रिपोर्ट्स के मुताबिक वर्कलोड मैनेजमेंट के चलते जसप्रीत बुमराह पांचवां टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। ऐसे में तेज गेंदबाजी का नेतृत्व मोहम्मद सिराज करेंगे। सिराज एकमात्र भारतीय तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने इस सीरीज सभी चार टेस्ट खेले हैं। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि हम मोहम्मद सिराज को हल्के में लेते हैं। वह जो मेहनत करते हैं, जो जोश दिखाते हैं और जो मुस्कान उनके चेहरे पर रहती है, चाहे मैच की स्थिति कैसी भी हो, वह काबिल-ए-तारीफ है। जहां तक बुमराह की बात है, हम सभी जानते हैं कि उनका वर्कलोड मैनेजमेंट कितनी सावधानी से किया जा रहा है।



की होगी। भारत की ओर से उसके बल्लेबाजों द्वारा मौजूदा टेस्ट सीरीज में दस शतक जड़ना यह दर्शाता है कि उसकी बल्लेबाजी पूरे रंग में हैं वहीं इंग्लैंड की ओर से सात शतक जड़े गए हैं। इंग्लैंड के कप्तान और तेज गेंदबाज बेन स्टोक्स मौजूदा टेस्ट सीरीज में मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट की पहली पारी में पांच विकेट सहित कुल 17 विकेट चटका कर विकेट लेने में सबसे आगे हैं। अनुभव की कमी के चलते ही भारत लगभग जीतते लीड्स में मौजूदा सीरीज का पहला और लॉर्ड्स में सीरीज का सबसे करीबी तीसरा टेस्ट 22 रन से हार सीरीज में इंग्लैंड से 1-2 से पीछे है।

मोहम्मद सिराज की तरह मौजूदा सीरीज में 14-14 विकेट चटकाने वाले जसप्रीत बुमराह पांचवें और आखिरी टेस्ट में नहीं खेलेंगे और यह फैसला बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उनके कार्यभार प्रबंधन को जेहन में रखकर लिया है। भारत लीड्स में सीरीज के पहले टेस्ट में जरूर इंग्लैंड के 20 विकेट नहीं ले पाया।

मैनचेस्टर में सीरीज के चौथे टेस्ट में भारत की पहली पारी के 358 रन के जवाब में इंग्लैंड ने पहली पारी में 669 रन बना 311 रन की बढ़त ली थी।भारत ने अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 425 रन बना यह टेस्ट ड्रॉ कराया जबकि इंग्लैंड की दूसरी पारी का नंबर ही नहीं आया।

ऋषभ पंत के दाएं पैर के पंजे की उंगली में फ्रैक्चर के चलते पांचवें टेस्ट से बाहर होने से उनकी जगह ध्रुव जुरैल पांचवें व आखिरी टेस्ट में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे। स्पिनर ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर के चौथे टेस्ट की दूसरी पारी में शतक जड़ से ड्रॉ कराने मे अहम भूमिका निभा अब तक सीरीज में सात सात विकेट लेने के कारण अब आखिरी टेस्ट में भी बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को एक बार फिर एकादश में जगह नहीं मिलती दिख रही है और वह पूरे इस दौरे पर फिर 'यात्री' के रूप में स्वदेश लौटेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि ओवल की पिच अब तेज गेंदबाजों की मुफीद बताई जा रही है और इस पर टीम में तीन स्पिनरों की जरूरत नहीं है।

## स्टोक्स ओवल टेस्ट से बाहर, पोप करेंगे इंग्लैंड की अगुवाई

**लंदन।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स भारत के खिलाफ 31 जुलाई से ओवल में शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह ऑली पोप टीम की अगुवाई करते नजर आएंगे। इसके साथ ही ब्रायडन कार्स और जोफ्रा आर्चर को आराम दिया गया है। गस एटकिंसन, जेमी ओवर्टन और जॉश टंग इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण में शामिल किए गए हैं। वहीं जेकब बेथल भी अंतिम टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा हैं।स्टोक्स ने मैनचेस्टर टेस्ट में 141 रनों की पारी खेलने के साथ ही पहली पारी में भारत के पांच विकेट, दूसरी पारी में एक विकेट हासिल किया था। स्टोक्स को इस प्रदर्शन के चलते प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया था।स्टोक्स को ओवल टेस्ट के तीसरे दिन बल्लेबाजी के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव आया था जिसके चलते वह रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। हालांकि इंग्लैंड की बल्लेबाजी को लड़खड़ाता देख वह बल्लेबाजी करने के लिए उतरे और उन्होंने दिन के खेल की समाप्ति तक 77 रन बना लिए थे। अगले दिन स्टोक्स ने अपनी पारी को आगे बढ़ाया और 141 रनों की पारी खेलकर इंग्लैंड को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। हालांकि चौथे दिन स्टोक्स ने एक भी ओवर की गेंदबाजी नहीं की थी लेकिन अंतिम दिन उन्होंने खुद ही इंग्लैंड के लिए गेंदबाजी की शुरुआत करने का फैसला किया।



## हेड और हेजलवुड की दक्षिण अफ्रीका सीरीज के लिए वापसी

**मेलबर्न,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। ट्रैविस हेड और जोश हेजलवुड दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए सीमित ओवरों की टीम में वापसी कर चुके हैं, जिससे ऑस्ट्रेलियाई गर्मियों की शुरुआत हो रही है। हेड



और हेजलवुड दोनों को हाल ही में कैरेबियाई दौरे पर समाप्त हुई पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए नहीं चुना गया था, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 5-0 से जीता था। वेस्टइंडीज के खिलाफ उस सीरीज के लिए मिशेल स्टार्क और पैट कमिंस पर भी विचार नहीं किया गया था और व्यस्त घरेलू सीजन से पहले उन्हें आराम दिया जा रहा है। कमिंस की अनुपस्थिति के कारण, मिशेल मार्श दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे टीम की भी कमान संभालेंगे। स्टीव स्मिथ और ग्लेन मैक्सवेल के हाल ही में संन्यास लेने के बाद वनडे टीम के मध्यक्रम में जगह खाली होने के कारण, चयनकर्ताओं ने मिशेल ओवेन को पहली बार 50 ओवरों की टीम में शामिल किया है और हाल ही में वापसी करने वाले कैमरन ग्रीन को भी टीम में शामिल किया है। टेस्ट टीम से बाहर किए जाने के बावजूद, मार्नस लाबुशेन वनडे टीम में अपनी जगह बरकरार रखने में कामयाब रहे हैं। मैथ्यू शॉर्ट, जो मामूली साइड स्ट्रेन से उबर चुके हैं, दोनों टीमों में चुने गए हैं। जेवियर बार्टलेट और लांस मॉरिस की वापसी के बाद सीन एबॉट, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, तनवीर संघा, कूपर कोनोली और आरोन हार्डी को वनडे टीम में नहीं चुना गया है।

## आईसीसी रैंकिंग : अभिषेक शर्मा बने टी-2 फॉर्मेट के नंबर-1 बल्लेबाज, टेस्ट रैंकिंग में जडेजा को बढ़त

■ 422 रेटिंग अंकों के साथ जडेजा ऑलराउंडर्स की लिस्ट में शीर्ष पर बरकरार

**नई दिल्ली,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। मैनचेस्टर में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के बाद रवींद्र जडेजा और बेन स्टोक्स ने आईसीसी पुरुष टेस्ट खिलाड़ियों की रैंकिंग में शानदार बढ़त हासिल की है। वहीं, अभिषेक शर्मा टी20 फॉर्मेट में नंबर-1 बल्लेबाज बन गए। चौथे टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ चार विकेट लेने के बाद जडेजा ने भारत की दूसरी पारी में नाबाद 107 रन बनाए। इसी के साथ जडेजा ने ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। 422 रेटिंग अंकों के साथ जडेजा ऑलराउंडर्स की लिस्ट में शीर्ष पर बने हुए हैं। इस लिस्ट में बांग्लादेश के मेहदी हसन (305 रेटिंग अंक) दूसरे पायदान पर हैं। जडेजा बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी पांच पायदान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर, जबकि गेंदबाजों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स तीन पायदान की छलांग लगाते हुए



ऑलराउंडर्स की फेहरिस्त में तीसरे स्थान पर पहुंच गए। यह दिसंबर 2022 के बाद से उनका सर्वोच्च स्थान भी है। चौथे टेस्ट में इंग्लैंड के कप्तान ने 141 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा उन्होंने कुल छह विकेट भी झटके। स्टोक्स बल्लेबाजों की सूची में आठ पायदान ऊपर चढ़कर 34वें, जबकि गेंदबाजों की सूची में 45वें से 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के ऑफ-स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने दूसरी पारी में नाबाद 101 रन बनाए और जडेजा के साथ पांचवें विकेट के लिए 203 रनों की अटूट साझेदारी करते हुए भारत को टेस्ट ड्रॉ कराने में मदद की। वह बल्लेबाजों की लिस्ट में आठ पायदान ऊपर चढ़कर 65वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## एमएस धोनी बने एको के निवेशक और ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब देश की सबसे तेजी से बढ़ती बीमा कंपनी एको से जुड़ गए हैं। उन्होंने एको में निवेश करने के साथ ही ब्रांड एंबेसडर की भूमिका भी निभानी शुरू कर दी है। यह साझेदारी दोनों की उस सोच पर आधारित है जो बीमा को हर व्यक्ति के लिए आसान और भरोसेमंद बनाना चाहती है। धोनी ने अपनी फैमिली फर्म मिडास डील्स प्राइवेट लिमिटेड के जरिए एको में रणनीतिक निवेश किया है। यह निर्णय इस बात को दर्शाता है कि धोनी को एको के उद्देश्य में दृढ़ आस्था है-एक ऐसा बीमा अनुभव जो सरल हो, आसानी से समझ में आए और आधुनिक भारत के लिए सुलभ हो। साझेदारी पर बात करते हुए एम.एस. धोनी ने कहा कि एक ऑटोमोबाइल प्रेमी होने के नाते मुझे हमेशा लगा कि बीमा को बेवजह जटिल बना दिया गया है। एको ने इस उलझन को सुलझाया है। उनकी टेक-फर्स्ट और ग्राहक-केंद्रित सोच वैसी ही है जैसी आज का नया भारत चाहता है। मुझे खुशी है कि मैं एक ऐसे ब्रांड से जुड़ रहा हूं जो भरोसे और बदलाव पर काम कर रहा है।



## सार संक्षेप

### सीएएफए नेशंस कप खेलेगी भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम

**नई दिल्ली।** एएफसी एशियन कप 227 क्वालीफायर्स के फाइनल राउंड की तैयारी के तहत भारत की सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम सेंट्रल एशियन फुटबॉल एसोसिएशन (सीएएफए) नेशंस कप 225 में हिस्सा लेगी। यह टूर्नामेंट 31 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। सेंट्रल एशियन फुटबॉल एसोसिएशन ने भारत को इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है। दरअसल, यह टूर्नामेंट फीफा के आधिकारिक कैलेंडर से बाहर है और मलेशिया ने लॉजिस्टिक्स संबंधी चुनौतियों और खिलाड़ियों की अनुपलब्धता के चलते इसमें हिस्सा लेने से इनकार कर दिया, जिसके बाद भारत को आमंत्रित किया गया। भारत को उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान की तरफ से संयुक्त रूप से आयोजित द्विवार्षिक सेंट्रल एशियन टूर्नामेंट में शामिल किया गया। उसे ग्रुप-बी में रखा गया है, जो दुशांबे में खेला जाएगा। भारत 29 अगस्त को मेजबान ताजिकिस्तान, 1 सितंबर को ईरान और 4 सितंबर को अफगानिस्तान से खेलेगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें प्ले-ऑफ चरण में पहुंचेंगी, जहां 8 सितंबर को दो मैच खेले जाएंगे।

### एवर्टन ने एडम अज्नो को चार साल के अनुबंध पर साइन किया

**लिवरपूल।** एवर्टन ने बायर्न म्यूनिख से एडम अज्नोउ का ट्रांसफर पूरा कर लिया है। 19 वर्षीय डिफेंडर ने जून 229 के अंत तक ब्लूज के साथ चार साल का अनुबंध किया है। मोरक्को के एक सीनियर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अज्नोउ बार्सिलोना की प्रसिद्ध ला मासिया अकादमी के युवा खिलाड़ी हैं। एडम ने जर्मनी में रहते हुए बुंडेसलीगा और चैंपियंस लीग में और फिर इस गर्मी में क्लब विश्व कप में भी हिस्सा लिया था। एडम ने एवर्टन टीवी से कहा कि मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। मुझे इस टीम का हिस्सा होने पर बहुत गर्व है। उन्होंने मुझे जो प्रोजेक्ट दिया है, वह वाकई बहुत अच्छा है। प्रीमियर लीग दुनिया की सबसे अच्छी लीग है, इसलिए मैं शुरुआत करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। एवर्टन के मैनेजर डेविड मोयेस के साथ बातचीत के बाद एडम को तुरंत साइन करने के लिए मना लिया गया। एडम ने बताया कि मोयेस ने मुझसे बात की, उन्होंने मुझे टीम के बारे में बताया मुझसे टीम की उम्मीदों का भी जिक्र किया।

### इम्फाल डर्बी में नेरोका एफसी ने ट्राउ एफसी को ड्रॉ पर रोका

**इम्फाल।** इम्फाल डर्बी अपने ख्याति के अनुरूप रही, जब नेरोका एफसी ने 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के ग्रुप ई के अपने पहले मैच में खुमान लम्पक मेन स्टेडियम में 1 खिलाड़ियों वाली ट्राउ एफसी के खिलाफ 1-1 से नाटकीय ड्रॉ हासिल किया। खुंजामयुम राज सिंह के दूसरे हाफ में किए गए गोल ने ट्राउ को बढ़त दिला दी, लेकिन अरुणकुमार सिंह के स्टॉपेज टाइम में किए गए बराबरी के गोल ने उन्हें इस कड़े मुकाबले में तीन अंक लेने से रोक दिया।

## एलएसजी ने भरत अरुण को गेंदबाजी कोच नियुक्त किया

**लखनऊ,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन के लिए भरत अरुण को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज, जिन्हें गेंदबाजी कोच के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भारत की गेंदबाजी इकाई का मार्गदर्शन और प्रेरणा देने का श्रेय दिया जाता है, कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ एक सफल कार्यकाल के बाद एलएसजी में शामिल हुए हैं, जिसमें 2024 का वो विजयी सीजन भी शामिल है। वह 2022 सीजन से शुरू होकर चार साल तक केकेआर में रहे।

केकेआर, एलएसजी और खुद अरुण, इनमें से किसी ने भी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन क्रिकबज इस बात की पुष्टि करता है कि अरुण (62) ने संजीव गोयनका की टीम के साथ दो साल का करार किया है, जिसके तहत उन्हें पूरे साल एलएसजी के खिलाड़ियों के साथ काम करना होगा।

## जिम्बाब्वे टीम में वापस लौटे ब्रेंडन टेलर

■ जेडसी के प्रबंध निदेशक, गिवमोर मकोनी ने 39 वर्षीय खिलाड़ी की वापसी का स्वागत किया

**हरारे,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। अनुभवी बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए जिम्बाब्वे टीम में शामिल किया गया है। भ्रष्टाचार रोधी और डोपिंग रोधी संहिताओं के उल्लंघन के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा साढ़े तीन साल के निलंबन के बाद यह उनकी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी है।

टेलर पर जनवरी 2022 में प्रतिबंध लगाया गया था, क्योंकि उन्होंने 2019 में दिल्ली की यात्रा के दौरान भारतीय व्यापारियों से 15,000 अमेरिकी डॉलर लिए थे। जिम्बाब्वे में एक निजी टी20 लीग शुरू करने की चर्चा के तहत यह धनराशि ली गई थी, जिसके साथ 20,000 अमेरिकी डॉलर और देने का वादा किया गया था।



आईसीसी ने बाद में खुलासा किया कि टेलर ने संपर्क किए जाने की सूचना देने में देरी की और घर लौटने पर कोकीन के सेवन के लिए, ड्रग टेस्ट में भी फेल हो गए।क्रिकबज्ज ने उस समय बताया था कि यात्रा के दौरान, टेलर को एक सैमसंग एस10 फोन, खरीदारी के लिए पैसे और 'मनोरंजन के लिए कई चीजें' दी गईं। सार्वजनिक किए जाने से कुछ दिन पहले, टेलर ने सोशल मीडिया पर अपना पक्ष

ब्रेंडन ने अपने जीवन के एक बेहद कठिन दौर का सामना किया है और सच्चा पश्चाताप दिखाया है, साथ ही चीजों को सही करने का दृढ़ संकल्प भी दिखाया है : मकोनी

रखते हुए कहा था कि मैं कई चीजें हो सकता हूं, लेकिन मैं धोखेबाज नहीं हूं। अब, अपना निलंबन पूरा करने और एक व्यापक पुनर्वास कार्यक्रम से गुजरने के बाद, टेलर जिम्बाब्वे की राष्ट्रीय टीम में वापस आ गए हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रहे पहले टेस्ट से पहले टीम के साथ प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। जेडसी के प्रबंध निदेशक, गिवमोर मकोनी ने 39 वर्षीय खिलाड़ी की वापसी का स्वागत किया। मकोनी ने कहा कि ब्रेंडन ने अपने जीवन के एक बेहद कठिन दौर का सामना किया है और सच्चा पश्चाताप दिखाया है, साथ ही चीजों को सही करने का दृढ़ संकल्प भी दिखाया है।

## अल नासर ने चेल्सी से जोआओ फेलिक्स के साथ दो साल का करार किया

**रियाद,** 29 जुलाई (एजेंसियां)। पुर्तगाली फॉरवर्ड जोआओ फेलिक्स ने सऊदी अरब के अल नासर क्लब के साथ दो साल का करार किया है। वह यहां राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ जुड़ेंगे। 25 वर्षीय फेलिक्स अपने करियर को फिर से पटरी पर लाने की उम्मीद में सऊदी प्रो लीग टीम में शामिल हुए हैं। उनके करियर की शुरुआत 2019 में हुई थी। तब एटलेटिको ने उन्हें 147.3 मिलियन अमेरिकी डॉलर में खरीदा था। तब यह इतिहास का सबसे महंगा ट्रांसफर था।अल-नासर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर स्ट्राइकर का एक छोटा वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, 'चलो साथ मिलकर जीतते'हैं। वीडियो में जोआओ फेलिक्स कहते हैं कि मैं यहां मौज-मस्ती करने और साथ मिलकर जीतने आया हूं। 2018 में 17 साल की उम्र में, उन्होंने बेनफिका के लिए पदार्पण किया। उनके लिए वह शानदार सीजन रहा।



# टोरंटो ओपन में ज्वेरेव, रूने और मुसेट्टी की जीत

■ एलेक्जेंडर ज्वेरेव सात बार के एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन हैं

**टोरंटो,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने कैनेडियन ओपन अभियान की शुरुआत एडम वाल्टन को 7-6(6), 6-4 से हराकर की। इस दौरान 28 वर्षीय ज्वेरेव ने पहले गेम में एक बेहद रोमांचक मुकाबले में सेट प्वाइंट हासिल किया। टाई-ब्रेक में 3/5 से पिछड़ने के बाद एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने 5/5 पर एक लंबी रैली के बाद लय हासिल की और बेसलाइन से बेहतर रिदम के साथ खेलते हुए मुकाबला अपने नाम किया। ज्वेरेव जब 5-3 की बढ़त पर मैच सर्व कर रहे थे, तब उनकी सर्विस टूट गई, लेकिन अगले गेम में उन्होंने जल्द ही वापसी करते हुए एक घंटे 42 मिनट तक चले मैच को अपने नाम कर लिया। एलेक्जेंडर ज्वेरेव सात बार के एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन हैं, जिनमें 2017 में कनाडा में मिली खिताबी जीत भी शामिल है। ज्वेरेव अब अपने खिताबों की सूची में एक और नाम जोड़ने की कोशिश में जुटे हैं। एटीपी रैंकिंग में तीसरे नंबर के खिलाड़ी का अगला मुकाबला 32वीं वरीयता प्राप्त माटेओ अर्नाल्डी से होगा, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के ट्रिस्टन स्कूलकेट को 6-3, 3-6, 6-3 से हराया। एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज में ज्वेरेव, अर्नाल्डी से 1-0 से आगे हैं।



## कैनेडियन ओपनः गॉफ ने कोलिन्स को हराया, इतो ने पाओलिनी को शिकस्त दी

**मॉन्ट्रियल।** टॉप सीड कोको गॉफ ने कैनेडियन ओपन में डेनियल कोलिन्स के खिलाफ लगभग तीन घंटे चले कड़े मुकाबले में जीत हासिल की। इसी के साथ उन्होंने जून में रोलां गैरो जीतने के बाद पहला मैच अपने नाम किया। गॉफ तीसरे सेट में हार से सिर्फ दो अंक दूर थीं, लेकिन उन्होंने पासा पलटते हुए आखिरकार 7-5, 4-6, 7-6(2) से जीत दर्ज की। कोलिन्स ने आखिरी 80 मिनटों में पिछड़ने के बाद वापसी की, लेकिन वह कभी भी मैच प्वाइंट तक नहीं पहुंच सकीं और अंतिम 11 में से 9 अंक गंवा बैठीं। यह मुकाबला आईजीए स्टेडियम में खेला गया। मुकाबला जीतने के बाद कोको गॉफ ने कहा कि मैं अच्छी प्रैक्टिस कर रही थी, लेकिन मुझे नहीं लगता कि इस मैच में उस तैयारी के अनुरूप खेल सकी। उम्मीद है कि मैंने टूर्नामेंट का अपना खराब मैच जीत लिया है। डेनियल शानदार बॉल स्ट्राइकर हैं। मैंने जितनी बार उनकी सर्विस ब्रेक की, उससे मुझे कुछ सकारात्मक बातें सीखने को मिलेंगी।



## साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

**नई दिल्ली,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। मिशेल ओवेन को अगस्त में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई वनडे टीम में पहली बार शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया डार्विन, केर्न्स और मकाय में तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों में के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा। मिशेल ओवेन वनडे और टी20, दोनों ही टीमों में शामिल हैं। ओवेन ने हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ सभी पांच टी20 मैच खेले और 192.31 के स्ट्राइक रेट से 125 रन बनाए। अब वह अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने की दौड़ में हैं। ट्रैविस हेड और जोश हेजलवुड दोनों सीमित ओवरों की टीमों में वापसी कर चुके हैं। मैथ्यू शॉर्ट मामूली साइड स्ट्रेन से उबरकर टीम में शामिल हैं। पैट कमिंस की अनुपस्थिति में, मिचेल मार्श वनडे टीम के कप्तान होंगे। इस टीम में कैमरून ग्रीन, जेवियर बार्टलेट और लांस मॉरिस भी शामिल हैं।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एलएंडटी | 2.21 प्रतिशत |
| सनफार्मा | 2.13 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.81 प्रतिशत |
| मारूती सुजूकी | 1.48 प्रतिशत |
| भारतीय एयरटेल | 1.42 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा मोटर्स | 3.47 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 1.38 प्रतिशत |
| इंटरनल | 0.93 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.73 प्रतिशत |
| हिन्दू यूनिलीवर | 0.68 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 98,296 |
| बिटुर | 90,700 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,13,400 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7862.15 |
| मसूर काली | 8057.45 |
| उड़द दाल | 10487.46 |
| मूंग दाल | 10126.14 |
| अरहर दाल | 10996.74 |

वित्त मंत्रालय ने जारी की मासिक रिपोर्ट, कहा

## भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत, घरेलू मांग और आपूर्ति में वृद्धि से मिल रहा सहारा

**नई दिल्ली,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में घरेलू स्तर पर मांग और आपूर्ति मजबूत रही है, साथ ही महंगाई भी एक सीमित दायरे में रही और मानसून भी तेजी से प्रगति कर रहा है। इससे वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही की शुरुआत में हम अधिक मजबूत स्थिति में हैं। यह जानकारी वित्त मंत्रालय की ओर से दी गई। हाल ही में जारी हुई अपनी मासिक रिपोर्ट में वित्त मंत्रालय ने कहा कि भारत का आर्थिक आधार मजबूत बना हुआ है। मजबूत घरेलू मांग, राजकोषीय विवेकशीलता और मौद्रिक समर्थन के कारण देश सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि एस एंड पी, आईसीआरए और आरबीआई के व्यावसायिक पूर्वानुमानकर्ताओं के




सर्वेक्षण सहित विभिन्न पूर्वानुमानकर्ताओं ने वित्त वर्ष 26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के वित्तीय बाजारों ने घरेलू निवेशकों की अधिक भागीदारी के कारण मजबूती दिखाई है। बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति भी मजबूत बनी हुई है क्योंकि बैंकों ने अपनी पूंजी और तरलता भंडार को मजबूत करते हुए अपनी परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार किया है।(रिपोर्ट में कहा गया, 'इन सुधारों के चलते

- **एसएंडपी, आईसीआरए और आरबीआई के व्यावसायिक पूर्वानुमानकर्ताओं के सर्वेक्षण के अनुसार जीडीपी वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत और 6.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान**

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (जीएनपीए) अनुपात और नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स (एनपीए) अनुपात कई दशकों के निचले स्तर क्रमशः 2.3 प्रतिशत और 0.5 प्रतिशत पर है।' वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में भारत की आर्थिक गतिविधि को मजबूत घरेलू मांग, सेवाओं में मजबूत वृद्धि और मैन्युफैक्चरिंग एवं कृषि से उत्साहजनक संकेतों का समर्थन प्राप्त हुआ। कृषि गतिविधियों को अनुकूल दक्षिण-पश्चिम मानसून से महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला, जो समय से पहले आ गया और अब तक सामान्य से अधिक वर्षा हुई है। उर्वरक की उपलब्धता और जलाशयों का स्तर पर्याप्त से अधिक है, जो खरीफ की बुवाई और कटाई और परिणामस्वरूप ग्रामीण आय और मांग के लिए एक मजबूत संभावना का संकेत देता है।

रिपोर्ट में कहा गया, 'कृषि क्षेत्र का स्थिर प्रदर्शन व्यापक अर्थव्यवस्था के लिए एक स्थिर स्तंभ के रूप में कार्य करता रहेगा और ग्रामीण परिदृश्य को मजबूत करेगा। नाबार्ड के ग्रामीण भावना सर्वेक्षण के अनुसार, 74.7 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण परिवारों को आने वाले वर्ष में आय वृद्धि की उम्मीद है, जो सर्वेक्षण की शुरुआत के बाद से सबसे अधिक है।' इसमें आगे कहा गया है कि 2025 के मध्य में भारतीय अर्थव्यवस्था सतर्क आशावाद की तस्वीर पेश करती है।

## आयकर विभाग ने जारी किया आईटीआर फॉर्म-3 बिजनेस इनकम वालों को टैक्स भरने में होगी आसानी




- **फॉर्म आईटीआर-1 (सहज), आईटीआर-2, या आईटीआर-4 (सुगम) दाखिल करने के पात्र नहीं हैं, वे भी आईटीआर-3 का उपयोग कर सकते**

**नई दिल्ली,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। आयकर विभाग ने बुधवार को आईटीआर फॉर्म-3 जारी कर दिया। इससे उन करदाताओं को टैक्स भरने में आसानी होगी, जिनकी आय का मुख्य सोर्स बिजनेस इनकम और शेयर ट्रेडिंग इनकम (फ्यूचर और ऑप्शन) और अलिस्टेड शेयर में निवेश से रिटर्न है। हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएल) या कोई व्यक्ति, जो बिजनेस या किसी पेशे से आय आर्जित करता है वह भी आईटीआर-3 के जरिए रिटर्न जमा कर सकता है। कंपनियों के निदेशक, जिन्होंने वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी समय गैर-सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों में निवेश किया है, साथ ही अन्य स्रोतों या वेतन एवं पेंशन और गृह संपत्ति से आय होती है, वह इस आईटीआर फॉर्म का उपयोग कर सकते हैं।

पूंजीगत लाभ या विदेशी परिसंपत्तियों से अर्जित आय, व्यवसाय या पेशे से लाभ या आय प्राप्त करने वाले करदाता, जो फॉर्म आईटीआर-1 (सहज), आईटीआर-2, या आईटीआर-4 (सुगम) दाखिल करने के पात्र नहीं हैं, वे भी आईटीआर-3 का उपयोग कर सकते हैं। आयकर विभाग के मुताबिक, फॉर्म आईटीआर-3 में अब करदाताओं को यह पुष्टि करनी होगी कि क्या असेसमेंट ईयर 2024-25 (पिछले वित्तय वर्ष) में फॉर्म 10-आईईए दाखिल किया गया था, साथ ही यह भी घोषणा करनी होगी कि क्या वे वर्तमान टैक्स असेसमेंट ईयर के लिए नई टैक्स रिजीम को जारी रखना चाहते हैं या उससे बाहर निकलना चाहते हैं।

पूंजीगत लाभ कर दरों में बदलाव के कारण, शेड्यूल्ड कैपिटल गेन और अन्य संबंधित धाराओं को संशोधित किया गया है। अब, करदाताओं को 23 जुलाई, 2024 से पहले और उसके बाद किए गए पूंजीगत लाभ लेनदेन की अलग-अलग रिपोर्ट करना होगा।

## राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर 4,557 ईवी पब्लिक चार्जिंग स्टेशन किए गए इंस्टॉल : नितिन गडकरी

**उत्तर प्रदेश में 507 पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशन हैं, जिसके बाद कर्नाटक में 489, महाराष्ट्र में 459, तमिलनाडु में 456 और राजस्थान में 424 पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशन हैं: नितिन गडकरी**

**नई दिल्ली,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। देश में राज्य, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर 1,46,342 किलोमीटर की लंबाई में कुल 4,557 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पब्लिक चार्जिंग स्टेशन (पीसीएस) स्थापित किए गए हैं। यह जानकारी बुधवार को संसद को दी गई।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि उत्तर प्रदेश में 507 पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशन हैं, जिसके बाद



कर्नाटक में 489, महाराष्ट्र में 459, तमिलनाडु में 456 और राजस्थान में 424 पब्लिक ईवी चार्जिंग स्टेशन हैं। उन्होंने कहा, 'ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, देश में राज्य/राष्ट्रीय राजमार्गों/एक्सप्रेसवे पर कुल 4,557 ईवी पब्लिक चार्जिंग स्टेशन (पीसीएस) स्थापित किए गए हैं।' केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि चार्जिंग पॉइंट ऑपरेटरों (सीपीओ) को प्रोत्साहन देने की कोई योजना नहीं है। इस बीच, देश के टियर 2 शहरों में वर्तमान में 1 अप्रैल, 2025 तक 4,625 ईवी चार्जिंग स्टेशन चालू हैं।(सरकार ने हाल ही में कहा था कि 2,000 करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय के साथ, पीएम ई-ड्राइव योजना देश भर में लगभग 72,000 ईवी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना में सहायता करेगी।

### भारत में टियर 2 शहरों में तेजी से बढ़ रहा चार्जिंग नेटवर्क, ईवी स्टेशन की संख्या 4,600 के पार

**नई दिल्ली।** भारत में टियर 2 शहरों में ऑपरेशनल ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या एक अप्रैल, 2025 तक बढ़कर 4,625 हो गई है। यह जानकारी सरकार की ओर से दी गई। लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में इस्पात एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने कहा कि पीएम इलेक्ट्रिक ड्राइव रिवोल्यूशन इन इनोवेटिव व्हीकल एन्हांसमेंट (पीएम ई-ड्राइव) योजना के तहत टियर 2 शहरों सहित पूरे भारत में सार्वजनिक स्थानों पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशनों को स्थापित करने के लिए सरकार ने 2,000 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने में तेजी लाने के लिए सरकार ने अक्टूबर 2024 को पीएम ई-ड्राइव स्कीम को लॉन्च किया था। इस योजना के तहत सरकार चार्जिंग स्टेशनों को बढ़ाने के साथ-साथ ईवी को अपनाने के दर में तेजी लाने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी भी दे रही है, जिसके लिए 10,900 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं।

### सार संक्षेप

#### डेकाथलॉन भारत में स्थानीय सोर्सिंग को बढ़ाएगा, 2े3 तक पैदा होंगे 3 लाख रोजगार

**नई दिल्ली।** ग्लोबल स्पोर्ट्स रिटेलर डेकाथलॉन ने ऐलान किया है कि वह 'मेक इन इंडिया' नीति के तहत 2े3 तक भारत में अपनी स्थानीय सोर्सिंग को बढ़ाकर 3 अरब डॉलर तक ले जाएगा। कंपनी का लक्ष्य 2े3 तक अपने प्रोडक्शन इकोसिस्टम में 3 लाख से ज्यादा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के मौके पैदा करना है। कंपनी की ओर से जारी एक प्रेस रिलीज में कहा गया है कि भारत में उत्पादन शुरू करने की अपनी 25वीं वर्षगांठ पर डेकाथलॉन का यह निर्णय भारतीय मैन्युफैक्चरिंग पर बढ़ते फोकस का प्रतीक है। भारत वर्तमान में डेकाथलॉन के वैश्विक उत्पादों के 8 प्रतिशत की आपूर्ति करता है। डेकाथलॉन अपने 132 भारतीय स्टोर्स के 7 प्रतिशत से ज्यादा उत्पादों की घरेलू स्तर पर ही आपूर्ति करता है और 2े3 तक इसे 9 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना है। कंपनी ने मैन्युफैक्चरिंग नेटवर्क में 113 सुविधाएं, 83 आपूर्तिकर्ता, सात उत्पादन कार्यालय और एक डिजाइन केंद्र शामिल हैं।

#### पीएनबी का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 49 प्रतिशत घटकर 1,675 करोड़ रहा

**नई दिल्ली।** सरकारी क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) का शुद्ध लाभ 3 जून को समाप्त तिमाही में 1,675 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले साल की समान तिमाही (वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही) से 49 प्रतिशत कम है। यह जानकारी बुधवार को बैंक द्वारा स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में दी गई। पीएनबी ने वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में 3,251 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में पीएनबी की कुल आय पिछले साल की समान तिमाही की तुलना में 15.7 प्रतिशत बढ़कर 37,231 करोड़ रुपए हो गई, जो वित्त वर्ष 2े25 की पहली तिमाही में 32,165 करोड़ रुपए थी। समीक्षा अवधि में बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) मामूली रूप से बढ़कर 1े,578 करोड़ रुपए हो गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 1े,468 करोड़ रुपए थी। बैंक का लाभ मुख्य रूप से कर व्यय में तेज वृद्धि से प्रभावित हुआ, जो समीक्षा अवधि में दोगुने से भी अधिक बढ़कर 2े,17 करोड़ रुपए से 5े,83 करोड़ रुपए हो गया।

#### मजबूत व्यापक आर्थिक माहौल के बीच अप्रैल-जून में भारतीय स्मार्टफोन बाजार में 8 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** 2े25 की दूसरी तिमाही में भारत के स्मार्टफोन बाजार में मात्रा के लिहाज से सालाना आधार पर 8 प्रतिशत और मूल्य के लिहाज से 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पहली तिमाही की सुस्ती के बाद एक बड़ा उछाल दर्शाता है। यह जानकारी बुधवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। 2े25 की दूसरी तिमाही में आईफोन 16 सबसे ज्यादा शिप होने वाला डिवाइस बनकर उभरा, जिसकी वजह चल रहे प्रमोशन, विस्तारित ईएमआई विकल्प और बेहतर रिटेल निष्पादन रहा, जिससे एप्पल को भारत में दूसरी तिमाही में अब तक का सबसे ज्यादा शिपमेंट दर्ज करने में मदद मिली।


## शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी, आईटी-एफएमसीजी में लिवाली

**मुंबई,** 29 जुलाई (एजेंसियां)। विदेशों से मिले मिश्रित रुख के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 143.91 अंक की बढ़त के साथ 81,481.86 अंक पर पहुँच गया। निफ्टी-50 भी 33.95 अंक मजबूत होकर 24,855.05 अंक पर बंद हुआ।

सूचना प्रौद्योगिकी, एफएमसीजी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों में लिवाली का जोर रहा जबकि ऑटो, रियलिटी और बैंकिंग सेक्टरों में बिकवाली देखी गयी।

- **सेंसेक्स 143.91 अंक की बढ़त के साथ 81,481.86 अंक पर**
- **निफ्टी-50 भी 33.95 अंक मजबूत होकर 24,855.05 अंक पर बंद हुआ**

अच्छे तिमाही परिणाम के दम पर सेंसेक्स में एलएंडटी का शेयर पाँच प्रतिशत के करीब चढ़ा। सनफार्मा, एनटीपीसी और मारुति सुजुकी के शेयर एक से डेढ़ फीसदी के बीच




मजबूत हुये। टाटा मोटर्स में सबसे अधिक लगभग 3.50 फीसदी की गिरावट रही। पावरग्रिड का शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक टूटा।

दोनों प्रमुख सूचकांकों में शुरू से ही तेजी रही। सेंसेक्स करीब 257 अंक की बढ़त के साथ खुला। दोपहर से पहले कुछ समय को छोड़कर यह पूरे दिन हरे निशान में रहा। इसका दिवस का निचला स्तर 81,187.06 अंक तथा उच्चतम स्तर 81,618.96 अंक दर्ज किया गया। निफ्टी करीब 59 अंक की मजबूती के साथ 24,890.40 अंक पर खुला और नीचे 24,771.95 अंक तथा ऊपर 24,902.30 अंक के बीच रहा।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में तेजी और घरेलू संस्थागत निवेशकों की जारी लिवाली से शेयर बाजरों में तेजी लौटी है। विदेशों में एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.05 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग 1.36 प्रतिशत लुढ़क गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटने का एफटीएसई 0.22 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.07 फीसदी की तेजी दर्ज की गयी।

## भारत में व्यापारियों को डिजिटल भुगतान जून में 19 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। भारत में व्यापारियों को डिजिटल भुगतान जून में सालाना आधार पर लगभग 19 प्रतिशत बढ़कर 9,10,000 करोड़ रुपए हो गया है। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। इक्विरस सिक्योरिटीज द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, यूपीआई व्यक्ति-से-व्यापारी (पी2एम) भुगतान का इसमें सबसे अधिक योगदान है, यह सालाना 22 प्रतिशत बढ़कर 6.8 लाख रुपए हो गया है, जबकि क्रेडिट कार्ड से होने वाला खर्च सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 1.8 लाख रुपए हो गया। हालांकि, डेबिट कार्ड से होने वाला खर्च पिछले वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत घटकर 35,300 करोड़ रुपए रह गया।



जून में यूपीआई-पी2एम की कुल बाजार हिस्सेदारी 74.5 प्रतिशत थी, जबकि क्रेडिट कार्ड की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार, 'लगभग दो-तिहाई यूपीआई-पी2एम लेनदेन मूल्य के हिसाब से 2,000 रुपए से अधिक के थे।' इसी अवधि के दौरान सक्रिय कार्डों की संख्या 11.12 करोड़ पर स्थिर रही। एचडीएफसी बैंक 2.13 लाख नए कार्डों के साथ सबसे आगे रहा, उसके बाद यस बैंक, फेडरल बैंक, एसबीआई कार्ड और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक का स्थान रहा।

रिपोर्ट के अनुसार, इस साल अब तक 13.1 लाख नए कार्ड जोड़े गए हैं। बाजार हिस्सेदारी के लिहाज से, एचडीएफसी बैंक ने सक्रिय कार्डों और खर्च दोनों में क्रमशः 22 प्रतिशत और 27.9 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ बढ़त बनाए रखी। जून में कुल खर्च में 63.1 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ, ई-कॉमर्स ने क्रेडिट कार्ड खर्च में अपना दबदबा बनाए रखा।

प्रति कार्ड औसत ई-कॉमर्स खर्च 10,400 रुपए प्रति माह था, जबकि फिजिकल पॉइंट-ऑफ-सेल (पीओएस) टर्मिनलों पर यह 6,100 रुपए था। इस सप्ताह की शुरुआत में, सरकार ने संसद को सूचित किया था कि पिछले छह वित्त वर्षों (वित्त वर्ष 20 से वित्त वर्ष 25) में 65,000 करोड़ से अधिक डिजिटल लेनदेन हुए हैं, जिनकी वैल्यू 12,000 लाख करोड़ रुपए से अधिक रही है।

## सोना-चांदी की कीमतों में तेजी, 700 रुपए से ज्यादा बढ़े पीली धातु के दाम

**नई दिल्ली,** 30 जुलाई (एजेंसियां)। सोना-चांदी की कीमतों में बुधवार को बढ़त दर्ज की गई। 24 कैरेट के सोने की कीमतों में 700 रुपए से ज्यादा का इजाफा हुआ। वहीं, चांदी की कीमत 1 लाख 13 हजार के पार हो गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 721 रुपए बढ़कर 99,017 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि बीते मंगलवार को 98,296 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 90,700 रुपए हो गई है, जो कि पहले 90,039 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 74,263 रुपए हो गया है, जो कि पहले 73,722 रुपए प्रति 10 ग्राम था। आईबीजेए की ओर से सोने और चांदी की कीमतों को दिन में दो बार सुबह और शाम अपडेट किया जाता है।



चांदी की कीमत बढ़कर 1,13,400 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,13,307 रुपए प्रति किलो थी। चांदी की कीमत में 93 रुपए की मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई। वायदा बाजार में सोने की कीमत में तेजी और चांदी की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 5 अगस्त 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.32 प्रतिशत बढ़कर 98,572 रुपए और चांदी के 5 सितंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.53 प्रतिशत कम होकर 1,13,154 रुपए थी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सोने की कीमत में तेजी और चांदी की कीमत में गिरावट देखी जा रही है। कॉमैक्स पर सोना करीब 0.01 प्रतिशत बढ़कर 3,324.20 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.79 प्रतिशत कम होकर 37.98 डॉलर प्रति औंस पर थी।

## भारत के 1,65े डाकघर 4 अगस्त तक हो जाएंगे डिजिटल, डिलीवरी में आएगी तेजी

**नई दिल्ली**, 30 जुलाई (एजेंसियां)। देश भर में 86,000 से ज्यादा डाकघर डिजिटल हो गए हैं और इस वर्ष 4 अगस्त तक लगभग 1,65,000 डाकघरों का पूरा नेटवर्क नए प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट हो जाएगा। यह केंद्र सरकार द्वारा भारतीय डाक को एक तकनीक-संचालित, नागरिक-केंद्रित लॉजिस्टिक्स और ई-कॉमर्स प्रदाता के रूप में पुनर्स्थापित करने के लिए शुरू की गई सुधार पहल का हिस्सा है। बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान में कहा गया है कि आईटी 2.0 फ्रेमवर्क के तहत भारतीय डाक के तकनीकी परिवर्तन का उद्देश्य रियल-टाइम ट्रैक और ट्रेस क्षमताएं, बल्क ग्राहकों के लिए अनुकूलित सेवाएं, डिलीवरी का इलेक्ट्रॉनिक प्रमाण, ओटीपी-आधारित प्रमाणीकरण, डिजिटल भुगतान और ओपन एपीआई इंटीग्रेशन शामिल करना है। उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप, विभाग ने मौजूदा डाकघरों के सेवा क्षेत्रों को कंसोलिडेट



- **सुबह और शाम की डिलीवरी के विकल्प सहित मजबूत डिलीवरी सर्विस प्रदान करने में सक्षम बनाएंगेः आधिकारी**

करने वाले डेडिकेटेड डिलीवरी सेंटर स्थापित कर सभी श्रेणियों के मेल और पार्सल के लिए केंद्रीकृत वितरण शुरू किया है। इस तरह की डिलीवरी विभाग को रविवार और छुट्टियों के दिनों में डिलीवरी के साथ-साथ सुबह और शाम की डिलीवरी के विकल्प सहित मजबूत डिलीवरी सर्विस प्रदान करने में सक्षम बनाएंगे। बयान में कहा गया है कि पहले चरण के दौरान देश भर में कुल 344 डिलीवरी केंद्र शुरू किए गए हैं। इस परिवर्तन के मुख्य स्तंभों में से एक भारतीय डाक की प्रणालियों का प्रमुख नेशनल डिजिटल कॉमर्स इकोसिस्टम के साथ इंटीग्रेशन है। अधिकारियों के अनुसार, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) वॉलेट-आधारित प्रीपेड बुकिंग, केंद्रीकृत ऑर्डर ट्रैकिंग और ओएनडीसी की लेखा प्रणालियों के साथ स्वचालित मिलान को सक्षम करेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) के साथ अपने सहयोग के माध्यम से, भारतीय डाक भुगतान ट्रैकिंग और कैश-ऑन-डिलीवरी (सीओडी) निपटान के लिए एपीआई-संचालित स्वचालित मूल्य निर्धारण और केंद्रीकृत डैशबोर्ड प्रदान करेगा।

केंद्रीय संचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने मंगलवार को डाक विभाग के मेल संचालन, पार्सल संचालन और व्यावसायिक रणनीति प्रभागों की एक उच्च-स्तरीय समीक्षा की अध्यक्षता की।

# यातायात पुलिस के वार्षिक निरीक्षण में पूछा गया सभी की खैरियत,स्वास्थ्य संबंधी दी गई समझाइश

### अधिकारियों कर्मचारियों का टोली बनाकर निरीक्षकों के द्वारा कराई गई ड्रिल एवं यातायात मैन्युअल अभ्यास

### अव्वल दर्जे का अनुशासन और उत्कृष्ट टर्न आउट वाले अधिकारी कर्मचारी के सर्विस बुक में अंकित किये जाने दिया गया इनाम

**बिलासपुर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर नियमित रूप से अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के अनुशासन, कार्यकुशलता, दक्षता, कर्तव्यनिष्ठा और टर्न आउट आदि का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश एवं हिदायत दिया जाता है साथ ही अच्छे कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईनाम और लापरवाह, कर्तव्यहीन, दायित्व के प्रति उदासीन, अकर्मण्य, अपेक्षा अनुरूप दक्ष नही होना और अनुशासनहीन अधिकारियों कर्मचारियों को निंदित की जाती है।

इसी क्रम में पुलिस परेड ग्राउंड में यातायात विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों का वार्षिक निरीक्षण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल कार्यालय के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित समस्त अधिकारियों कर्मचारियों का टोली बनाकर निरीक्षकों के द्वारा ड्रिल कराई गई एवं यातायात मैन्युअल अभ्यास सभी अधिकारियों कर्मचारियों का कराया गया। यातायात विभाग में उपयोग होने वाले समस्त वाहनों का रखरखाव, गाड़ियों में आपात स्थिति में रखे जाने वाले विभिन्न इमरजेंसी सामग्रियां, मेडिकल किट एवं वाहनों में रखे जाने वाले सुरक्षा उपकरण रस्सी, केन,



जीवन रक्षक दवाईयाँ, व्हील लॉक आदि का अवलोकन किया गया।

समस्त अधिकारियों कर्मचारियों के टर्नआउट का बारीकी से अवलोकन करते हुए अव्वल दर्जे का अनुशासन एवं उत्कृष्ट टर्न आउट धारण करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को इनाम दिया गया। साथ ही लापरवाह एवं अनुशासनहीन अधिकारियों कर्मचारियों को निंदित की गई और उन्हें हिदायत दिया गया कि अपने कार्य दक्षता में सदैव पारंगत बनने का प्रयास करें अन्यथा सेवा के अनुकूल आचरण, व्यवहार, अनुशासन एवं कार्य कुशलता का अभाव पाए जाने पर आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है। इस दौरान 25 अधिकारी कर्मचारी को बेहतर टर्न आउट के लिए इनाम दिया गया। इस दौरान यातायात के पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा शारीरिक यातायात संकेतो के प्रदर्शन कराते हुए उसका जायजा लिया गया तथा प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी को यातायात नियमों, संकेतों, निर्देशों तथा दिशा सूचक मार्गदर्शक चिन्हों का ज्ञान अनिवार्य रूप से होने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दी गई। यातायात विभाग के विभिन्न तकनीकी यंत्रों का भी भौतिक मुआयना किया गया।

उपस्थित समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को विषम परिस्थितियों के बाव जूद भी आम जनता के साथ शालीनता और विभागीय गरिमा और तहजीब के साथ पेश आने और व्यवहार करने की सिख दी गयी। नागरिकों को सरल, सुगम, सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुचारु आवागमन उपलब्ध कराए जाने हेतु सदैव अपने कर्तव्य स्थल पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करने हेतु हिदायत एवं समझाइस दी गयी।

इस दौरान उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सदैव सजग एवं सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया। प्राय: यह भी देखने में आया है कि यातायात विभाग में काम करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को कई प्रकार के शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है लंबे समय तक खड़े रहने के कारण कई कर्मचारियों के *पैरों में सृजन एवं वेरीकोज वेन* और सड़कों के धूल और अन्य कारणों से स्वांस सम्बन्धी व्याधियों भी देखने को मिलती है लंबे समय तक खड़े होने से उनके पैरों की नसों में खून का प्रवाह अवरुद्ध होने लगता है।

उपस्थित समस्त अधिकारियों कर्मचारियों का कुशल क्षेम पूछा गया एवं उनके शारीरिक मानसिक और व्यक्तिगत परेशानियों पर गभीरतापूर्वक ध्यान देते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने प्रतिवेदन वरिष्ठ कार्यालय भेजे जाने आस्वस्थ किया गया। निरीक्षण के दौरान यातायात पुलिस बिलासपुर में संचालित समस्त वाहनों के माध्यम से अत्यधिक यातायात दबाव वाले मार्गों में सायरन के साथ पेट्रोलिंग किया गया।

# मकान का सपना अब होगा साकार,127 हितग्राहियों को मिला भवन अनुज्ञा पत्र

### पीएम आवास 2.0 के तहत दी गई अनुज्ञा, प्रथम चरण में सबसे अधिक 508 मकानों की मिली है स्वीकृति

### महापौर पूजा विधानी ने दिए पत्र,कहा मोदी जरूरतमंदों के सपने को कर रहे साकार




**बिलासपुर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 बीएलसी घटक के तहत स्वीकृत प्रथम चरण के आवास में से 127 हितग्राहियों को आज भवन अनुज्ञा पत्र दिया गया। जिसके बाद अब हितग्राही अपने मकान का निर्माण शुरू कर सकेंगे। विकास भवन के दृष्टी सभाकक्ष में महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने सभी हितग्राहियों को अनुज्ञा पत्र सौंपा।

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 बीएलसी घटक के प्रथम चरण के तहत स्वीकृत पूरे राज्य में बिलासपुर के सर्वाधिक 508 आवास में से 127 आवासों के लिए नगर निगम ने आज हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा पत्र का वितरण किया। विदित है की मोर जमीन मोर मकान के तहत निर्मित होने वाले इन मकानों को चार चरण में पूरा किया जाता है,जिसमें सभी चरणों में वित्तीय सहायता दी जाती है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती विधानी ने कहा की सर पर पक्की छत,जिसमें परिवार को सुरक्षित और खुशहाल रख सकें यह सपना हर किसी का होता है।

इस सपने को अगर किसी ने साकार किया है तो वह है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने,जिन्होंने क्रांति लाते हुए हर जरूरतमंद परिवार को प्रधानमंत्री आवास की सौगात दी।

इस योजना का विस्तार करते हुए और छूटें हुए परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का आगाज किया गया है। जिसमें छ.ग.में भी सर्वे कर आवेदन मंगाए गए थे। इस योजना के बीएलसी घटक के तहत बिलासपुर नगरीय निकाय क्षेत्र में पूरे राज्य भर में सर्वाधिक 508 स्वीकृत किए गए है जिसका लाभ शहर के जरूरतमंदों को मिलेगा। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य विजय ताम्रकार भी उपस्थित रहें।

## सार-संक्षेप



### शिव के नाम पर नशा अपराध है

**बिलासपुर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। सरकण्डा स्थित श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में सावन महोत्सव श्रावण मास मे महारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ नमक चमक विधि द्वारा निरंतर किया जा रहा हैं।11 जुलाई 2025 से आरंभ सावन के अवसर पर त्रिदेव मंदिर में महारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा हैं। यह आयोजन 9 अगस्त सावन शुक्ल पूर्णिमा तक निरंतर चलेगा। इस अवसर पर नित्य प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक नमक चमक विधि से पाठ विद्वान ब्राम्हणों द्वारा किया जा रहा है।

इसी कड़ी में पीताम्बरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ. दिनेश महाराज ने कहा कि शिव के नाम पर नशा अपराध है। वर्तमान समय का एक बहुत बड़ा दुर्भाग्य यह है कि बहुत सारे लोगों द्वारा भगवान शिव के नाम पर भाँग, गांजा जैसे अनेक प्रकार का नशा किया जाता है और भोले बाबा का प्रसाद कहकर दूसरों को भी कराया जाता है।हां भगवान भोलेनाथ नशा करते थे पर भक्ति का नशा करते थे अपने प्रभु श्रीराम के नाम का नशा करते थे।भक्ति से तप ज्ञान वैराग्य की प्राप्ति होती है, महादेव तो आशुतोष भोलेनाथ हैं इसलिए भांग के पत्ते,जिन्हें पशु तक भी नहीं खाते;और धतूरे का वह फल,जिसे कोई पक्षी तक चोंच नहीं मारते उनको अर्पित करने वाले का भी कल्याण कर देते हैं।भगवान भोलेनाथ के प्रसाद के नाम से प्रचलित इस नशा की कुप्रथा का सभी शिव भक्तों द्वारा पुरजोर विरोध किया जाना चाहिए।नशा करने वाले का कभी भी कल्याण संभव ही नहीं,अब वह भले ही भोले बाबा अथवा देवी माँ के प्रसाद के नाम से ही क्यों न किया जाए।यदि तनिक भी कल्याण की चिंता हो तो शिव के नाम पर नशा नहीं अपितु शिव के नाम का नशा करो।भक्ति का नशा करो, नशे की भक्ति कदापि नहीं। वर्तमान में भगवान भोलेनाथ के नाम पर अधिक मात्रा में व्यसन नशा किया जाता है अरे भगवान शिव ने तो हलाहल विष धारण किया था तो क्या यह व्यसनी समुदाय विष पीएगा नहीं ना, तो समाज से इस व्यसन एवं व्यसनी आचरण को दूर किया जाए।

### तोमर बंधुओं के मकान तोड़ने के फैसले पर हाईकोर्ट ने अस्थाई रोक लगाई

**बिलासपुर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने



सूदखोरी के मामलों में फरार रायपुर के तोमर बंधुओं को बड़ी राहत दे दी है। न्यायमूर्ति रविंद्र अग्रवाल की सिंगल बेंच में हुई सुनवाई के दौरान तोमर बंधुओं के मकान तोड़ने के फैसले पर अस्थायी रोक लगा दी गई है। मामले में बचाव पक्ष की ओर से पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद वर्मा और वरिष्ठ अधिवक्ता सजल गुप्ता ने पैरवी की।

राजधानी रायपुर के तोमर बंधु पर आरोप है कि वे सूदखोरी के अवैध धंधे में संलिप्त हैं। प्रशासन ने उनकी चल-अचल संपत्तियों को जब्त करने और मकान को ध्वस्त करने की तैयारी की थी। इसी के खिलाफ तोमर बंधुओं ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। न्यायमूर्ति रविंद्र अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई के बाद तोमर बंधुओं के मकान तोड़ने की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। अदालत ने प्रशासन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है और अगली सुनवाई की तारीख निर्धारित की है। दोनों ही वकीलों ने कोर्ट में दलील दी कि बगैर उचित कानूनी प्रक्रिया के मकान तोड़ने की कार्रवाई अनुचित और मनमानी है। उनका तर्क था कि प्रशासन ने न्यायिक आदेशों की अनदेखी करते हुए तोमर बंधुओं के खिलाफ कदम उठाया। हाईकोर्ट ने फिलहाल राहत देते हुए मकान तोड़ने पर रोक लगाई है, लेकिन अंतिम निर्णय प्रशासनिक पक्ष की दलीलें सुनने के बाद ही लिया जाएगा। इस मामले ने सूदखोरी और प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर एक नई कानूनी बहस को जन्म दिया है। हाईकोर्ट की इस अंतरिम रोक को तोमर बंधुओं के लिए एक बड़ी कानूनी जीत माना जा रहा है, हालांकि मामला अभी अदालत में लंबित है।

# अमर के जन-चौपाल में सड़क, नाली, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, पेयजल की समस्या आया सामने

### समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश

**बिलासपुर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। नगर विधायक अमर अग्रवाल के नेतृत्व में 30 जुलाई को नगर क्षेत्र के प्रमुख स्थानों—गुजराती समाज भवन, हेमुनगर स्थित सिंधी पंचायत, संस्कार भवन सरकंडा, कान्हा भवन सरकंडा, चंद्रा विकास समिति जबड़ापारा, गायत्री मंदिर विद्यानगर एवं श्री जगन्नाथ मंदिर (उड़िया स्कूल परिसर) — में जन-चौपाल बैठकों का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

जन-चौपाल का उद्देश्य आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर स्थानीय समस्याओं को समझना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा। इन बैठकों में नागरिकों ने सड़क, नाली, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं नि:संकोच साझा कीं। विधायक अमर अग्रवाल ने प्रत्येक स्थल पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही निर्देशित कर समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। जनसंवाद की इस श्रृंखला में नागरिकों की जागरूक और उत्साहपूर्ण भागीदारी ने यह स्पष्ट किया कि जनता अब केवल अपेक्षा नहीं रखती, बल्कि विकास प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार भी बनना



चाहती है। अमर अग्रवाल ने भरोसा दिलाया कि भाजपा की सरकारें—चाहे केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो या छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार—जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता के साथ कार्य कर रही हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार के बीते 11 वर्षों के दौरान जनकल्याण के जो ऐतिहासिक कार्य हुए हैं, और छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के 1.5 वर्षों के दौरान जिस जनहितैषी शासन की नींव रखी गई है, उन सबका असर ज़मीनी स्तर पर दिख रहा है। योजनाएं केवल कागज़ों में नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव के रूप में दिखाई दे रही हैं। जन-चौपाल बैठकों में बिलासपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती पूजा विधानी, निगम सभापति विनोद सोनी, अपर आयुक्त खजांची कुमार, भाजपा पार्षदगण, मंडल पदाधिकारी, वार्ड कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने 23 राशन दुकानों को किया निलंबित

**बिलासपुर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 23 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों के संचालन पर अस्थायी रूप से निलंबन की कार्रवाई की है। यह फैसला नियमों के उल्लंघन और संचालन में अनियमितता के मद्देनज़र लिया गया है। इन दुकानों के प्रभारियों को 7 अगस्त 2025 को कारण बताओ नोटिस पर व्यक्तिगत सुनवाई के लिए बुलाया गया है।

खाद्य विभाग ने कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर जिले की 23 दुकानों का लाइसेंस निरस्त कर दिया है । कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर खाद्य शाखा ने 30 जुलाई को नोटिस भी जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार, 23 दुकानों के संचालन अनुबंध को निलंबित कर सभी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया है।



निलंबित दुकानों में सिरगिट्टी, मंगला, चिंगराजपारा, तोरवा, सकरी, राजकिशोर नगर सहित कई शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की राशन दुकानें शामिल हैं। इन दुकानों को खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम एवं निगरानी समिति ने निर्धारित मानकों के उल्लंघन का दोषी पाया है। खाद्य विभाग के सूत्रों के मुताबिक टीम के बताए गए राशन दुकानों में भारी अनियमित को दर्ज किया । जांच पड़ताल के दौरान सभी दुकानें शिकायत के अनुसार निर्धारित समय पर खुली नहीं पाई गयी ।इस दौरान यह भी पाया गया कि हितग्राहियों को दुकान संचालक समय पर खाद्य वितरण नहीं कर रहे हैं । इसके अलावा यह भी देखा गया कि दुकान संचालक न केवल उपभोक्ताओं से दुर्व्यवहार करते हैं अनाज भी कम वजन में दे रहे हैं। शिकायत और आरोपों के आधार पर संबंधित संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि यदि 7 अगस्त को होने वाली व्यक्तिगत सुनवाई में संतोषजनक जवाब नहीं दे पाये तो अनुबंध की स्थायी निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य विभाग जनहित से जुड़े वितरण तंत्र में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा । कलेक्टर ने संजय अग्रवाल ने सख्त निर्देश दिया है कि योजना से जुड़े प्रत्येक हितग्राही तक समय पर और पारदर्शी ढंग से खाद्यान्न पहुंचना हमारी जिम्मेदारी है। इसके लिए सघन निरीक्षण अभियान लगातार चलाए जा रहा है।

# प्रदेश भर के तहसीलदार,नायब तहसीलदार आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे

### 17 सूत्रीय मांगों की पूर्ति के लिए राज्य शासन की तरफ से कोई पहल नहीं नहीं हो सका है

**बिलासपुर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ द्वारा 17 जुलाई 2025 को प्रदेश शासन को 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया था। इन मांगों में राजस्व अधिकारियों को प्रशासनिक, तकनीकी एवं सुरक्षा संसाधनों की सुनिश्चित उपलब्धता, न्यायिक प्रक्रिया में संरक्षण, कार्य संतुलन एवं सेवा शर्तों में सुधार जैसे बिंदु शामिल हैं।




संघ द्वारा शासन को पर्याप्त समय एवं अवसर देने के साथ-साथ चरणबद्ध आंदोलन भी किया गया, जिसके अंतर्गत 28 जुलाई को जिला स्तर पर, 29 जुलाई को संभाग स्तर पर, तथा 30 जुलाई को राज्य स्तर पर सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने सामूहिक अवकाश लेकर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद भी शासन स्तर पर अब तक किसी भी प्रकार की वार्ता अथवा सकारात्मक पहल नहीं की गई है। परिणामस्वरूप, संघ की समस्त जिला कार्यकारिणियों के सामूहिक निर्णय अनुसार, 31 जुलाई से प्रदेश के समस्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे तथा यह हड़ताल प्रत्येक संभाग मुख्यालय में प्रदर्शन के रूप में आयोजित की जाएगी। संघ का मानना है कि यह हड़ताल केवल अधिकारों की पुन:स्थापना और प्रशासनिक गरिमा की रक्षा हेतु है। संघ शासन से पुन: अपेक्षा करता है कि वह जल्द से जल्द संवाद स्थापित कर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करे।

### श्रीमती पायल लाठ को मिली नई ज़िम्मेदारी

**बिलासपुर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। श्रीमतो पायल लाठ, समाजसेवी एवं पायल एक नया सवेरा संस्था की अध्यक्ष को



सी आर पी एफ छत्तीसगढ़ सेक्टर की सेक्टर स्तरीय आंतरिक शिकायत समिति में सदस्य के रूप में ,नियुक्त किया गया है। इससे पहले भी वे सीएसपीटीसीएल एवं बिलासपुर पुलिस के साथ इसी जिम्मेदारी में जुड़ी रही हैं, और हर बार उन्होंने अपनी काबिलियत, संवेदनशीलता और संकल्प से समाज को दिशा देने का कार्य किया है। पायल लाठ ने अपने कार्यकाल में ना केवल महिलाओं के अधिकारों के लिए कार्य किया, बल्कि समाज को यह दिखाया कि एक जागरूक महिला, बदलाव की सबसे बड़ी शक्ति होती है। उनकी कार्यशैली न सिर्फ़ प्रभावी और निर्णायक रही है, बल्कि वे हमेशा अन्य महिलाओं को जागरूक, मजबूत और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा भी देती रही हैं।

# आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने ली बिलासपुर रेंज के पुलिस अधीक्षकों की बैठक

### लंबित विवेचनाओं एवं चालान की स्थिति को दुरुस्त करने हेतु पुलिस अधीक्षक स्तर पर नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने दिये गये निर्देश

### महिला और बाल अपराध के मामलों में प्राथमिकता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु दिये गये निर्देश

### मादक पदार्थों के विरूद्ध कार्यवाही में सक्रियता बढ़ाते हुए नशे के विरुद्ध अभियान को और प्रभावी बनाने को कहा

**बिलासपुर**, 30 जुलाई (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक डॉ संजीव शुक्ला द्वारा बिलासपुर रेंज के पुलिस अधीक्षकों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में वर्ष 2023, 2024 तथा 2025 (01 जनवरी से 30 जून तक की अवधि) के अपराध आंकड़ों, विवेचना की स्थिति, लंबित अपराध की समीक्षा, महिला एवं बाल अपराध, गंभीर अपराधों में विवेचना की प्रगति, एनडीपीएस की कार्यवाही, अवैध संपत्ति जब्ती, समंस-वारंट की तामीली, शिकायतों की स्थिति एवं लघु अधिनियम व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अंतर्गत की गई कार्यवाही सहित जिले के कई महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई तथा आगामी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा राजपत्रित अधिकारियों को सभी विषयों पर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये गये।

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा इस बात पर विशेष बल दिया गया कि गंभीर किस्म के प्रकरणों में सतत विवेचना करते हुए यथाशीघ्र विधिसम्मत निराकरण किया जावे, प्रकरण लंबी अवधि तक विवेचना में लंबित न रहे। महिलाओं और बच्चों से संबंधित मामलों में तत्काल संज्ञान लेकर विधिसम्मत कार्यवाही किये जाने निर्देश दिये गये साथ ही इस बात पर विशेष बल दिया गया कि महिलाओं, बच्चों से संबंधित प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करते हुए समय-सीमा के भीतर त्वरित निराकरण किया जावे। जिले में अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों, विभागीय जाँच तथा शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जावे।



पुलिस महानिरीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि जिले में लंबित सभी गंभीर प्रकरणों- विशेषकर हत्या, हत्या का प्रयास, बलात्कार, अपहरण एवं महिला व बच्चों संबंधी अपराध, मर्ग आदि के प्रकरणों के निराकरण की ओर विशेष ध्यान दिये जाने तथा लंबित ऐसे सभी प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा की जाकर समयबद्ध निराकरण करने निर्देशित किया गया। जिले में गंभीर किस्म के प्रकरणों में जिनमें अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है तथा अनसुलझे प्रकरण जिनका निराकरण नहीं हो पाया है, ऐसे प्रकरणों में विशेष टीम गठित कर प्रकरणों का यथाशीघ्र निराकरण किये जाने निर्देशित किया गया। पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्रांतर्गत थानों के लंबित अपराधों का समयावधि में निराकरण हेतु प्रकरणवार समीक्षा प्रतिदिन स्वत: करें एवं संबंधित विवेचकों को समय-सीमा के भीतर प्रकरणों के निराकरण के संबंध में दिशा-निर्देश व मार्गदर्शन करें। गंभीर अपराधों की विवेचना में गुणवत्ता, समयबद्धता और अभियोजन समन्वय को सर्वोच्च प्राथमिकता दिये जाने पर विशेष रूप से बल दिया गया।

पुलिस महानिरीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी गश्त-पेट्रोलिंग, आदतन पूर्व सिद्धदोष तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर निगाह रखते हुए आवश्यक कार्यवाही करायी जावे। जुआ-सट्टा, अवैध शराब व अवैध मादक पदार्थों एवं नशीले पदार्थों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही कराई जावे। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर शत-प्रतिशत रोक लाने हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन चेकिंग सुनिश्चित की जावे। कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित किया जावे तथा इन पर निगाह रखते हुए विधिवत कार्यवाही सुनिश्चित की जावे।

पुलिस महानिरीक्षक ने इस बात पर विशेष बल दिया कि पुलिसकर्मी पूर्ण अनुशासन में रहें, इसे सुनिश्चित किया जावे। किसी भी अनुशासहीनता के लिए संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार त्वरित अनुशासनात्मक कार्यवाही करें ताकि बल में अनुशासन का स्तर बना रहे। नगर पुलिस अधीक्षक/पुलिस अनुविभागीय अधिकारी को और अधिक जिम्मेदार बनाते हुए उन्हें नियमित टास्क दिया जाकर कार्यवाही सुनिश्चित करावें।

**NECC**

| 30.07.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 437 | 68 | 165 |
| चिल्हर | 6.00 | 90 | 190 |
| डिलीवरी | 452 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

देशबन्धु
एजेंसी देना है
छत्तीसगढ़ प्रदेश की सर्वाधिक प्रसारित लोकप्रिय व विश्वसनीय अखबार दैनिक देशबन्धु को ब्यूरो प्रमुख हेतु अंबिकापुर में एजेंसी देना है। विज्ञापन, प्रसार व समाचार प्रेषण में रुचि रखने वाले व्यक्ति तत्काल संपर्क करें।
प्रबंधक
मो. 7000480650

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771